राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत ...

दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत रैपिड रेल को पीएम मोदी दिखाएंगे ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 293 | पटना, बुधवार, 06 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

युवाओं को बढ़ावा देने से डरती है कांग्रेस, परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र व युवा विरोधी हैं : मोदी

प्रात : किरण

संगारेड्डी (तेलंगाना)/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह युवा नेताओं को बढ़ावा देने से डरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी अब 75-80 साल से अधिक उम्र के लोगों को अध्यक्ष नियुक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां उन्हें निशाना बना रही हैं क्योंकि वह उनके हजारों करोड़ रुपये के घोटालों का पदार्फाश कर रहे हैं। मोदी ने यहां भाजपा की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कोई निजी हमला नहीं किया बल्कि परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके दोस्त अब उन्हें और उनके जनता रूपी परिवार को गाली दे रहे हैं क्योंकि वह जनता को दी गई गारंटी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, जब मैं परिवारवाद का विरोध करता हूं। क्योंकि यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है और युवाओं को नए अवसर नहीं देता है तो वे इसका जवाब नहीं देते हैं लेकिन कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले वंशवादी पार्टी नहीं थी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी ने कभी भी 50 साल से कम उम्र के किसी व्यक्ति को पदोन्नति नहीं दी। मोदी ने कहा, कांग्रेस पहले वंशवादी नहीं थी। यह 50 साल से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को बढ़ावा नहीं देती है। यदि उन्हें किसी को नियुक्त करना है तो वे किसी ऐसे व्यक्ति को नियुक्त करेंगे जो 75-80 वर्ष का हो, 85 वर्ष का हो। उन्हें डर है कि अगर 50 साल का आदमी आकर आगे बढ़ जाता है तो परिवार का क्या होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, जहां-जहां परिवार संचालित पार्टियां शासन कर रही हैं, वे राज्य बर्बाद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि वे परिवार मजबूत जरूर हुए हैं, लेकिन राज्य नहीं। उन्होंने जनता से सवाल

किया, क्या इन परिवार द्वारा संचालित राजनीति को जारी रहने दिया जाना चाहिए? उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार द्वारा संचालित ऐसी पार्टियां लोकतंत्र विरोधी, प्रतिभा विरोधी और युवा विरोधी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह वंशवादी राजनीति की बात करते हैं तो वे कहते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है।

मोदी ने सीएआरओ केन्द्र राष्ट्र को समर्पित किया: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन कॉम्प्लेक्स राष्ट्र को समर्पित किया। यह केंद्र स्वदेशी और नवीन समाधान प्रदान करने के लिए घरेलू और सहयोगी अनुसंधान के माध्यम से विमानन समूह के लिए एक वैश्विक अनुसंधान मंच प्रदान करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि नागरिक उड्डयन अनुसंधान संगठन से केंद्र के साथ आगामी दिनों में हैदराबाद और तेलंगाना को भी नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश में अपनी तरह का पहला विमानन केंद्र, जो बेगमपेट हवाई अड्डे पर खुला है, विमानन स्टार्टअप, अनुसंधान और कौशल विकास के लिए एक मंच प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सीएआरओ विमानन क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा, ह्लएविएशन सेक्टर में भारत नित दिन नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश में पिछले 10 सालों में एयरपोर्ट की संख्या दोगुनी हो चुकी है और इस क्षेत्र में लगातार रोजगार के नए साधान सृजित हो रहे हैं। ऐसे में सीएआरओ आगामी दिनों में रोजगार के नए साधन पैदा करेगा।

संक्षिप्त खबरें

गया में सेना का एयरक्राफ्ट विमान गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

गया। बिहार में गया जिले के बोधगया प्रखंड के बगदाहा गांव के बधार में आज सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान अचानक गिर गया। सूत्रों ने बताया कि गया के पहाड़पुर गांव के समीप स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से ट्रेनिंग के दौरान माइक्रो एयरक्राफ्ट विमान ने उड़ान भरी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण विमान बगदाहा गांव के गेहूं के खेत में गिर गया। विमान में एक महिला और एक पुरुष पायलट सवार थे। सूत्रों ने बताया कि ग्रामीणों ने दोनों पायलट को विमान से बाहर निकाला। इसके बाद पायलट के द्वारा इसकी सूचना ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी को दी गई। अकादमी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर विमान को वापस लेकर चले गये।

चुनाव में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं : सीईसी

कोलकाता। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान पश्चिम बंगाल में किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल के प्रशासन को सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त चुनाव कराना है। उन्होंने कहा, चुनाव में डर या धमकी के लिए कोई जगह नहीं है।

अयोग्य घोषित विधायकों ने उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में हाल के राज्यसभा चुनावों में क्रॉस वोटिंग के बाद अयोग्य घोषित किये गये छह कांग्रेस विधायकों ने अपनी अयोग्यता को मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। पूर्व विधायकों ने राज्य विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के 29 फरवरी के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की है। राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने वाले कांग्रेस के ये बागी विधायक बाद में पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए बजट पर मतदान से अनुपस्थित रहे थे।

विप चुनाव : 11 सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 11 मार्च को होगी समाप्त

सीएम नीतीश ने चौथी बार दाखिल किया नामांकन

जदयू एमएलसी खालिद अनवर व मंत्री संतोष सुमन ने भी भरा पर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य विधान परिषद में फिर से मनोनयन के लिए मंगलवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। मुख्यमंत्री ने लगातार चौथी बार विधान परिषद की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल किया है और उनका निर्विरोध चुना जाना तय है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी, जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे। मुख्यमंत्री के अलावा राज्य सरकार में शामिल मंत्री संतोष सुमन और जदयू एमएलसी खालिद अनवर ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर सुमन के पिता और पूर्व मुख्यमंत्री एवं हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी भी उपस्थित थे। दरअसल, निर्वाचन आयोग ने राज्य विधान परिषद की 11 सीटों के द्विवार्षिक चुनाव की घोषणा

बिहार विधान परिषद् के लिये विधानसभा के सचिव कक्ष में नामांकन करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

की है जिनका कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है। इनमें से चार पर जदयू का कब्जा था, हालांकि विधानसभा में उसका संख्या बल कम होने के बाद पार्टी ने दो सीटों पर अपना दावा छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री और अनवर के अलावा, जदयू के जिन लोगों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, उनमें संजय कुमार झा हैं, जो हाल ही में राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। इनमें रामेश्वर महतो भी हैं जो इस बार उम्मीदवार नहीं हैं। भाजपा ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी," ने कहा है कि हम चार सीटों पर चुनाव लड़ेंगे, एक सीट अपने सहयोगी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के लिए छोड़ेंगे। जिन सीटों पर चुनाव की घोषणा हुई है उनमें से तीन पर भाजपा के सदस्य थे। शेष सीटों में से दो पर राजद की पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में विधान परिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी और राम चंद्र पूर्वे हैं। पूर्वे उच्च सदन के उप सभापति हैं। एक सीट कांग्रेस के प्रेम चंद्र मिश्रा के पास है। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 11 मार्च को समाप्त होगी और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 14 मार्च निर्धारित की गई है। मतदान 21 मार्च को होना है।

बड़े नेता 100 किमी के भीतर 10 करेंगे सभा : सम्राट

भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

- डिप्टी सीएम ने कहा - सनातन के समर्थक किसी के विरोधी नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा कार्यालय में आज लोकसभा चुनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लोकसभा चुनाव के दौरान बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर के प्रबंधन के कार्यों की चर्चा की गई। कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज हमारे पास ऐसा चमत्कारिक नेतृत्व है जिससे चुनाव के पहले ही हम अपने विरोधियों पर बढ़त बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर नहीं है। भाजपा अपने संकल्प पत्र के जरिए लोगों से जो वादा करती है वह पूरा भी करती है। यही भाजपा का ट्रैक रिकार्ड है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने आंकड़ों के जरिए किए वादों पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा ने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 2014 मे 530 संकल्प लिया था, जिसमे से 529 संकल्पों यानी 99.99 प्रतिशत पूरा किया। भाजपा वर्ष 2019 के

चुनाव के दौरान 234 संकल्प लिए जिसमे से अभी तक 222 यानी 95 प्रतिशत संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचा दिए गए। उन्होंने सनातन विरोधियों पर सियासी निशाना साधते हुए कहा कि हम सभी सनातन के समर्थक किसी भी धर्म, समाज के विरोधी नही हैं, लेकिन जो तुष्टिकरण करेगा उसे हम छोड़ने वाले भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज तुष्टिकरण की खातिर सनातन धर्म, सनातन गुरुओं और सनातन ग्रंथों का अपमान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार पिछले 5 दिनों के अंदर 39 लाख आयुष्मान कार्ड बने। जिन लोगो को 5 किलो अनाज मिल रहा है उन्हे 5 लाख इलाज की भी गारंटी मोदी जी और नीतिश जी दे रहे है। गरीब कल्याण के 125 योजनायें चल रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी बड़े नेता 100 किलोमीटर के भीतर 10 कार्यक्रम और सभा करेंगे, जिसकी तैयारी की जा रही है। कार्यशाला के दौरान दीवार लेखन के काम को बूथ तक करने तथा 10 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाए जाने की बात कही गई। विकसित भारत के लिए भाजपा संकल्प पत्र सुझाव अभियान के तहत 15 मार्च तक मिस्ड कॉल कर या बॉक्स मे सुझाव के लिए लोगों को प्रेरित करना है। हर बूथ पर 370 नये वोटर जोडने के लिए भाजपा के कार्यकताओं को कहा गया है। इस कार्यशाला में बिहार चुनाव सह प्रभारी राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय सह संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक राजेन्द्र गुप्ता, सह संयोजक मिथिलेश तिवारी, संयोजक राजेश कुमार वर्मा और संजय गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

बिहार से महागठबंधन चौंकाने वाला देगा रिजल्ट : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया किया है। मंगलवार को 5 देशरत्न मार्ग स्थित आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में तेजस्वी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देगा। उन्होंने कहा कि एनडीए के सीट शेयरिंग से पहले बिहार में महागठबंधन सीट तय कर लेगा। उन्होंने महागठबंधन की रैली को सफल बनाने के लिए बिहार वासियों और महागठबंधन के नेताओं व कार्यकताओं के प्रति आभार जताया। उन्होनें कहा कि हम तो कलम बांटते है जबकि भाजपा तलवार बांटती है। उन्होंने भाजपा के मेरा परिवार अभियान को लेकर कहा कि किसानों के खिलाफ लाठी बरसायी जाती है क्या वे उनका परिवार नहीं है। उन्होंने कहा भाजपा बताए कि कितनी महंगाई, गरीबी पलायन को कम किया। इस दौरान तेजस्वी व राजद प्रमुख लालू यादव

के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिंदू नहीं बताए जाने वाले बयान पर सफाई दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि हम भी हिंदू हैं, घर में पूजा-पाठ करते हैं। किसी के मरने पर बाल मुंडवाते हैं। लालू जी ने सिर्फ यही तो कहा कि राम-रहीम के बंदों को लड़वाते हैं, तो बाल क्यों नही मुड़वाये थे। लेकिन इस पर इतनी राजनीति हो रही है। तेजस्वी ने कहा कि जन विश्वास रैली के दौरान बिहार के लोगों ने भरपूर प्यार, विश्वास और ताकत दिया, इसके लिए पूरे बिहार के लोगों को धन्यवाद देते हैं। केवल 10 दिनों के अंदर हम लोगों ने जन विश्वास रैली किया। खराब मौसम के बावजूद भी लाखों की तादात में लोग जुटे और एक ऐतिहासिक रैली का सफल आयोजन किया गया। आने वाले चुनाव को देखते हुए बिहार की धरती ने रैली के माध्यम से पूरे देश में संदेश दिया कि हमारा इंडी गठबंधन मजबूत है और आने वाले समय में हमलोग बिहार से चौंकाने वाला रिजल्ट देंगे।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम हो गए डाउन !

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम डाउन हो गए हैं। मेटा कंपनी के दोनों प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स को लॉगइन और फीड रिफ्रेश करने में दिक्कत आ रही है। फेसबुक पर यूजर्स के अकाउंट ऑटोमेटिक लॉगआउट हो गए हैं। हालांकि इसके बाद दोबारा लॉग-इन भी नहीं हो पा रहा है। दोबारा लॉग-इन करने पर समथिंग वेंट रॉन्ग मैसेज आ रहा है। मेटा के स्वामित्व वाले लोकप्रिय प्लेटफॉर्म फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, भारत सहित कई देशों में सोशल मीडिया अकाउंट अचानक से बंद हो गए। यूजर्स ने इसकी रिपोर्ट की है। कई यूजर्स को इंस्टेंट मैसेजिंग एप्लिकेशन वॉट्सएप के साथ भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 9 बजे से फेसबुक इंस्टाग्राम एवं मैसेंजर का सर्वर डाउन है और सभी यूजर्स को फेसबुक उसे करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक लोगों को समस्याएं आ रही थी।

सरकार अखबारी कागज पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क रद्द करे : आईएनएस

प्रात : किरण

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी ने सरकार से अखबारी कागज पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क को खत्म करने का आग्रह किया है ताकि प्रकाशक अपनी परिचालन लागत को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित कर सकें। आईएनएस ने एक बयान में कहा कि अखबारी कागज की कीमत और उपलब्धता को प्रभावित करने वाले कारकों के एक संयोजन (भूराजनीतिक अनिश्चितताएं, परिवहन, रुपये के मूल्य में कमी और सीमा शुल्क) ने देश के प्रकाशकों पर एक बड़ा बोझ डाल दिया है। संगठन ने सोमवार को यहां जारी अपने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष में वृद्धि के साथ-साथ रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष ने अखबारी कागज सहित वैश्विक आपूर्ति श्रृखला को काफी प्रभावित किया है। इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी ने सरकार से अखबारी कागज पर पांच प्रतिशत सीमा शुल्क लगाने पर तत्काल पुनर्विचार करने की अपील की। आईएनएस अध्यक्ष राकेश शर्मा ने एक बयान में कहा, यदि यह कदम वापस ले लिया जाता है, तो प्रिंट मीडिया उद्योग को बहुत जरूरी राहत मिलेगी, जिससे प्रकाशकों को अपनी परिचालन लागत को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और जनता के बीच विश्वसनीय समाचार और सूचना का निरंतर प्रसार सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया कि लाल सागर का मुद्दा, जहां मालवाहक जहाजों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, ने स्थिति को और खराब कर दिया है, जिससे अखबारी कागज सहित आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में बाधा उत्पन्न हो रही है। बयान में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप अखबारी कागज आपूर्तिकर्ता प्रकाशकों के पहले के दिये गए ऑर्डर रद्द कर रहे हैं।

विदेश मंत्री ने दक्षिण कोरियाई प्रधानमंत्री से भेंट की, द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

प्रात : किरण

सियोल/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट की तथा उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में यहां आये हैं। वह अपनी इस यात्रा के दौरान अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष चो ताई-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग (जेसीएम) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जयशंकर ने

एक्स पर पोस्ट किया, सियोल में आज दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू से भेंट कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मक भावना की प्रशंसा करता हूं तथा कल होने वाली संयुक्त आयोग की 10 वीं बैठक से पहले उनके मार्गदर्शन के महत्व को स्वीकारता हूं। जयशंकर की इस यात्रा से पहले नयी दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि जेसीएम में द्विपक्षीय सहयोग के समूचे दायरे की समग्र समीक्षा होने तथा उसे और मजबूत करने के अवसरों को खंगाले जाने की संभावना है। मंत्रालय का कहना था कि जेसीएम दोनों पक्षों को परस्पर हित के द्विपक्षीय एवं वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का मौका भी प्रदान करेगा।

pfrda

टैक्स में छूट + खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन

एनपीएस के साथ ज्यादा पाएं

सुरक्षित भविष्य के लिए निवेश करें

कौन शामिल हो सकता है?

- कोई भी भारतीय नागरिक (NRIs एवं OCIs भी शामिल) और कॉर्पोरेट कर्मचारी जिसकी आयु 18 से 70 वर्ष के बीच हो

NPS से कैसे जुड़ा जा सकता है?

- ऑनलाइन और बैंक्स/ NBFCs जैसे फ़िज़िकल मोड के ज़रिए
- NPS ट्रस्ट के ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म (*npstrust.org.in*) या फिनटेक ऐप के जरिए

मैच्योरिटी के वक़्त :

- 60 वर्ष की आयु में अथवा रिटायरमेंट के वक़्त, आप अपनी जमा की गई राशि में से 60 प्रतिशत राशि एकमुश्त आहरण या व्यवस्थित एकमुश्त प्रत्याहरण (SLW–सिस्टेमेटिक लम्पसम विथड्रावल) से किस्तों के द्वारा निकाल सकते है और शेष राशि आपकी वार्षिक रेगुलर पेंशन के लिए उपलब्ध होगी

nps national pension system #Zaruri Hai

@PFRDAOfficial NPS-National Pension System @PFRDAOfficial /company/pfrda/

अधिक जानकारी या एनरॉल करने के लिए स्कैन करें

संक्षिप्त खबरें

बच्चे के साथ विवाहिता लापता

फतुहा। मंगलवार को डेढ़ साल के बच्चे के साथ एक विवाहिता के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। इस सन्दर्भ में विवाहिता की मां ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है। दर्ज शिकायत के आधार पर बताया जाता है कि विवाहिता की मां ने उसे अपने घर सबलपुर जाने के लिए फतुहा से एक ऑटो पर बैठा दिया था। लेकिन वह सबलपुर नहीं पहुंची। विवाहिता की मां ने गांव के ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। शिकायत के आलोक में पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

ट्रेन के जनरल बोगी से अंग्रेजी शराब बरामद

दानापुर नगर के अंतर्गत। विशेष चेकिंग के दौरान दानापुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1पर खड़ी गाड़ी संख्या 12392 डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस के पिछला जनरल बोगी से दो झोला एक बैग लावारिस हालत में बरामद किया। रेल पुलिस ने उस बैग व झोला से 16पीस रॉयल चैलेंज व्हिस्की नीड ऑफिसर चॉइस 34 पीस टेट्रा पैक ब्लेंडर प्राइस 5 बोतल मोबाइल सिलेक्ट 11 बोतल टर्बो बियर 7 पीस अलग अलग ब्रांड के अंग्रेजी शराब बरामद किया। जिसमें कुल मात्रा 27,875 लीटर अंग्रेजी शराब थे। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह के लिखित ब्यान पर धारा 30 ए बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत मामल दर्ज किया गया।

जांच में कोरोना संक्रमित मरीज मिला

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के आंख विभाग में इलाज कराने पहुंचे वृद्ध की कोरोना जांच कराई गई। इसमें वह पॉजिटिव पाए गए। इस संबंध में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि नालंदा के रहने वाले करीब 66 साल के वृद्ध कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। अस्पताल से कुल 33 मरीज का नमूना का जांच किया गया था। इसमें एक व्यक्ति संक्रमित पाया गया। अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि उक्त वृद्धि मरीज को होम आइसोलेशन में रखा गया है। आरटी पीसीआर जांच में संक्रमित पाया गया है।

अभाविप ने प्रदर्शन कर बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग की

पटना सिटी (प्राकि)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की पटना साहिब इकाई के द्वारा मंगल तालाब स्थित त्रिमूर्ति चौक पर प्रदर्शन किया गया। इसमें पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई घटना के बाद वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई। प्रदर्शन में उज्जवल यादव, विक्की शाह, अजय पटेल, हरिओम दिनकर, आकाश कश्यप, विकास यादव, अमित मिश्र आदि विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्र शामिल थे।

नमामि गंगे का कार्य कर रहे कर्मी कपिलदेव को फावड़ा से मार किया घायल

पटना सिटी, नमामि गंगे परियोजना पहाड़ी जोन के तहत मिली शिकायत के आधार पर सीवर लाइन की मरम्मत कराया जा रहा था। यह मरम्मत का काम अगमकुआं थाना क्षेत्र के कुम्हरार स्थित आइओसी कॉलोनी में किया जा रहा था। काम कर रहे कपिल देव राम पिता स्वर्गीय देवेंद्र राम ने कहा कि अपराह्न करीब दो बजे इसी मोहल्ले के नंदू कुमार गाली-गलौज करते हुए रुपए की मांग करने लगा। जब नंदू ने कहा कि वह सरकारी काम कर रहे हैं और इसमें रुकावट नहीं डाला जाए। इसके बाद पास में रखा लोहे का फावड़ा, जिससे मिट्टी खोदा जाता है, को लेकर उसके सिर और हाथ पर प्रहार कर दिया गया। इससे उसका सिर और हाथ कट गया। खून बहने के कारण और चोट लगने से वह वहीं गिर गया। इसके बाद वहां साथ में रहे मजदूर ने किसी तरीके से उसे उठाकर बाहर लाया और निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। नंदू कुमार के द्वारा इस संबंध में अगमकुआं थाना में लिखित आवेदन दिया गया है। इसमें कहा गया है कि आइओसी कॉलोनी के रहने वाले इंद्रदेव प्रसाद की शिकायत को दूर करने के लिए उनके द्वारा सीवर लाइन मरमती का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान नंदू ने उसे जान मारने की नीयत से वहां पर रखे फावड़ा से हमला कर दिया। उस पर उचित कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह थाना प्रभारी से किया गया है।

एम्स में गरीब मरीजों के परिजन के लिए डे नाइट शेल्टर का राज्यसभा सांसद ने किया शिलान्यास

राज्य के दूर-दराज के इलाकों से आने वाले लोगों को मिलेगी राहत : डॉ गोपाल कृष्णा पॉल

प्रात :किरण संवाददाता

पटनाः एम्स पटना में हर दिन हजारों की संख्या में मरीज इलाज करवाने आते है. ऐसे में बाहर से आए मरीजों और उनके परिजनों के रहने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने सात करोड़ पचास लाख की लागत से रैन बसेरा का मंगलवार को शिलान्यास किया। राज्यसभा सांसद सुशील मोदी ने एम्स में गरीब मरीजों के परिजन के लिए डे नाइट शेल्टर का रिबन काटकर शिलान्यास किया। इस मौके पर दीघा विधायक संजीव चौरसिया व संस्थान के सीईओ डॉ गोपाल कृष्णा पॉल के साथ एम्स के कई डॉक्टर मौजूद रहें। पटना एम्स के कार्यकारी निदेशक जी.के.पाल ने सुशील कुमार मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिहार के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपचार का लाभ उठाने के लिए महानगरों का रुख न करना पड़े।

इस सेवा के जुड़ने से बिहार में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और पड़ोसी राज्यों के लोगों को भी काफी फायदा होगा, जिससे रोगी देखभाल में एक नए युग का सूत्रपात होगा। प्रो.जी.के.पाल एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक ने सुशील कुमार मोदी, संसद सदस्य, राज्यसभा के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस परियोजना के लिए सात करोड़ रुपये की राशि प्रदान की। डॉ.पाल ने कहा कि एम्स पटना को इस परियोजना को पूरा करने में केवल 6 से 8 महीने लगेंगे, जो ग्रामीण लोगों के लिए समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा लाने के प्रयास में एक और मील का पत्थर है। डे-नाइट शेल्टर में एक कैफेटेरिया भी होगा और मरीजों और उनके परिचारकों के लिए रियायती भोजन की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि डे-नाइट शेल्टर का निर्माण पूरा हो जाने पर राज्य के दूर-दराज के इलाकों से आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी. उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बिहार के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपचार का लाभ उठाने के लिए महानगरों का रुख न करना पड़े। इस अवसर पर एम्स पटना के सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

तार का पेड़ वंदे भारत ट्रेन पर गिरने से लगी आग

घटना अगमकुआं आरओबी व महात्मा सेतु के बीच, डाउन में सुबह परिचालन शुरू

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हावड़ा से चल कर पटना को जा रही 22347 वंदे भारत ट्रेन पर ताड़ का पेड़ गिर जाने से ट्रेन के पेंटो टूट गया। इससे आवाज के साथ आग की लपट देखी गई। हालांकि जल्द ही यह बुझ गया। फिर धुआं देने लगा। सभी कोच में अंधेरा छा गया और दरवाजा अपने आप खुल गया। डरे,-सहमे यात्री आनन-फानन में सामान के साथ ट्रेन से उतर गए। यह वाकया पटना साहिब स्टेशन से इस ट्रेन के खुलने के बाद गुलजारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन से गुजरने के बाद अगमकुआं ओवरब्रिज और महात्मा गांधी सेतु के बीच अप लाइन में देर रात करीब 12.30 में हुई। इससे अप लाइन में करीब चार घंटे तक परिचालन बाधित रहा। दरअसल यह ट्रेन देर से आ रही थी। इस दौरान रात करीब 12.30 बजे डाउन लाइन की ओर रहे ताड़ का पेड़ अचानक से गिर गया। इससे रेलवे का तार टूट गया। तेज आवाज के साथ चिंगारी निकली और आग लग गई। ट्रेन के पेंटो से भी बिजली की आपूर्ति थम गई। यह तो संयोग रहा कि ट्रेन चल रहा चालक ने तत्काल ब्रेक लगा लिया, वर्ना बड़ा हादसा हो सकता था। इस दौरान उक्त ट्रेन की सभी कोच की लाइट बंद हो गई और दरवाजा भी अपने आप खुल गया। ट्रेन से पहले आग की लपट के बाद निकल रहे धुएं को देखकर यात्री उतरने को मजबूर हो गए। इसके बाद आनन-फानन में दानापुर कंट्रोल को सूचना दिए जाने के बाद उधर से राहत ट्रेन पूरे इक्विपमेंट के साथ पहुंची। करीब चार घंटे तक अब और डाउन लाइन बाधित रहा। करीब चार घंटे के बाद अप में हावड़ा-पटना बंदे भारत को पटना के लिए प्रस्थान कराया गया। वहीं ऐहतियात के तौर पर गुलजारबाग जीआरपी की थाना प्रभारी प्रेमलता सिंह भी पदाधिकारी और बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। इस दौरान पटना सिटी फायर स्टेशन को सूचना दिए जाने के बाद दमकल की गाड़ी भी पहुंच गई। तब तक आग बुझ चुका था और यात्रियों को किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस दौरान रेलवे का लाइन भी कटवा दिया गया। एहतियात बरतते हुए रेल प्रशासन ने डाउन लाइन में रेल का परिचालन बाधित रखा। सुबह करीब 5.45 बजे इसे चालू किया गया। तब पहली ट्रेन पटना-मोकामा सवारी गाड़ी को प्रस्थान कराया गया। हालांकि इस संबंध में पूछे जाने पर गुलजारबाग स्टेशन से जुड़े स्टेशन मास्टर, एएसएम आदि कुछ भी बोलने को तैयार नहीं थे।

छात्रों को ससमय पढ़ाई के साथ विद्यालय की कार्य संस्कृति सुधारना प्राथमिकता : प्राचार्य राजीव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

यहां का प्राचीन स्कूल मारवाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय को आखिरकार स्थायी प्राचार्य मिल गया। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा 507 नियमित सहायक शिक्षकों को प्रोन्नति दे प्रधानाध्यापक बनाया गया है। इसी कड़ी में मारवाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय में बतौर प्राचार्य राजीव रंजन ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। उन्होनें कहा कि उनकी प्राथमिकता होगी समय से छात्रों की पढ़ाई और विद्यालय की कार्य- संस्कृति में व्यापक सुधार। यह विद्यालय शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय है। इसकी पूर्व की गरिमा को बनाए रखना उनकी महती जिम्मेवारी है। स्वर्ण युग में विद्यालय को ले जाने में स्थानीय नागरिक और अभिभावकों का निष्ठापूर्ण सहयोग अपेक्षित है। साथ ही उन्होंने कहा कि शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षकेतर कर्मचारियों, परिचारिकाओं को वे उचित सम्मान देंगे, वह सब विद्यालय के प्रमुख अंग हैं। बशर्ते वह सब निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या मेहरून निसा इमाम ने विद्यालय का प्रभार देते हुए कहा कि उसे आपसे पूरी उम्मीद है कि इस विद्यालय की गरिमा को बनाए रखने में कोई कसर आप नहीं छोड़ेंगे कमेरी शुभकामनाएं हैं। सादे समारोह में नवपदस्थापित प्राचार्य का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र कुमार पाल, नेक आलम, दुधेश्वर प्रसाद गुप्ता व डॉ शीला कुमारी ने उन्हें पुष्पगुच्छ और शाल देकर सम्मानित किया। छात्रों ने स्वागत गान गाकर प्राचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार मौजूद रहा।। यह जानकारी शिक्षक प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी अनिल कुमार उर्फ रश्मि ने दी। धन्यवाद ज्ञापन राकेश रंजन ने किया।

लोकमंच के निवेदन पर रेलमंत्री ने दिया वैशाली को सौगात

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : भारतीय लोकमंच पार्टी की बैठक जब वैशाली जिला में पूर्व में 22/मई/2022 को वैशाली प्रखंड के खेदरपुरा में हुई थी तो वहाँ के निवासियों ने लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद से एक स्वर में कहा था की सोनपुर जंक्शन से हाजीपुर जंक्शन होते हुए वैशाली स्टेशन के लिए मात्र ही एक ट्रेन है और वह भी हाजीपुर से सही समय पर है लेकिन वैशाली से उसकी समय सही नही है। जब की वैशाली से हाजीपुर और सोनपुर नियमित आने और जाने वाले लोगो की संख्या बढ़ गई एंव काम करने वाले लोग हर दिन वैशाली से हाजीपुर,सोनपुर जाते और आते है लेकिन एक ही ट्रेन की सुविधा रहने के कारण काफी दिक्कत हो रही है। जनता की समस्या सुनने के बाद लोकमंच के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने देश के रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख कर दिनांक 27/जुलाई/2022 को वैशाली प्रखंड के जनता की रेल से जुरू सारी समस्या से अवगत करवाये थे और लोकमंच के तरफ से मांग किये थे कि उस रूट में एक और ट्रेन दिया जाये और लोकल ट्रेन की समय एक सुबह में और दूसरा संध्या बेला में दिया जाये। जिससे जनता को वैशाली से हाजीपुर और सोनपुर जंक्शन तक काम करने वाले के लिए आना और जान आसान हो जाये तो भारत के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव उसके बाद 02/मार्च/2024 से सोनपुर,हाजीपुर जंक्शन होते हुऐ और वैशाली प्रखंड के लिए एक नई ट्रेन का परिचालन सोनपुर-वैशाली-सोनपुर डेमू पैसेंजर शुरू करवाये तो लोकमंच के तरफ से राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने पत्र लिखकर रेलमंत्री को और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस नेक और महान कार्य के लिए लोकमंच परिवार के तरफ से धन्यवाद व आभार दिया। उन्होंने कहा की माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में विकास की धारा प्रवाहित हो रही है लेकिन माननीय प्रधानमंत्री के नाम पर चुनाव जीतने वाले कुछ सांसद सही से केंद्र की योजना को जनता तक पहुँचाने में सक्षम ही नही है। लोकमंच जनता की सारी समस्या का एक एक कर निदान करेगी और केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से छात्र,छात्राओं,युवाओ,बड़े बुजुर्गों और महिलाओं को अवगत करवायेगी ताकि सरकारी योजनों का लाभ जनता को आसानी से मिलता रहें। लोकमंच का लक्ष्य है की विकास को हर घर पहुँचना और बिहार को समृद्ध प्रदेश बना।

पालीगंज में निकाला गया भव्य शोभा यात्रा

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक महारुद्र यज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जानकारी के अनुसार पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव स्थित शिवमंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठात्मक महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसको लेकर मंगलवार को मन्दिर परिसर से श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामनारायण दास उर्फ खड़ेश्वरी बाबा के सानिध्य में एक शोभा यात्रा निकाला गया। जिसमें एक हजार श्रद्धालुओ ने भाग लिया। इस दौरान सभी श्रद्धालुओ ने बाजे गाजे के साथ माथे पर कलश धारण कर पालीगंज बाजार की मुख्य सड़कों से होते हुए कई गांवों से होते हुए नौ किलोमीटर दूर मठिया गांव स्थित पुनपुन नदी घाट पहुंचा। जहां सभी श्रद्धालुओ ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ बिधिवत रूप से जलभरी किया। जहां से सभी श्रद्धालुओ ने पुनः उसी रास्ते अख्तियारपुर गांव के मंदिर परिसर में स्थित यज्ञ स्थल पर लौट आए। जहां बिधिवत रूप से यज्ञ की शुरूआत की गई। इस सम्बंध में यज्ञ समिति के कार्यकर्ता अभय कुमार ने बताया कि इस यज्ञ का शुभारम्भ 5 मार्च को किया गया है जिसका समापन 10 मार्च को होगी। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन सन्ध्या 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक सहार से आई मानस प्रिया सुमित्रा देवी के द्वारा प्रवचन की जाएगी।

फतुहा के लाल ने किया कमाल, कान के पर्दे की मरम्मत की तकनीक खोजी

इस तकनीक से बधिर मरीजों की सुनने की क्षमता बढ़ाई जा सकती है

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। स्थानीय गोविंदपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र डॉ. शिवेश आनंद ने कान के पर्दे की मरम्मत की नई तकनीक का इजाद कर पूरे देश में अपना परचम लहराया है। झारखंड बोकारो डीपीएस के पूर्ववर्ती छात्र शिवेश ने अध्ययन के दौरान नैनो टेक्नोलॉजी के चिकित्सा क्षेत्र में दावा किया है कि बायोमीट्रिक संरचनाओं का उपयोग कर ईयरड्रम की मरम्मती सम्भव है जिससे बधिर मरीजों की सुनने की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। डीपीएस बोकारो से पास आउट शिवेश ने बिट्स पिलानी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक और रसायन शास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की। नैनो-इंजीनियर्ड प्रत्यारोपण पर पीएचडी कर रहे शिवेश ने बताया कि जब किसी के कान का पर्दा किसी चोट से प्रभावित होता है तो सुनने की क्षमता प्रभावित हो जाती है। अमूमन कान के पर्दे की मरम्मती में शरीर के एक हिस्से के ऊत्तक को निकाल कर कान के पर्दे में प्रत्यारोपित किया जाता है। लेकिन इस तकनीक में आने वाली समस्याओं के कारण मरीज की सुनने की क्षमता पूरी तरह से ठीक नहीं होती। इसलिए नैनोटेक्नोलॉजी और थ्रीडी प्रिंटिंग द्वारा नैनो स्तर पर तकनीकों का उपयोग कर आर्टिफिशियल ईयरड्रम विकसित किया गया है ताकि सुनने की क्षमता को सुधारा जा सके। शिवेश का दावा है कि बायोमटेरियल, थ्रीडी प्रिंटिंग और इलेक्ट्रोस्पिनिंग जैसी फैब्रिकेशन तकनीकों की मदद से आर्टिफिशियल ईयरड्रम बनाकर सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। इनकी माता सुनीता कुमार गृहिणी हैं। पिता बीएसएल के अवकाश प्राप्त अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शिवेश 2016 में यूएसए बोस्टन गए। इसके बाद सिंगापुर और बार्सिलोना (स्पेन) में काम करते हुए नीदरलैंड से पीएचडी पूरी की जहां उनका शोध छिद्रित कान के पर्दे के इलाज पर केंद्रित था। फिलहाल आरहस विश्वविद्यालय, डेनमार्क में पोस्टडॉक्टोरल शोधकर्ता के रूप में अपना शैक्षणिक जीवन जारी रख रहे हैं।

जलपाईगुड़ी-पटना बंदे भारत का हुआ ट्रायल, पटना साहिब में ठहराव

प्रात :किरण संवाददाता

यू जलपाईगुड़ी और पटना जंक्शन के बीच बंदे भारत ट्रेन का मंगलवार को ट्रायल रन किया गया। यह ट्रेन पटना साहिब स्टेशन पर करीब 12.50 पर पहुंची और दो मिनट का ठहराव लेने के बाद पटना जंक्शन को प्रस्थान कर गई। यही ट्रेन डाउन में करीब 2.24 में पहुंची और दो मिनट का ठहराव लेने के बाद आगे को प्रस्थान कर गई। इस ट्रेन के ठहराव लेने के दौरान यहां के स्टेशन मास्टर उपेंद्र प्रसाद, स्थानीय जीआरपी के प्रभारी शिवजी सिंह आदि प्लेटफार्म पर सक्रिय दिखे। पटना और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच इस बंदे भारत ट्रेन के परिचालन से लोगों में खासा खुशी है। खासकर सिखों एवं अन्य धार्मिक स्थलों से जुड़े श्रद्धालु, कारोबारी, उद्यमी भी खुश हैं कि उन सबों को पटना से खासकर पटना साहिब से न्यू जलपाईगुड़ी जाना और उधर से लौटने के लिए एक बेहतर ट्रेन मिली है और इसके लिए उन सबों को ट्रेन में सवार होने और उतरने के लिए पटना साहिब में ठहराव मिलना स्वागत योग्य कदम है। विदित हो कि पटना से हावड़ा के बीच चलने वाली बंदे भारत ट्रेन का ठहराव भी पटना साहिब में है।

पालीगंज में सरकारी आदेश का नही की जा रही पालन

आयुष्मान कार्ड निर्माण के दौरान भारी अनियमितताएं

प्रात :किरण संवाददाता

पालीगंज/ एक ओर सरकार गरीबो की भलाई के लिए तरह तरह की योजनाएं चला रही है तो दूसरी ओर योजनाओं से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों की लचर ब्यवस्था के कारण उन योजनाओं का लाभ लेने से गरीब बंचित नजर आ रहे है। उन गरीबो की परेशानी तब अधिक बढ़ जाती है जब उनसे लाभ लेने के पूर्व अधिक पैसे की मांग की जाती है। ऐसी ही कुछ समस्याएं पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में देखने को मिल रही है। जैसा कि सरकार सभी राशनकार्ड धारियों को आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य कार्ड निर्माण कराने के उद्देश्य से सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों पर 2 मार्च से 12 मार्च तक शिविर लगाने की आदेश दी थी। उस कार्डधारियों का गम्भीर बीमारियों के इलाज में सरकार की ओर से पांच लाख तक कि बीमा तय की गई है। लेकिन हालात यह है कि तीन दिनों बीत जाने के बावजूद भी अधिकृत कार्ड निमार्ता 75 प्रतिशत पीडीएस दुकानों पर नही पहुंच रहे है। जिससे गरीबो के बीच मायूसी छाया हुआ है। वही राशन कार्डधारियों ने बताया कि एक एक राशन कार्डधारियों के परिवार में सदस्यों की संख्या 2 से लेकर 10 तक है। सरकारी आदेश के बाद ऐसा लग था कि पीडीएस दुकानों पर कम खर्च में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य कार्ड का निर्माण हो जाएगी। लेकिन हालात यह है कि अधिकांश पीडीएस दुकानों पर अधिकृत कार्ड निमार्ता नही पहुंच रहे है। वही अधिकृत निमार्ताओ द्वारा अपने निजी संस्थानों में प्रति ब्यक्ति 50 रुपये ऑन लाइन करने तथा कार्ड निकासी के नाम पर अलग से राशि की मांग किया जा रहा है। समझा जा सकता है कि जिन गरीबो के एक ही घर के कई सदस्य है उनके ऊपर क्या बीत रहा होगा? वही अधिकृत कार्ड निमार्ताओ का कहना है कि सरकार की ओर से प्रति कार्ड निर्माण के लिए 5 रुपये निर्धारित किया गया है जो काफी कम है। पूरे दिन कार्य करने के बाद मेहनताना भी पूरी नही हो पाती है।

शिक्षा के मंदिर को बचाने को विभागीय मंत्री का पुतला दहन किया

खतियान में गैरमजरुआ आम जमीन के नेचर में बदलाव सरकार भी नहीं कर सकती, तब निजी कैसे हुआ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शिक्षा के मंदिर को शिक्षा विभाग के द्वारा स्कूल भवन को खाली व ध्वस्त कर निजी हाथों में सौंपने के तुगलकी फरमान के खिलाफ बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया। विद्यालय अस्पताल गैरमजरुआ आम भूखंड बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अनय मेहता के नेतृत्व में राजकीय मध्य विद्यालय, कसबा करीमाबाद से नागरिक जुलूस के रूप में पुतला और मांगों का पोस्टर लेकर नारा लगाते हुए उदरहवांपुर, मुतुजीर्गंज, प्रतापपुर, हजारी मुहल्ला, लोहा का पुल होते हुए नून का चौराहा सुदर्शन पथ पहुंचा। यहां पुतला में आग लगा कर सभा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जिस जमीन पर स्कूल निर्मित है, वह कैडेस्टल सर्वे खतियान में मौजा रानीपुर, खाता नंबर 627, खेसरा नंबर 1998, थाना नंबर 19 गैरमजरुआ आम है। सरकार द्वारा 2008 में स्कूल निर्माण कराया गया और अब सरकार द्वारा 2024 में इसे खाली करा तोड़ने पर अमादा है। आम नागरिको में सरकार के खिलाफ जन आक्रोश है। खतियान में गैरमजरुआ आम जमीन का नेचर का बदलाव सरकार भी नहीं कर सकती। यह निजी कैसे हो गया। कहीं न कहीं इस खेल में सरकार, प्रशासन और भू-माफिया की सांठगांठ है। नहीं तो सरकार और शिक्षा विभाग उच्च न्यायालय में मामला दायर कर स्कूल बचाने और दोषियों पर कार्रवाई कर सकती थी। कार्यक्रम में शंभूनाथ मेहता, राखी मेहता, राजेश सिंह कुशवाह, सुधांशु नारायण, मुजफ्फर आलम, महेश चंद्रवंशी, रामनारायण सिंह, ललन यादव, आत्माराम, सुरेश प्रसाद, चन्द्रभूषण शर्मा, सुबोध कुमार, देवेन्द्र सिंह, अनिल मेहता, रघु यादव, सूरज कुमार, भूषण यादव, शंकर सिंह, श्रवण सिन्हा, उमा यादव, रघु प्रसाद, मिथिलेश सिंह, रामबाबू प्रसाद, बजरंगी प्रसाद, भीम जायसवाल, सुजीत पासवान, रामदेव पंडित आदि ने भाग लिया। इन सबों ने मांग किया कि स्कूल हटाने, ध्वस्त करने के फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में मामला दायर किया जाए, वर्तमान स्कूल में ही स्थायी तौर पर विद्यालय को जारी रखा जाए, गैरमजरुआ भूमि प्लॉट संख्या 1998 कैसे बिका? सरकार व प्रशासन जवाब ।

स्कूल-कॉलेज में गठित जूनियर रेडक्रॉस को एसडीओ ने प्रमाणपत्र दिया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, पटना सिटी द्वारा यहां के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में जूनियर रेडक्रॉस इकाई और यूथ रेडक्रॉस इकाई का गठन किया गया हैं। इन सबों को सिटी एसडीओ सह उपाध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी गुंजन सिंह के द्वारा कार्यालय कक्ष में उनके द्वारा सदस्यता प्रमाणपत्र दिया गया। इस अवसर पर चेयरमैन गोविंद कानोडिया, सचिव तारा झुनझुनवाला, सदस्य आकाश ड्रोलिया, राष्ट्रीय ट्रेनर डॉ श्रवण कुमार सिंह, अभिषेक पैट्रिक आदि उपस्थित थे। स्कूल और कॉलेजों में सौ-सौ छात्र-छात्राओं को आकस्मिक आपदाओं एवं प्राथमिक उपचार की ट्रेनिंग भी दी गई है। इससे भविष्य में कोई दुर्घटना होने पर यह सब स्वयं आगे बढ़ कर राहत कार्य करने के साथ-साथ लोगों को भी प्रशिक्षित करेंगे। जिन कॉलेज और स्कूलों में गठन किया गया, उसमें मुख्य रूप से रामेश्वर दास पन्नालाल महिला महाविद्यालय से प्रो सीमा अरोड़ा, इंटरनेशनल स्कूल से अमरेन्द्र कुमार ठाकुर, जीजस एंड मेरी एकेडमी से उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक, लिटिल फ्लावर से संजू सर, होली विजन इंटरनेशनल, सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल, किसलय इंटरनेशनल मुख्य हैं। जूनियर रेडक्रॉस और यूथ रेडक्रॉस इकाई की संयोजक सरोज जायसवाल हैं।

वार्डों में बनाया जा रहा कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नगर निगम के वार्ड नंबर 60 के वार्ड कार्यालय में बड़ी संख्या में राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निगम पार्षद शोभा देवी तथा संचालन पूर्व पार्षद बलराम चौधरी ने किया। वार्ड पार्षद ने कहा कि वार्ड के सभी गरीब जनता के राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत मिलने वाले वृद्धा, लक्ष्मी बाई, दिव्यांग को मिलने वाले पेंशन को जीवित प्रमाण पत्र कराया जा रहा है। आप सभी लोग यह बनवाने का काम करें। पूर्व पार्षद ने कहा कि गरीब को आयुष्मान कार्ड बनने से पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में कराया जाएगा। इससे गरीबों को काफी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर मोहम्मद जावेद, सुबोध कुमार, रमेश कुमार, धर्मवीर पासवान, शशि कुमार, दीना ठाकुर, सोहन कुमार, रिंकू कुमार, आशीष कुमार आदि मौजूद थे।

आपकी आकांक्षाओं को जानने भाजपा पहुंच रही आपके द्वार : सम्राट

प्रदेश अध्यक्ष ने विकसित भारत संकल्प रथ को भाजपा धवज दिखाकर किया रवाना

● कहा-आपके दिए गए सुझाव बनेंगे भाजपा संकल्प पत्र का हिस्सा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा प्रदेश कार्यालय से मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र के लिए विकसित भारत रथ को पार्टी ध्वज दिखाकर रवाना किया। यह रथ बिहार के सभी 40 लोकसभा क्षेत्रों मे पहुंचेगी और पार्टी के संकल्प पत्र को लेकर लोगों से सुझाव पत्र लेगी। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष ने बिहार के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस रथ के साथ सुझाव देने के लिए सुझाव पेटियां भी भेजी जा रही हैं। उन्होंने लोगों से इस अभियान में भरपूर सहभागिता करने का आह्वान करते हुए कहा कि आपकी आकांक्षाओं को मोदी सरकार अगले कार्यकाल में पूर्ण करेगी। उन्होंने कहा कि जन-जन के सुझावों को मोदी सरकार के लिए आगामी चुनावी घोषणापत्र में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा जो कहती वह करती है। उन्होंने कहा कि आपके दिये गये सुझाव 2024-29 के लिए मोदी सरकार का संकल्प बनेगी। मोदी जी ने 2014 और 2019 के संकल्प पत्र में लिए गए संकल्पों को सिद्धि तक पहुंचाया है। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सुझाव पत्र के माध्यम से सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी अपना सुझाव भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि रथ मे रखें सुझाव पेटी मे अपने सुझाव पत्र डाल कर या 9090902024 पर मिस्ड कॉल दे कर 2047 कर सुझाव दे सकते हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री सह विधायक नीतीश मिश्रा, नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह, प्रदेश महामन्त्री श्री मिथिलेश तिवारी,श्री राजेश वर्मा, प्रदेश मंत्री संजय गप्ता,प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता राठौर, प्रदेश मंत्री गुरुप्रकाश पासवान सहित कई लोग उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने लोस चुनाव प्रबंधन समिति कार्यालय का किया उद्घाटन

पटना। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया। इसी कार्यालय से लोकसभा चुनाव के सारे कार्यो के समन्वय किया जाएगा। बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक के कार्यों में समन्वय स्थापित करने में इस कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उपस्थित कार्यकताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि एनडीए बिहार की सभी 40 की 40 सीटें जीतेगी, इसमें कोई किन्तु, परंतु की गुंजाइश नही है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी पर बिहार की सभी सीट हम जीत कर मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर बिहार के चुनाव सह-प्रभारी और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, समिति के संयोजक प्रो राजेंद्र गुप्ता, सह-संयोजक मिथिलेश तिवारी, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष आशुतोष शंकर सिंह, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सह विधायक लखींद्र पासवान, मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 महीने में कई ऐतिहासिक काम हुए : तेजस्वी

● नेता प्रतिपक्ष ने पूछा-कैबिनेट विस्तार में क्यों हो रही देरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कैबिनेट विस्तार में हो रही देरी को लेकर नीतीश सरकार पर सवाल उठाया है। मंगलवार को देशरत्न मार्ग पर आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि केबिनेट एक्सपेंशन क्यों नहीं हो रहा है? क्या वजह है कि सरकार बनने के इतने दिनों के बाद भी अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ और ना इस दिशा में कोई पहल होता हुआ दिख रहा है ? आखिर इसमें मामला क्या है? हालांकि यह सरकार में बैठे लोगों की जवाब देही है। लेकिन, हमारा कहना है कि एनडीए की सरकार सिर्फ हम लोगों को गाली देने के लिए बनी है क्या। कोई भी अहम निर्णय यह सरकार नहीं ले पा रही है। जिस हिसाब से हम लोगों ने 17 महीने में निर्णय लिया, कई ऐतिहासिक काम हुए। मौजूदा सरकार में बैठे लोगों का इंटरेस्ट जनता के कान के प्रति नहीं है केवल लालू यादव और उनके लोगों को बदनाम करना है। तेजस्वी यादव आरजेडी और कांग्रेस के विधायकों के पाला बदलने पर भी बोले। उन्हों कहा कि हम लोगों ने इस मामले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के सामने अपनी बात रख दी है और उनसे जल्द निर्णय लेने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इसको लेकर कानून है और हमारे पास विकल्प खुला हुआ है। बीजेपी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे मोदी का परिवार कैंपेन को लेकर कविता के जरिए तीखा तंज किया है। तेजस्वी ने कहा कि 80 करोड़ गरीबी से करते हैं हाहाकार,100 करोड़ बेरोजगार, 120 करोड़ महंगाई से लाचार, दुखी सब परिवार फिर भी कहते हैं सब उनके परिवार तेजस्वी ने कहा कि मुद्दे की बात होनी चाहिए। पिछली बार चौकीदार हो गए थे और अब परिवार हो गए हैं। इससे काम नहीं चलने वाला है, आपको बताना होगा कि आपने कितने लोगों को नौकरी और रोजगार दिया है। आपने कितने कारखाने खोले, आपने महंगाई कम किया या नहीं किया, आपने पलायन रोका या नहीं रोका, आपने बिहार के लिए क्या दिया, देश से कितनी गरीबी हटाने का काम केंद्र सरकार ने किया, उनको इन मुद्दों पर लोगों से बात करनी चाहिए। किसानों पर लाठियां बरसाई जा रही हैं क्या वे उनके परिवार नहीं है। अपने परिवार के लोगों के साथ कोई स तरह का काम करता है क्या? किसानों से मिलने के लिए उनके पास समय नहीं है। क्यों नहीं मिल रहे हैं किसानों से, क्या सिर्फ कहने के लिए किसान उनके परिवार हैं। प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में बहुत बड़ा फर्क है। सिर्फ मोदी का परिवार कह देने भर से क्या सभी समस्याएं खत्म

बिहार को विकास के प्रकाश में लाने वाले नायक हैं नीतीश कुमार: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामों की प्रशंसा करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि नीतीश कुमार उन गिने-चुने राजनेताओं में से एक हैं जिनका नाम और काम दोनों की गूंज पूरे देश में है। वंशवाद के जहर से बीमारू बने बिहार को देश का सबसे तेज विकास करने वाला राज्य बनाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने कहा कि नीतीश से पहले लालू परिवार ने बिहार का कबाड़ा किया हुआ था। उनके कुशासन के कारण ज्ञान और तप की भूमि कहे जाने वाला बिहार अपराधियों का गढ़ बन गया था। भ्रष्टाचार यहां शिष्टाचार माने जाने लगा था और अपहरण, रंगदारी यहां के उद्योग थे। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश से पहले जनता में खौफ का ऐसा माहौल था कि लोग शाम ढले घरों में बंद हो जाते थे। राज्य में न तो सडकें थीं, न ही बिजली या पानी। सड़क का अलकतरा तक चोरी हो जाता था। कोर्ट ने भी राज्य में जंगलराज होने की टिप्पणी कर दी थी। लेकिन नीतीश के सत्ता में आते ही रंगदार और अपराधी दुम दबा कर भाग खड़े हुए। नरसंहारों पर ब्रेक लग गया और नीतीश जंगलराज के अंधकार से बिहार को विकास के प्रकाश में लाने वाले नायक बनें। उन्होंने कहा कि नीतीश के सत्ता में आने के बाद विकास के जैसे काम हुए वह अपने आप में एक मिसाल है। राज्य के कोने कोने तक सड़कों का जाल बिछ गया। एक भयमुक्त वातावरण का निर्माण हुआ। आज राज्य में युवाओं को रोजगार, बीमारों को उपचार और महिलाओं को उनका अधिकार मिल रहा है। आम बिहारवासियों के जीवनस्तर में सुधार हुआ है, राज्य की प्रति व्यक्ति आय लगातार बढ रही है वहीं गरीबी निरंतर घट रही है।

लोजपा रा का लोस चुनाव अभियान की बैठक कल

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का लोकसभा चुनाव अभियान की समीक्षात्मक बैठक कल 7 मार्च को पटना के दरोगा राय पथ स्थित श्री कृष्ण चेतना परिषद में आयोजित होगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने पत्रकारों को बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी सभी लोकसभा प्रभारी सभी जिला अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष सभी जिला प्रभारी और सभी जिला सह प्रभारी उक्त बैठक में शामिल होंगे और आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीतियों पर विस्तार पूर्वक गहन समीक्षा की जाएगी । डॉ भट्ट ने बताया कि उक्त बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रधान महासचिव संजय पासवान संगठन मंत्री रविंद्र सिंह संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व विधान पार्षद हुलास पांडे चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र विवेक विस्तार प्रमुख अजय कुशवाहा समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

धृतराष्ट्र भी हस्तिनापुर को अपना परिवार समझता था : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को अपना परिवार समझने वाले बयान पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अगर पीएम मोदी देश को वास्तव में परिवार समझते हैं तो परिवार की चिंता करना भी उनको सिखना चाहिए। परिवार को बेहाल करके खुद बास्कोडिगामा की तरह विश्वभ्रमण नहीं करना चाहिए था। मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या मणिपुर के जिन महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाया गया वह इस परिवार की इज्जत नहीं थी। महिला पहलवानों को भी मोदी जी बेटी कहा था लेकिन उन्हीं के पार्टी के सांसद जब उन बेटियों की इज्जत पर हाथ डाल रहा था तो मोदी जी की पुलिस ने उन बेटियों पर लाठियाँ बरसायीं, तब मोदी क्यों चुप हो गए? धृतराष्ट्र भी हस्तिनापुर को अपना परिवार कहता था लेकिन द्रौपदी का चीरहरण होने दिया, हरतरह का अन्याय, अनैतिकता और सत्ता के दुरूपयोग कर विरोधियों को कुचलने का नापाक खेल चलता रहा, वही आज हो रहा है। लेकिन उनको याद होना चाहिए कि जिसतरह कौरवों का विनाश हुआ ठीक उसी तरह भाजपा का भी विनाश तय है। अगर देश को मोदी वास्तव में अपना परिवार समझते हैं तो देशवासियों की आह उनको जरूर लगेगी। अगर देश को परिवार समझते तो भूख से बिलखते बच्चों की चीख उनको जरूर सुनाई नहीं देती और भूख मिटाने वाले अन्नदाता किसानों को कुचलने के लिए मोदी रोड पर कील नहीं ठुकवाते और उनके रास्ते में पत्थरों का पहाड़ खड़ा नहीं करवाते। वही हाल नौजवानों का है। देश का भविष्य बेरोजगारी से बेहाल है और मोदी दो करोड़ सालाना नौकरी का झाँसा देते रहे। देश का नौजवान, महिला और किसान इस क्रूर मजाक का बदला जरूर लेंगे।

लोस चुनाव को लेकर रालोजपा प्रवक्ताओं की बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय पटना में सभी प्रदेश प्रवक्ताओं एवं प्रदेश मीडिया प्रभारियों की आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर समीक्षा बैठक मुख्य प्रवक्ता चन्दन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री पशुपति कुमार पारस के बिहार प्रदेश में किये गये कार्यो तथा केन्द्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही सारी योजनाओं एवं बिहार सरकार में चलाई जा रही जनहित में सारी योजनाओं को जन जन तक जिला, प्रखंड, पंचायत एवं बूथ स्तर तक पहुंचाने एवं बताने का कार्य पर नीति, रणनीति बनाई गई। आगे मुख्य प्रवक्ता चंदन सिंह ने कहा कि लालू यादव द्वारा 3 मार्च को रैली में प्रधानमंत्री मोदी पर परिवार एवं हिन्दु धर्म पर दिये गये अपमानजनक बयान पर बताया कि पूरा देश मोदी के परिवार है एवं लालू यादव का पूरा परिवार मंच पर भरा हुआ देखने को मिला। इंडिया गठबंधन मुद्दाविहीन है इसलिए निजी टिका टिप्पणी पर उतर आई है। प्रदेश प्रवक्ता ललन चन्द्रवंशी ने कहा कि तेजस्वी यादव आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के किये गए जनहित कार्यों को भुनाने का काम कर रहे हैं। आज उनमें इतनी ताकत है तो एक चपरासी के पद पर नौकरी देकर दिखाए। प्रदेश प्रवक्ता चन्दन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने एक लक्ष्य दिया है अबकी बार चार सौ पार जिसको राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार के चालीसों सीट पर जीताने का काम करेगी। प्रवक्ता शिवनाथ पासवान ने कहा कि हाजीपुर से पशुपति पारस को रिकॉर्ड मतों से हाजीपुर की जनता सदन में भेजने का काम करेगी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सुचना

ई-निविदा सुचना सं०: SPJW-24-BOXNHL400-BODY

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पू० म० रेल, समस्तीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम निविदाकारों से भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब पोर्टल पर ई-निविदा माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किए जाते हैं:– **(01) कार्य का नामः** यांत्रिक कारखाना, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर में बॉक्सनएचएल वैगन का साइड वाल, इण्ड वाल, फ्लैप डोर कंप्लीट का फैब्रिकेशन, आपूर्ति एवं अंडरफ्रेम में उनका फिटमेंट **(02) कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 294584748.00 **(03) बयाना की राशिः** ₹ 16229 0 0 .00 **(04) निविदा बंद होने की तारीख और समयः** 30/03/2024 at 11:00 Hrs. **(05) ई-निविदा के लिए वेबसाइट का विवरण, जहाँ पूर्ण विवरण देखा जा सकता है, इत्यादिः** www.ireps.gov.in

मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर

पीआर/02457/सीडब्ल्यूएमएसपीजे/एमईसीएच/टी/23–24/24

शिव नाम जपने की रात आई, रात आई रे शिव रात आई...

● शिव चर्चा से महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज

● शहर के कई इलाकों में भी शिव चर्चा आयोजित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

8 मार्च को महाशिवरात्रि महोत्सव से पहले मंगलवार को शहर के दीघा, पाटलीपुत्र, मीठापुर, चितकोहरा, दानापुर, रुकनपुरा क्षेत्र के मंदिरों पर शिव चर्चा का आयोजन किया गया। इन जगहों पर देर शाम तक ढोल, झाल-मजीरे के साथ भजन-कीर्तन का दौर चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालु भी शिवभक्ति में डूबे नजर आए। मुख्य कार्यक्रम अदालतगंज तालाब स्थित हनुमान मंदिर में हुआ जिसमें श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति के संयोजक सह विधायक डॉ. संजीव चौरसिया समेत बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। शिव नाम जपने की रात आई, रात आई रे शिव रात आई... और मेरा भोला है भंडारी... जैसे भजनों ने शिवभक्तों को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं में कमला नेहरु नगर स्लम बस्ती की महिलाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रही। डॉ. चौरसिया ने सभी शिवभक्तों से 8 मार्च को अपने-अपने इलाकों से निकलने वाली शोभा यात्राओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि सभी शोभा यात्राओं और झांकियों का अभिनंदन खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में किया जाएगा।

परिवार के लिए लालू यादव ने बनाई आरजेडी : मनोज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनोज शर्मा ने तेजस्वी यादव के परिवार वाले बयान पर कहा कि उनकी बातों में अब हताशा और निराशा नजर आती है। क्यों कि ये जानते है कि उनके और उनके परिवार के पास कोई ऐसी उपलब्धि नही जिसे डंके चोट पर जनता के सामने बोल सकें। तेजस्वी यादव के पास ये उपलब्धि है कि उन्होंने बिना काम किये करोड़ो की संपति अर्जित की है, उनके पास ये उपलब्धि है कि बिना मेहनत किये राजनीति में इंट्री के साथ उपमुख्यमंत्री पद अर्जित की है, उनकी उपलब्धि है कि उनके पीछे सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स की टीम इसलिए पीछे पड़ी है क्यों कि वो बताएं कि उन्होंने अकूत संपति कैसे अर्जित की है। श्री शर्मा ने कहा कि जब राजद में सबकुछ लालू का ही तो तेजस्वी यादव जनता को मूर्ख क्यों बना रहे हैं। तेजस्वी यादव को तो परिवार के 10 लोगों की ही बात करनी चाहिए। क्यों कि वो उससे ज्यादा की सोचते नही है। उन्हें शोभा भी नही देगा कि वो बिहार की या देश की 120 करोड़ जनता की चिंता कर रहे है। तेजस्वी यादव बस इसकी चिंता करें कि आगे अपने परिवार से किसे राजनीति में लाएंगे? इस रैली में दो बहनों का पोलिटिकल इंट्री हो चुका है। आगे वो बताएं कि किसे लांच करेंगे? बीजेपी प्रवक्ता ने आगे कहा कि माई-बाप की पार्टी को ए टू जेड की पार्टी कहने वाले तेजस्वी यादव बताएं कि क्या राष्ट्रीय जनता दल में उनसे काबिल नेता कोई नही है, जिसे वो विपक्ष का नेता बना सके। तेजस्वी यादव ने ए टू जेड का नारा इस लिए दिया है कि उनके परिवार का ए टू जेड विकास हो।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 121 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 14.03..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.03..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Construction of Boundary Wall (Main Gate to Old Godown) of Central Division Campus at Mangles Road, Patna for the year 2023-24.	11.40	22,800=00	2,500=00	15 दिन
2.	Construction of Boundary Wall (Old Godown to PHED) of Central Division Campus at Mangles Road, Patna for the year 2023-24.	12.87	25,800=00	2,500=00	15 दिन
3.	Construction of Boundary Wall (Near FCI Building) of Central Division Campus at Mangles Road, Patna for the year 2023-24.	10.63	21,300=00	2,500=00	15 दिन
4.	Construction of Security Barrack in the Campus of Central Division Office at Mangles Road, Patna for the year 2023-24.	9.56	19,200=00	1,250=00	15 दिन
5.	S/R to Car Parking in the Campus of Central Building Division Patna (B.C.D.) for the year 2023-24.	14.21	28,500=00	2,500=00	15 दिन
6.	S/R to Bike Parking in the Campus of Central Building Division Patna (B.C.D.) for the year 2023-24.	13.24	26,500=00	2,500=00	15 दिन
7.	S/R to Car Parking Shed in the Campus of Central Building Division Patna (B.C.D.) for the year 2023-24.	14.78	29,600=00	2,500=00	15 दिन

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

PR- 18878 (B C D) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।

संत रविदास का 647वां राज्यस्तरीय जयंती समारोह का आयोजन

● समाज का सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी है : तेजस्वी

पटना। संत शिरोमणी गुरू रविदास का 647वां राज्यस्तरीय जयंती समारोह रविन्द्र भवन, पटना में रविदास चेतना मंच के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम की अध्यक्षता में मनायी गयी। संचालन पूर्व विधायक लालबाबू राम ने की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि आज जिस तरह से केन्द्र और बिहार में गरीबों, किसानों, युवाओं, छात्रों और वंचितों को उनके अधिकार से वंचित करने के लिए जो साजिश और कार्रवाई चल रही है उससे हम सभी को सजग रहना होगा। क्योंकि संविधान की भावना की कहीं न कहीं अवहेलना हो रही है और बाबा साहब के संविधान की जगह आरएसएस के एजेंडा को लागू करने की साजिश चल रही है। 17 महीनों में हमने मुद्दों के साथ जुड़कर जो काम किया है उसे आप सभी का समर्थन मिल रहा है। आज समाज के लिए सबसे बड़ा दुश्मन बेरोजगारी है। अगर पढ़ लिखकर बिना नौकरी के हैं तो परिवार के लोगों को चिंता होती है कि कैसे हम अपने आपको स्थापित कर पायेंगे। लेकिन हमने जो 10 लाख नौकरी की बात की थी उसको सरकार में आते ही आगे बढ़ाया और 5 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां दी। साथ ही शिक्षा मित्र, विकास मित्र, तालिमी मरकज के लोगों को मानदेय बढ़ाकर 25 हजार रूपया किया। अध्यक्षीय संबोधन में श्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को काशीराम को भारत रत्न से सम्मानित करने, संत शिरोमणी गुरू रविदास एवं बाबा साहब की जीवनी को पंचम वर्ग से बारहवीं तक के पाठ्यक्रम में शामिल करने से संबंधित 12 सूत्री मांग पत्र दिया गया। इस अवसर पर रविदास चेतना मंच के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी और अध्यक्षों ने भी अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम की व्यवस्था में इकबाल अहमद, शिवेन्द्र कुमार तांती, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, गणेश यादव सहित अन्य लोग सक्रिय थे।इस अवसर पर फुदेना रविदास, प्रमोद कुमार राम, मिश्रीलाल राम, नरेश दास, अरविंद दास, संजय बिहारी, लखीन्द्र दास, योगेन्द्र राम, दिलीप राम, वीर बहादुर राम, महेश राम, विजय राम, शैलेन्द्र कुमार, सुशीला देवी सहित अन्य गणमान्य नेताओं के साथ हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

कर्मयोगी महिला सम्मान 2014 से कर्मयोगी महिलाएं सम्मानित

पटना। सामाजिक सास्कृतिक संस्था नई दिशा परिवार के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभागमन पर मंगलवार को बिहार इंडस्ट्री एसोसिएशन सभागार मे संगोष्ठी-सह-कर्मयोगी की महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधान पार्षद डॉ किरण घई सिन्हा ने की। समारोह का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष की नंदकिशोर यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि महिला आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आत्म सम्मान के साथ आगे बढ़ते हुए उन्होंने खुद को आत्मनिर्भर बनाया है। अपने परिश्रम और विजन के बलबूते पर सपना साकार कर महिलाएं लड़ाकू जहाज उड़ा कर देश की रक्षा कर रही है। महापौर सीता साहू ने कहा कि नारी शक्ति बन्दन ने महिलाओं को समृद्ध बनाया है। उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी ने कहा कि अब महिलाएं निरंतर आगे बढ़ती जा रही है। समाज और राष्ट्र के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है अतिथियों का स्वागत राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव ने किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश राज ने किया। इस अवसर पर डॉ ध्रुव कुमार, समाज सेवी कमलनयन श्रीवास्तव, शिव प्रसाद मोदी , डॉ दिवाकर तेजस्वी ने भी अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि घर, परिवार, समाज और राष्ट्र के नव निर्माण में महिलाएं अपनी भूमिका बखूबी निभा रही है। समारोह में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए 35 महिलाओं को कर्मयोगी महिला सम्मान 2024 से शॉल, प्रतीकचिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।

गरीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रणी रूप में आगे बढ़ रहा है बिहार : श्रवण

● मंत्री ने एसजेवाई आईएलई बिहार दौरे पर आए इथियोपिया सरकार के प्रतिनिधियों से कहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार ने एसजेवाई आईएलई बिहार दौरे पर आए इथियोपिया सरकार के प्रतिनिधियों से कहा, बिहार एसजेवाई जैसे कार्यक्रम के साथ गरीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रणी रूप में आगे बढ़ रहा है। मंत्री ने इथियोपिया सरकार के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अत्यधिक गरीब परिवारों को विकास के रास्ते से जोड़ने के लिए 2018 में शुरू की गई बिहार सरकार की सतत जीविकोपार्जन योजना की यात्रा पर प्रकाश डाला, जिससे बिहार में 1.94 लाख परिवारों को लाभ हुआ हैं। इस कार्यक्रम की सफलता ने इसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि दिलाई है। इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम, जिसे जीविका, ब्रॉक इंटरनेशनल और बंधन कोन्नगर द्वारा संयुक्त रूप से समन्वित किया जा रहा है, गरीबी उन्मूलन के बारे में सीखने के अवसरों की परिकल्पना करता है और जीविका के प्रमुख कार्यक्रम सतत जीविकोपार्जन योजना की प्रक्रिया, पहुंच और प्रभाव के विस्तार पर जोर देता है। एसजेवाई-आईएलई कार्यक्रम के तहत, पिछले चार महीनों में, इंडोनेशिया, फिलीपींस, दक्षिण अफ्रीका और अब इथियोपिया के प्रतिनिधियों ने एसजेवाई के बारे में जानने और अपने-अपने देशों में इसी तरह के कार्यक्रम को उत्प्रेरित करने के लिए बिहार का दौरा किया है। जीविका के सहयोग से बंधन कोननगर ने 12 सदस्यीय प्रतिनिधियों की चार दिवसीय दौरा वैशाली जिले में आयोजित किया जिसमे इथियोपिया सरकार, वर्ल्ड बैंक, फर्स्ट कंसल्ट और ब्रॉक इंटरनेशनल के प्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर मंत्री ने पूर्ण शराबबंदी के सामाजिक-आर्थिक लाभों पर भी प्रकाश डाला, जिससे बिहार के निवासी 2016 से लाभान्वित हो रहे हैं। सुश्री सिन्तायेहु डेमिसी अदमासु, प्रमुख -खाद्य सुरक्षा समन्वय कार्यालय, कृषि मंत्रालय, इथियोपिया सरकार ने एसजेवाई कार्यान्वयन और इसके जमीनी स्तर के प्रभाव का प्रत्यक्ष अनुभव लेने के लिए बिहार की एक लाभप्रद यात्रा के आयोजन के लिए जीविका, ब्रॉक इंटरनेशनल और बंधन कोन्नगर के प्रति आभार व्यक्त किया। सुश्री सिंतायेहु ने एसजेवाई के बारे में मुख्य विशेषताओं और सीखों को सूचीबद्ध किया, जो इथियोपिया में अत्यधिक गरीबी के मुद्दे को संबोधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्रीमती राशा नटौर, नीति प्रमुख, ब्रॉक इंटरनेशनल की ने साझा किया कि ब्रॉक इंटरनेशनल ने जीविका और बंधन कोन्नगर के सहयोग से एसजेवाई.-आईएलई. कार्यक्रम का समर्थन किया है ताकि वैश्विक लक्ष्य समूहों को एसजेवाई कार्यक्रम की अंतर्निहित विशेषताओं का अवलोकन करने का प्रत्यक्ष अवसर मिल सके और बिहार के दौरे से मिली जानकारियाँ, संबंधित देशों में गरीबी मुक्त दुनिया की दिशा की और प्रेरित करें। आगंतुकों में चाला होडोर्फा बोन्से, वरिष्ठ नीति सलाहकार, कृषि मंत्रालय, इथियोपिया सरकार और सुश्री हिवोट मेब्रेट अलामिनेह, डोनर कोऑर्डिनेटर, वर्ल्ड बैंक जैसे उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल थे।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 194 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **15.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्र

संक्षिप्त खबरें

55 लीटर ताड़ी हुआ बरामद

समस्तीपुर अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश संजय कुमार द्वितीय ने मंगलवार को उत्पाद वाद संख्या 111/19 के मामले में अभियुक्त को दोषी पाते हुए उसे धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। साथ ही जुमार्ना की राशि अदा नहीं करने के पर दोषी को छह माह अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर के स्व. रामाशीष पासवान के पुत्र अमरजीत पासवान के रूप में बतायी गई है। बताया गया कि तीन अप्रैल 2019 की शाम अभियुक्त के घर के बरामदे से दो प्लास्टिक के जरकीन में रखा हुआ 55 लीटर किन्वित ताड़ी बरामद किया गया था। इस दौरान अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद बरामद शराब के आधार पर मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार गुप्ता एवं उत्पाद विभाग की तरफ से अधिवक्ता पंकज कुमार के द्वारा न्यायालय में पक्ष रखा गया।

ऑटो पलटने से होमगार्ड जवान हुआ जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। स्थानीय थाना के समीप अचानक ऑटो पलट जाने के कारण होमगार्ड के जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी होमगार्ड की पहचान थाना क्षेत्र के कोयला कुंड गांव निवासी शत्रुघ्न प्रसाद सिंह के पुत्र ललन प्रसाद सिंह के रूप में हुई है। लोगों ने जख्मी होमगार्ड के जवान को इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। वहीं डॉ बीके ठाकुर ने बताया कि जख्मी होमगार्ड के जवान का प्राथमिक उपचार के बाद होमगार्ड के जवान की स्थिति में सुधार होने की बात कही है। वहीं आटों चालक भागने में सफल रहा। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति को ले हुई बैठक

कल्याणपुर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं एइएस एवं जेई के लिए प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई। जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके ठाकुर के द्वारा बताया गया कि 15 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं 19 मार्च को मौप अप राउण्ड के तहत 1 साल से 19 साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल की 400एमजी की गोली दी जाएगी। साथ ही एईइस जेई अभियान की जागरूकता के लिए सभी आशा, एएनएम, एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने अपने क्षेत्र में इसके जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार के लिए निदेशित किया गया। मौके पर डॉ. मो. हैदर, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबन्धक अनिल कुमार यूनिसेफ के बीएमसी शंकर सुमन, रणधीर सिंह, बीसीएम मुकेश कुमार महिला पर्यवेक्षिका बिभा भारती उपस्थित थे।

पांचवें प्रयास में सुनीता बनी प्रखंड प्रमुख, बनने पर दी गई बधाई

विभूतिपुर, समस्तीपुर। लगातार पांचवें प्रयास के बाद सुनीता देवी विभूतिपुर प्रखंड प्रमुख बनी है। उनके प्रमुख बनने पर अनेक लोगों ने बधाई दी है। राजद नेता श्याम किशोर कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव, सीपीएम के श्याम किशोर कमल, महेश कुमार, मुखिया भोला शंकर दास, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी आदि ने बधाई दी है। विदित हो कि लगातार पांचवें प्रयास करने के बाद सुनीता देवी को प्रखंड प्रमुख पद हासिल करने में सफलता मिली है।

कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी योगेंद्र सिंह के द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में निर्वाचन के सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को समाहरणालय सभागार में समीक्षा की गई। समस्तीपुर एवं उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान के दौरान 10 पिंक मतदान केंद्र और 10 आदर्श मतदान केंद्र बनेंगे। बताते चले कि पिंक मतदान केंद्र के सभी मतदान कर्मी महिलाएं होती हैं। प्रशिक्षण कोषांग के समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी कर्मियों के डाटा को ऑनलाइन किया जाए ताकि पता चल सके कि किस कर्मी ने प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है। सामग्री कोषांग को पोस्टल बैलेट की आवश्यकता का आकलन करने का निर्देश दिया गया। वाहन कोषांग के समीक्षा के दौरान अपर जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि निर्वाचन के दौरान प्रयुक्त होने वाले वाहनों की आवश्यकता 4465 है। निर्वाचन में प्रयुक्त होने वाहनों की निबंधित संख्या जिले में 2733 है। जिला पदाधिकारी के द्वारा शेष आवश्यक वाहनों के लिए सीमावर्ती जिले के परिवहन पदाधिकारियों से इस आशय का पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। वाहनों के लिए पेट्रोल पंप चिन्हित करने और पर्याप्त संख्या में तेल का कूपन छपवाने का निर्देश अपर जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। ईवीएम कोषांग को कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी के नवीनतम जानकारी प्रशिक्षण कोषांग के मास्टर ट्रेनर को उपलब्ध कराने का निर्देश गया। 80 वर्ष अधिक और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए आवश्यक पोस्टल बैलेट का आकलन करने का निर्देश दिया गया। स्वीप कोषांग को मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित प्रतिदिन जिले में पांच कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश नोडल पदाधिकारी को दिया गया। सेक्टर पदाधिकारियों एवम से सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों से वीएम-1 तथा वीएम-2 का अंतिम प्रतिवेदन 10 मार्च तक देने का निर्देश दिया गया। समाधान, सुगम, सुविधा और सी विजिल से संबंधित कोषांग की भी समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता अजय कुमार तिवारी, उप विकास आयुक्त संदीप शेखर प्रियदर्शी, विशेष कार्य पदाधिकारी महमूद आलम, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा पवन कुमार मंडल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल, वरीय उप समाहर्ता स्नेहा कुमारी, वरीय उप समाहर्ता प्रियंका प्रियदर्शनी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर दिलीप कुमार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

अज्ञात बदमाशों ने ज्वेलर्स दुकान में किया चोरी

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपाल शिवम ज्वेलर्स दुकान का बदमाशों ने शर्ट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। वहीं अज्ञात बदमाशों ने छत के सहारे शिवम ज्वेलर्स में प्रवेश किया। इसके बाद अन्दर से शर्ट का ताला तोड़कर दुकान के अंदर गले में रखे पांच हजार नगद बीस हजार सोना का जेवर एव 30 हजार का चांदी के जेवर पर हाथ साफ किया। वहीं दूसरी ओर विनीत कुमार के खाद एवं कीटनाशक के दुकान का ताला तोड़ा। लोगों के जगने जाने के बाद चोर भाग निकला। वहीं मंगलवार की सुबह जब ज्वेलर्स के दुकानदार उपेंद्र साह दुकान खोलने गया तो दुकान का ताला टूटा देख दुकान का सामान बिखरा हुआ देखकर इसकी सूचना थाना को दिया। सूचना मिलते ही थाना के पीएसआई अजय कुमार ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच किया। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि दुकानदार द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई की कार्रवाई किया जाएगा।

सेक्टर लेवल लीड इंटेलिजेंस एजेंसी की बैठक हुई आयोजित,कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुआ चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर मे 48वीं वाहिनी के प्रांगण में सेक्टर लेवल लीड इंटेलिजेंस एजेंसी की बैठक दीपक कुमार भा॰ पु॰ से॰ उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में हुई जिसमें सहयोगी एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस बैठक के दौरान आगामी लोकसभा सभा चुनाव को देखते हुए सीमा पर विशेष चौकसी बरतने शराब तस्करों पर नकेल कसने सीमा पर गश्त बढ़ाने और आने-जाने वाले पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिए तथा नेपाल पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश इसके अलावा भारत नेपाल सीमा पर राजनीतिक और सुरक्षा परिदृश्य हथियारों और गोला-बारूद और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी धार्मिक कट्टरवाद जाली मुद्रा की तस्करी मानव तस्करी आई एनबी पर अतिक्रमण सक्रिय वामपंथी उग्रवादी माओवादी पर व्यापक चर्चा हुई।इस अवसर पर दीपक कुमार (भा॰ पु॰ से॰)उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल मुजफ्फरपुर कमांडेंट 20वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल 51 वाहिनी और 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं सहयोगी एजेंसियों के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।दीपक कुमार, भा॰ पु॰ से॰ उप महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल मुजफ्फरपुर कहा कि नेपालभारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के साथ हमारे मित्रतापूर्ण संबंध हैं. इस संबंध को बनाए रखने के लिए समय-समय पर बैठक करना जरूरी है और बताया गया कि सशस्त्र सीमा बल ने इस क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर नजर रखी है जिसमें सहयोगी एजेंसियों की भूमिका और योगदान सराहनीय है. वर्तमान समय में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हर अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल की स्थापना की गई है।

पूरे विश्व में बढ़ी है प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता : अरुण शंकर प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली विधानसभा अंतर्गत जयनगर प्रखंड के देवधा गांव में लाभार्थी संपर्क अभियान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने कहा कि भाजपा के नेता जो कहते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी की विश्वसनीयता के कारण पड़ोसी देश ही नहीं,बल्कि पूरी विश्व भारत का लोहा मान रही है। विधायक ने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने का वादा धोषणा पत्र में किया था जिसे पूरा किया गया। भाजपा के द्धारा प्रायोजित कार्यक्रम लाभार्थी संपर्क अभियान में उपस्थित लोगों के बीच सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा विरोधी दल कांग्रेस व राजद को अपने परिवार की चिंता रहती है, जबकि भाजपा की चिंता भारत को मजबूत व सशक्त बनाने की रहती है। उन्होंने कहा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुछ बोलते हैं तो पूरा विश्व उनकी बातों को गौर से सुनते हैं कि नरेन्द्र मोदी क्या बोल रहे हैं? उन्होंने कहा जब रुस और यूक्रेन के बीच युद्ध चल रहा था,तो मोदी के टेलीफोनिक वार्ता पर रुस के राष्ट्रपति पुतिन ने चार घंटे तक युद्ध रोक दिया था। जिस दरम्यान युक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को वापस भारत लाया गया। उन्होंने कतर के जेल से नेवी के अफसरों की रिहाई का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने कतर के जेल में बंद नेवी के अफसरों को छुड़ाकर उसे अपने स्वदेश लाया। सरकार की ओर से किए गए लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि शौचालय निर्माण से लेकर चंद्रायण तक पहुंचने का कार्य नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान ही पूरे किए गए हैं। भारत की अर्थ व्यवस्था में निरंतर सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत 5वें स्थान पर पहुंच गया है,जो अगले तीन वर्षों में घटकर तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगा। इस मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उद्धव कूंवर, नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अमरेश झा विधायक प्रतिनिधि हरिश्चंद्र शर्मा दिपक पासवान पूर्व मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रतिनिधि किशुनदेव सहनी जिला संयोजक लाभार्थी संपर्क अभियान धीरेंद्र झा, धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, ग्रामीण मंडल युवा अध्यक्ष गोपाल पूर्वे, सुरेश प्रसाद, नागेश्वर सिंह, मांगीदास, रामवृक्ष पंडित, विशेश्वर पंडित, गंगा पंडित, संतोष पंडित, रामवतार पंडित,सुरज महतो, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया मतदाता शिक्षा जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत सिमरा काली स्थान में नेहरु युवा केंद्र के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्चयम से मतदाता जागरूकता अभियान लाया गया। इसके के तहत लोकतंत्र पर आधारित मतदाता जागरूकता विषय पर नुक्कड़ नाटक सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार के नेतृत्व में किया गया। लोक गायिका अनीता कुमारी ने अपने गीतों के माध्यम से मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित की साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए। अनील कुमार ठाकुर ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है।युवा कवि संदीप कुमार मिश्रा कहा कियुवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें।शिक्षक नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके।इस अवसर पर लक्ष्मण सहनी, राम लाल सहनी, मदन सहनी, प्रवीण कुमार मिश्रा, प्रेम लाल सहनी, राम सागर सहनी मुख्य रूप से मौजूद थे।

पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य मेला आज से

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आकृति रंग संस्थान द्वारा स्थानीय जिला स्कूल मैदान में बुधवार से 5दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य मेला सह चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस नाट्य मेला में असम एवं पश्चिम बंगाल सहित राज्य के विभिन्न स्थानों से आए रंगकर्मी नाटकों का मंचन करेंगे। नाटकों का मंचन शाम 6:30बजे से रात 9बजे तक होगा। यह जानकारी आकृति रंग संस्थान के निदेशक सुनील फेकानिया ने दी है। कार्यक्रम के प्रथम दिन बुधवार को आकृति रंगमंच के कलाकारों द्वारा विजयदान देथा लिखित और सुनील फेकानिया द्वारा निर्देशित नाटक ह्यसांझह्ल का मंचन किया जाएगा। गुरुवार को हरिशंकर परसाई लिखित नाटक ह्यनिठल्ले की डायरीह्लका मंचन दस्तक ,पटना के कलाकार करेंगे।इसकी परिकल्पना और निर्देशन पुंज प्रकाश ने किया है। तीसरे दिन शुक्रवार को पूर्व रंग ,गुवाहाटी, ,असम के रंगकर्मियों द्वारा गुनाकर दास गोस्वामी लिखित और निर्देशित नाटक ह्यद्रोणाचार्यह्लका मंचन किया जाएगा।चौथे दिन परिवर्तन रंग मंडली की ओर से विदेशिया का मंचन होगा।इसकी परिकल्पना और निर्देशन आशुतोष मिश्रा की है।पांचवें और अंतिम दिन रविवार को कोलकाता से आए कलाकार अमृता प्रीतम लिखित ह्यभींगी औरतेंह्लनाटक का मंचन करेंगे। इसकी परिकल्पना और निर्देशन सुश्री उमा झुनझुनवाला ने किया है।

बीजेपी की लोक-सभा बूथ स्तरीय बैठक में भाग लेने की अपील

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी विभूतिपुर विधानसभा कार्यकताओं की बैठक कल्याणपुर स्थित राधेकृष्णा मैरेज हांल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चन्द्रमणि प्रसाद ने की। बैठक में बीजेपी की आगामी 10 मार्च को सरायरंजन कॉलेज परिसर में उजियारपुर लोकसभा बूथ स्तरीय कार्यकताओं की बैठक में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील करते हुए मोदी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु युद्ध स्तर पर अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। बैठक को जिला महामंत्री प्रेमदास, राजीव रंजन, पंकज लाल, रामाकांत राय, विधानसभा विस्तारक राजकिशोर प्रसाद, अरविंद कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष पंडित बाबूसाहेब झा, विरेन्द्र झा, अरविंद सिंह, रीना झा, रेखा देवी, संतोष झा, अमित कुमार, सुनील कुमार, भोला चौधरी आदि ने संबोधित किया

संविदागत एएनएम संघर्ष समिति ने किया सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा संचालित बिहार राज्य संविदागत एएनएम संघर्ष समिति के आह्वान पर संविदा कर्मियों के द्वारा मंगलवार को सिविल सर्जन समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। इसका नेतृत्व बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा संचालित एएनएम संविदागत संघर्ष समिति संयोजक अर्चना कुमारी के द्वारा किया गया। इस दौरान बिहार जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री राजीव रंजन ने कहा कि सरकार संविदागत एएनएम के साथ दोहरी नीति अपना रही है। जहां सरकार एनएचएम के तहत कार्यरत एएनएम को 24 हजार रुपए दे रही है। वहीं अर्बन क्षेत्र में पिछले वर्ष बहाल हुए 850 एएनएम को मात्र 11 हजार 500 रुपए दिया जा रहा है। इसको लेकर अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए आज प्रदर्शन के माध्यम से संबंधित अपर सचिव, निदेशक प्रमुख को संबोधित एक मांग पत्र सिविल सर्जन को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा इसके साथ ही उर्मिला फाउंडेशन के तहत नियुक्त डाटा कर्मियों से हर वर्ष परीक्षा व उनकी बहाली के नाम पर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह एक हाई प्रोफाइल घोटाला है, जिसका बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन व समान सुविधा देने की मांग वह करते हैं और साथ ही सरकार से पुरानी मांगों पर अविलंब विचार करने की मांग करते हैं। इसके बाद शिष्ट मंडल के द्वारा अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सिविल सर्जन डॉ एसके चौधरी को सौंपा गया। मौके पर बिहार जन स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री राजीव रंजन, जिलाध्यक्ष अवलेश कुमारी, पूर्व राज्य अध्यक्ष लक्ष्मीकांत झा, रामकुमार झा एवं रंजू कुमारी समेत दर्जनों एएनएम उपस्थित थीं।

स्मार्ट सिटी निर्माण की धीमी गति से शहर वासी परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में चल रही स्मार्ट सिटी योजनाओं को पूरा करने के लिए एजेंसियों को तारीख पर तारीख मिलती रही लेकिन एक भी काम पांच साल में पूरा नहीं हुआ । शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 900 करोड़ रुपये की 20 योजनाओं पर काम चल रहा है। अलग-अलग एजेंसियां इन कार्यों को कर रही है। सभी कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा तय की गई थी। लेकिन अधिकांश योजनाओं की तय समय सीमा समाप्त हो चुकी है लेकिन कोई भी काम पूरा नहीं हो सका है । स्मार्ट सिटी के तहत शहर में चल रहे निर्माण कार्यों की गति बेहद धीमी है। निर्माण एजेंसी पिछले कई महीनों से दिन-रात काम कर रही हैं। इसके बाद भी काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। इससे जिले के प्रमुख सड़को की एक ही लेन चलने के कारण सुबह से लेकर रात भर तक जाम लगा रहता है। निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के साथ ही जाम से निपटने के लिए निमार्णादायी संस्था की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इस दौरान ऊबड़-खाबड़ सड़क से गुजरने के साथ राहगीरों एवं वाहन चालकों को उड़ने वाले धूल के गुबार से लोगों को बेहद दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस ओर न तो नगर निगम अफसर ध्यान दे रहे हैं और न ही प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है।

भिड़ से भरा निबंधन कार्यालय परिसर में सन्नाटा पसरा

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर नया भूमि निबंधन नियम लागू होने के बाद जमीन की खरीद बिक्री में अप्रत्याशित गिरावट आया है। लग भग बीते 22 फरवरी से 5 मार्च तक मात्र 12 जमीन का निबंधन हुआ है। यह जानकारी रजिस्टर अमित कुमार ने देते हुए बताया कि नए नियम के तहत जमीन खरीद बिक्री करने वालों का निबंधन अभी बहुत कम हो रहा है। वही दूसरी ओर हमेशा जमीन खरीद बिक्री करने वालों से भिड़ से भरा निबंधन कार्यालय परिसर में को सन्नाटा पसरा रहता है। खरीदार विक्रेता पहचानकर्ता गवाह लेखक आदि सहित लगभग एक दर्जन लोग ही देखे गए। रोजाना 80 की जगह दो-चार का ही हो रहा निबंधन ।प्रतिदिन 70 से 80 निबंधन की जगह अब महज दो चार ही कार्य निष्पादन होता है। औसतन 10 से 15 लाख की नियमित राजस्व की जगह महज लाख तक ही सिमट रहा है। इस प्रकार राजकीय कोष में भी अप्रत्याशित कमी आ गई है। नियम में बदलाव के बावजूद, जानकारी के अभाव में रोज लोग पूर्व की तरह अद्यतन रसीद व संबंधित दस्तावेज या खतियान लेकर निबंधन कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन कर्मी अथवा कातिब द्वारा नए नियम का हवाला देते हुए रजिस्ट्री नहीं होने की जानकारी मिलते ही लोग मर्माहत हो जाते हैं। काफी देर तक एक दूसरे से पूछताछ के बाद मायूस चेहरा लिए वापस हो रहे हैं।नए नियमावली के तहत पहले जमाबंदी और फिर निबंधन का आदेश जारी किया गया है, लेकिन अंचल कार्यालय से जमाबंदी कायम कराना टेढ़ी खीर है।

तीन बर्षों से फरार 25 हजार का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मुजफ्फरपुर-हाजीपुर फोरलेन सड़क निर्माण कंपनी के बेस कैंप पर गोलीबारी करने और रंगदारी मांगने वाले 3बर्षों से फरार ,25हजार के ईनामी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह सरगना दिल्ली में रहकर वेबसाइट डेवलपर का काम कर रहा था। पिछले 3 साल से पुलिस तलाश में थी। इस घटना में शामिल 4 अपराधियों को पूर्व में ही पुलिस पकड़कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पारू थाना के छपरा फतेहाबाद निवासी रौशन कुमार के रूप में हुई है ।यह गिरफ्तारी तुर्की थाना के बाजीतपुर कोदरिया से की गई है। इसका खुलासा सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने किया है। न्होंने बताया कि 19 मई 2021 को तुर्की में काम करा रही निर्माण कंपनी के बेस कैंप पर गोलीबारी और रंगदारी मांगने की घटना हुई थी। इस घटना में रौशन फरार चल रहा था ।इससे पूर्व 4 अपराधियो को जेल भेजा जा चुका है। कंपनी से रंगदारी के रूप में कुल निर्माण लागत का 2 प्रतिशत यानी 3 करोड़ रुपए मांगे गए थे।बताते चलें कि इसके बाद कंपनी के डायरेक्टर को फिर 23 व 27 मई को फोन कर धमकी दी गई कि रंगदारी की राशि शीघ्र नहीं मिली तो पूरे बेस कैंप को बम से उड़ा दिया जाएगा। फोन के बाद भी रुपए नहीं मिले तो 28 मई को सभी अपराधी बेस कैंप से कुछ ही दूरी पर दरियापुर कफेन में दर्शनिया मंदिर के पास जुटे थे। कैंप पर दोबारा हमले की साजिश रची जा रही थी।

भूमिहीनों को भूमि मुहैया कराने मे विफल है सरकार : भूषण सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर कमला नदी के तटबंधों पर सड़क निर्माण को लेकर बिना वैकल्पिक व्यवस्था के ही पूर्वी एवं पश्चिमी तटबंधों पर बसे सैकड़ों महादलित अल्पसंख्यक भूमिहीनों परिवारों को झोपड़ी पर बुलडोजर चलाने की सरकारी फरमान के खिलाफ और उजाड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर भूमि आवास 6 माह का राशन और जरूत के अनुसार अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की मांग को लेकर पीड़ित परिवारों का भाकपा-माले के नेतृत्व में कोरहिया हाईस्कूल मैदान में मो0 शौकत अली के अध्यक्षता में आम सभा आयोजित की गई जिसमे सैकड़ों लोगों ने भाग लिया ।आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए भाकपा-माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने कहा कि डोरवार कोरहिया पंचायत के गांवों में कमला नदी के तटबंधों के किनारे करीब 50 वर्षों से बसे महादलित भूमिहीन अल्पसंख्यक दर्जनों परिवारों को विधुत कनेक्शन सरकारी आवास शौचालय जल-नल योजना का लाभ भी मिल चुका है इनके बावजूद बिना वैकल्पिक व्यवस्था के ही झोपड़ी पर बुलडोजर चलाने की नीतिश-मोदी सरकार के तुगलकी फरमान का तिब्र निन्दा करते हुए कहा कि कोरहिया डोरवार जयनगर के अंदर दर्जनों एकड़ सरकारी भूमि है । लेकिन सरकार और सरकारी स्थानीय अधिकारियों के उदासीनता के कारण उक्त भूमि पर भूमि चोर व भू-माफिया तथा दबंगों का कब्जा है ।

आग लगने से एक दर्जन से अधिक घर जलकर हुए राख

उजियारपुर, प्रात : किरण संवाददाता

उजियारपुर प्रखंड के हरपुर रेवाड़ी पंचायत के सुरियाटारा वार्ड 7 में बिजली के शॉर्ट सर्किट से हुई अगलगी की घटना में एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गई है।वही एक व्यक्ति आग बुझाने में झुलस कर जख्मी भी हो गए। इस घटना में करीब एक दर्जन से ज्यादा लोगों का घर, भूसकार जलने से लाखों रुपए का अनाज, कपड़ा, जेवरात, नगद जल कर राख हो गया है। घटना बिजली के तारों से निकली चिंगारी नीचे इकरी के बोझा में पकड़ लिया। जिसके बाद घटना की सूचना पर अंगारघाट थाना से अग्निशमन दस्ता व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। जिससे और घरों को आगोश में लेने से बचा लिया गया। इस बीच ग्रामीण राम सुधार सहनी भी झुलस कर जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय निजी क्लिनिक ले जाया गया। उधर मामले में प्रभावित परिवारों में राम सुधार सहनी, चांदनी देवी, राम भजो सहनी, राम सुदीन सहनी, मनोज सहनी, मुकेश सहनी, शिव लाल सहनी, श्याम सहनी, राम विलास सहनी, कन्हैया सहनी, अशोक सहनी, शिव सहनी, रीना देवी, राम भगत सहनी बताया गया है। इस बीच घटना पर उजियारपुर सीओ आकाश कुमार ने राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल भेज कर क्षति का आकलन व प्रभावित परिवारों से आवेदन लेने का निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर प्रभावित परिवारों को सरकारी मुआवजा दिया जाएगा।

किसानों के बीच कृषि यंत्र वितरण किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली कृषि यांत्रिकरण योजना अन्तर्गत खजौली प्रखंड में कृषि यंत्र के लिए ऑनलाईन किये हुए किसानों के बीच कृषि यंत्रों का वितरण के लिए मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें ऑनलाईन आवेदन किये हुए 140किसानों के बीच 80 प्रतिशत अनुदान पर खरीद किये हुए यंत्रों को वितरण किया गया. शेष बचे किसानों को सोमवार के दिन कृषि यंत्र दिया जायेगा. वितरण जिला के कोमल इंजीनियरिंग के राजीव कुमार ठाकुर कृषि समन्वयक विद्यासारग सिंह एवं के हाथों यत्रों का वितरण किया गया. इसके तहत खेत की जुताई बुलाई निकाई सिचाई कटाई, दौनी एवं गन्ना उद्यान से संबंधित कृषि यत्र शामिल है. कृषि यंत्रों पर 40 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक अनुदान है. इस योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 23 नये यत्रों को शामिल किया गया है.अब किसान 140 प्रकार के कृषि यंत्र हो गये, जिसे किसान अनुदानित दर पर क्रय कर सकते है. मौके पर कृषि समन्वयक जयप्रकाश यादव, जयनाथ ज्योति, किसान सलाहकार केडी सिंह, शैलेंद्र कुमार, राम सदागर साह,केदारनाथ मिश्र, किसान प्रभाकर सिंह, शामिल थे।

संक्षिप्त खबरें

अभिषद् की बैठक आज

मधेपुरा भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में अधिषद् (सीनेट) की आगामी साधारण वार्षिक बैठक के निमित अभिषद् (सिंडिकेट) की दो बैठकों की तिथि घोषित कर दी गई हैं। अभिषद् की प्रथम बैठक 6 मार्च और दूसरी बैठक 12 मार्च को होगी।कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों बैठकें कुलपति प्रो. विमलेन्दु शेखर झा की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में अप. 12:30 बजे से निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि बैठक की कार्यसूची में गत बैठक की कार्यवाही की सम्पुष्टि, अनुपालन प्रतिवेदन, वार्षिक बजट 2024-25 से संबंधित प्रक्रियाओं का अनुमोदन आदि पर विचार किया जाना शामिल है। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि सभी सदस्यों को वाट्सएप एवं ई. मेल और स्पीड पोस्ट से आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।

ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

मधेपुरा निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा एवं पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आतंरिक निरीक्षण किया गया। त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण के क्रम में वेयर हाउस परिसर की साफ-सफाई,सुरक्षा आदि व्यवस्था पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया। उक्त निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, ईवीएम, वीवीपैट के वेयर हाउस प्रभारी पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, मधेपुरा तथा मधेपुरा जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

चिकित्सा कर्मियों का सिविल सर्जन के समक्ष प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा चिकित्सा कर्मियों का सिविल सर्जन के समक्ष प्रदर्शन। आज बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, जिला शाखा दरभंगा द्वारा स्थानीय एवं राज्य -स्तरीय समस्याओं को लेकर आक्रोसपूर्ण प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के पश्चात संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अरुण कुमार झा के अध्यक्षता में रैली किया गया । रैली को संबोधित करते हुए जिला संयोजिका शांति देवी ने कहा कि ए. एन.एम संवर्ग के साथ शोषण दोहन किया जा रहा है ।हमे जिला संवर्ग से राज्य -स्तरीय संवर्ग बना दिया गया जिसे रद्द किया जाय ।संविदा पर कार्यरत ए. एन.एम. को नियमित किया जाय तथा उन्हें पुराना पेंशन दिया जाय । उनके साथ हो रही अन्याय पर रोक लगाया जाय ।मॉनिटर की गलतियों के कारण ए. एन.एम को प्रताड़ित किया जा रहा है तथा प्रभारी द्वारा उनके वेतन पर रोक लगा दी जाती है,इसपर रोक लगाई जाय । इस अवसर पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिलामंत्री फुलकुमार झा ने संबोधित करते हुए कहा कि जब राज्य सरकार द्वारा सेवा संवर्ग में प्रोन्नति पर लगी रोक वापस ले लिया तथा सभी संवर्ग के लिए बनाए गए उच्चतर पदपर प्रोन्नति देने का निर्देश दिया । राज्य के सभी विभागों द्वारा सहित स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय संवर्ग के कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गयो , परंतु दरभंगा सिविल सर्जन द्वारा अपनी नियंत्रणाधीन कर्मचारियों को संवर्गीय प्रोन्नति नहीं दिया जा रहा है। फलस्वरूप लिपिक संवर्ग के कर्मचारी ,सहायक प्रशासी पदाधिकारी प्रधानलिपिक तथा उच्च वर्गीय लिपिक के पदों से वंचित हो रहे हैं । समूह ह्लघह्व के कर्मियों को निम्न वर्गीय लिपिक के पदपर 15% प्रोन्नति का प्रावधान है, उसे अम्ली-जामा नही दिया जा रहा है । वित्तविभाग एवम् स्वास्थ्य विभाग के निदेश के बाबजूद परिधापक संवर्ग को 01.01.2016 से वेतन पुनरीक्षण नहीं किया जा रहा है जो लाल फीतासाही का द्योतक है । आज हमलोग चिकित्सा विभाग के संविदा पर कार्यरत ए. एन.एम सहित अन्य कर्मचारियों के मांगों संबंधित अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग को संबोधित मांग संलेख भी समर्पित कर रहे हैं। मलेरिया कर्मचारी संघ के जिला मंत्री गोपाल नारायण झा ने कहा कि हमारी अस्थानीय समस्या घनीभूत हो रहा है,परंतु सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा उसे दरकिनार कर कान में रुई देकर सोया हुआ है बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि सिविल सर्जन द्वारा समस्याओं कानीदान नहीं किया जा रहा है और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा ए. एन.एम सहित अन्य कर्मचारियों का दमन किया जा रहा है। इन समस्याओं को लेकर आंदोलन तेज करना होगा । इस अवसर पर रंभा कुमारी , आरती कुमारी , मोनालिशा , नूतन कुमारी , अनामिका कुमारी, आद्या कुमारी, विभा कुमारी, राम बहादुर पासवान, गनौर पासवान आदि ने विचार व्यक्त किया तथा संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया ।

सांसद द्वारा कमाख्या - गया एक्सप्रेस का तिलैया जंक्शन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

नवादा। सांसद चन्दन सिंह द्वारा गाड़ी संख्या- 15619 /15620 गया - कमाख्या एक्सप्रेस का तिलैया जं. स्टेशन पर ठहराव का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। गया - कमाख्या एक्सप्रेस गाड़ी संख्या- 15619 का आगमन/प्रस्थान तिलैया स्टेशन पर दोपहर 13.48/ 13.50 बजे एवं गाड़ी संख्या - 15620 का प्रातः 04.06/04.08 बजे ठहराव के साथ आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन के ठहराव शुरू होने से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले जनमानस को किऊल होते हुए कमाख्या आने - जाने में काफी सहुलियत होगी। इस अवसर पर सांसद चन्दन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस ट्रेन के ठहराव दिये जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अश्विनी वैष्णव रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री को धन्यवाद दिए । इस अवसर पर दानापुर रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), ' अनुपम कुमार चंदन एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारी सहित यात्री जनमानस भी मौजूद रहें।

शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रखंड जदयू अध्यक्ष बने गौरी यादव

प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) शिक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोज भटनागर ने प्रखंड के गौरी यादव को पुरैनी प्रखंड जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इससे संबंधित पत्र सौपते हुए आशा प्रकट करते हुए कहा है कि संगठन को मजबूत, धारदार एवं गतिशील बनाने में गौरी यादव का सक्रिय भूमिका अपेक्षित है तथा मनोनयन पार्टी के प्रति इनके समर्पण एवं सक्रियता को देखते हुए मनोयान पत्र सौपा गया है। उनके इस मनोनयन पर मुखिया विनोद कांबली निषाद, विश्वनाथ साहनी, मनोज साहनी, सहित कई लोगों ने बधाई दी है। इनलोगों ने कहा है कि गौरी यादव के इस पद पर मनोनयन से शिक्षा प्रकोष्ठ सहित पार्टी की मूल इकाई को भी इस प्रखंड में मजबूती मिलेगी। श्री गौरी यादव ने कहा, सरकार ने जो मुझपे भरोसा जताया है उसका मैं आभारी हूँ और मैं सरकार को यह आश्वासन देता हूँ की मैं यह भार की ज़िम्मेदारी बहुत ही ईमानदारी से निभाऊँगा और इस प्रकोष्ठ को सर्वोच्च पर ले जाऊँगा।

लोकसभा चुनाव की तैयारी पर लोजपा ने की चर्चा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा लोक जनशक्ति पार्टी (रामबिलास) के जिला कार्यकारणी की बैठक मंगलवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश पासवान की अध्यक्षता में सिंहेश्वर में हुई। बैठक में पार्टी के अनुमंडल अध्यक्ष,विधानसभा अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष एवं विभिन प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों के साथ बूथ कमेटी समीक्षा हुई। बैठक में लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव सह पार्टी मधेपुरा जिला प्रभारी प्रदीप कुमार ठाकुर शामिल हुए। समीक्षा बैठक में कायकताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनशक्ति पार्टी रामविलास के कार्यकताओं का बूथ स्तर पर कमेटी बनाने में जुट गए हैं। मौके पर विजय कुमार भगत, जिला महासचिव राजेश कुमार, जिला प्रवक्ता मिथिलेश कुमार, किसान सेल के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार,धर्म पासवान, नवीन कुमार यादव, पंकज ठाकुर, केशव कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय परिसर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओ की बैठक जिलाध्यक्ष निशांत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कॉलेज कमिटी के विस्तार के लिए ज्ञानेंद्र कुमार, दीपक कुमार, दिलखुश कुमार, लाल बहादुर, रवि कुमार, विभाष कुमार, आशुतोष राजा, प्रदीप कुमार और सुनील कुमार को संयोजक बनाया गया। आगामी 20 मार्च को टीपी कॉलेज कमिटी का विस्तार किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की आज जिस प्रकार से देश में अराजक स्थिति बनी हुई है, बेरोजगारी, महंगाई आसमान छू रही है। देश की जनता के लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकार पर सरकार द्वारा हमले किए जा रहे है। ऐसे समय छात्र और युवाओं का कर्तव्य बढ़ गया है। देश को बचाने, आवाम के हक और अधिकार को सुरक्षित रखने की जिम्मेवारी छात्र और युवाओं के कंधे पर है। इतिहास गवाह है की जब - जब शासन तानाशाह और निरकुंश हुआ है तब -तब छात्र और युवाओं ने आगे बढ़कर संघर्ष किया है। उन्होंने कहा की आज एनएसयूआई मोदी सरकार के तानासाही, छात्र और युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही है। उस संघर्ष और आंदोलन में आम छात्र और युवाओं को जोड़ने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष निशांत यादव ने कहा की इसलिए एनएसयूआई युद्धस्तर पर संगठन का विस्तार कर रही है। संगठन को पंचायत स्तर पर विस्तार देकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा की आगामी 20 मार्च के बाद एनएसयूआई जिले भर में नुक्कड़ सभा आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाएगा एवं अप्रैल में छात्र - युवा महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, जिला सचिव सोनू कुमार, जिला महासचिव जयकिशन कुमार, मधेपुरा प्रखंड संयोजक निरंजन कुमार, घैलाध संयोजक अमरेश कुमार, नीतीश कुमार यादव, कृष्णा यादव, रंजित कुमार, प्रिंस कुमार, विकाश कुमार, हिमांशु कुमार, मणिभूषण कुमार, रमन यादव, आशीष कुमार, आयुष कुमार, दिलखुश कुमार, अमित कुमार, श्रवण कुमार, गौतम कुमार, दूलेन कुमार समेत दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नगर इकाई का आक्रोश मार्च आज

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मधेपुरा नगर इकाई ने राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन के तहत संदेशखाली (पश्चिम बंगाल) में महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ एक आक्रोश मार्च निकाला। यह मार्च बीएनएमयू प्रशासनिक परिसर से कॉलेज चौक तक निकाला गया। नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् हमेशा राष्ट्रपति के मुद्दों को केंद्र में रखकर कार्य करता रहा है। हमारे लिए राष्ट्रीयहित सर्वोपरि है और राष्ट्र-विरोधी ताकतों के मनसुबों को कभी भी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। विभाग संयोजक सौरभ यादव ने कहा कि बंगाल की पवित्र भूमि देवी स्वरूप शक्ति की आराधना-स्थली रही है। दुर्भाग्यवश वर्तमान में पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वोट बैंक की संकीर्ण राजनीति के चलते महिलाओं की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह जिहादियों के विस्तारवादी चरित्र का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में देखें तो अक्टूबर-नवंबर 1946 में स्वतंत्रता पूर्व के तत्कालीन संयुक्त बंगाल में नोआखाली की विध्वंसक घटना की याद दिलाती है। संदेशखाली की घटना भी इस की पुनरावृति प्रतीत होती है। जिला संयोजक नवनीत सम्राट ने राष्ट्रपति से मांग की है कि वे अपनी ओर से इस मामले में हस्तक्षेप करें। अविलंब सत्ता प्रायोजित एवं सत्ता संपोषित हिंसा एवं महिलाओं की सामूहिक अस्मिता-हनन पर रोक लगाई जाए। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की केंद्रीय एजेंसी जांच एजेंसी के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों पर कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। नगर मंत्री अंकित आनंद ने कहा कि महिला विरोधी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीतीश सिंह यादव ने कहा कि संदेशखाली में जिहादी समूह द्वारा स्त्री-अस्मिता का हनन किया जा रहा है। अधिकांश पीड़ित महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनूसूचित वर्ग की हैं। इस अवसर पर राजू सनातन, सत्यम कुमार , अंकित राज, सौरभ कुमार, गुरुनंदन कुमार, अमरजीत कुमार, विशाल कुमार, बाबुल कुमार, आशीष कुमार, मानव कुमार, शिवम कुमार , सुभम कुमार, सौरभ कुमार, देवाशीष कुमार आदि उपस्थित थे।

मोटर चालक ने एक बुजुर्ग को मारपीट कर किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा श्रीनगर थाना क्षेत्र के पुरैनी वार्ड नंबर 13 में खेत में लगे पानी पटाने वाला मोटर को लेकर कहा सुनी में मोटर चालक ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। पुरैनी वार्ड नंबर 13 निवासी घायल अब्दुल अब्दुल वदूद ने बताया खेत में पानी पटाने के दौरान जदिया थाना क्षेत्र के मोहरमपुर निवासी मोहम्मद मोजीब का मोटर खराब हो गया। मोटर चालक मोहम्मद मोजीब और बुजुर्ग अब्दुल वदूद के बीच कहां सनी होते हुए मोटर चालक मोहम्मद मोजीब ने धारदार कछिया से बुजुर्ग अब्दुल वदूद पर हमला कर दिया। जिससे अब्दुल वदूद घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया है।

कथाकार फणीश्वरनाथ की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर । शुकदेव मुखलाल महाविद्यालय हाजीपुर के सभागार में कथाकार फणीश्वरनाथ की 124वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक एवं कवि अरुण कुमार सिंह की, जबकि संचालन प्रो. रवीन्द्र कुमार भक्त ने किया। सर्वप्रथम समारोह में कथाकार रेणु के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय साहित्य परिषद् बिहार प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रियदर्शी ने कहा कि रेणु महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध आंचलिक कथाकार थे, उनकी रचनाओं में आज भी गांव ज़िन्दा है। अध्यक्षीय संबोधन में जिला के प्रसिद्ध कवि अनिल कुमार ने कहा कि कथाकार फणीश्वरनाथ रेणु अंधेर बंद कमरे के लेखक नहीं थे। जहां पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्य और स्थापित धारणाएं टूट रही हो, लोक संस्कृतियां टूटती हुई विलुप्त होती जा रही हो। वहां भला रेणु कैसे चुप बैठ सकते थे। यह सब देखना उनके जैसे संवेदनशील लेखक के लिए एक सांस्कृतिक यातना थी। उनकी सामाजिक सोंच व स्वतंत्रता के लिए किए गए जन आंदोलनों ने उनका लेखकीय मानस तैयार कर दिया था। उन्होंने प्रेमचंद के कुरुप यथार्थ को लोकजीवन की बहुरंगी छवियों से सजा दिया। अबोल भाषा को भी उन्होंने बोली दे दी। मौके पर उपस्थित बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय महनार के शिक्षक डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कथाकार रेणु को अपनी माटी, अपने समाज के रीति-रिवाजों, लोकगीतों और स्थानीय बोलियों से अत्यधिक लगाव था। उनकी जीवन शैली, रचना शैली, शब्द शैली, शब्द चयन व परिस्थितियों से लगाव का ही निचोड़ था उनकी कालजयी रचना मैला आँचल। बिहार के पुर्णिमा जनपद अंतर्गत औराही हिंगना गांव में पैदा हुए लाल ने हिन्दी साहित्य के लिए परती परिकथा, ठुमरी, अग्निखोर, मारे गए गुलफाम जैसी रचनाएं देकर उसे समृद्ध बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी। समारोह में प्रो. विजय कुमार प्रसाद एवं शिक्षक डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि कथाकार रेणु को अपनी माटी, अपने समाज के रीति-रिवाजों, लोकगीतों और स्थानीय बोलियों से अत्यधिक लगाव था। उनकी जीवन शैली, रचना शैली, शब्द शैली, शब्द चयन व परिस्थितियों से लगाव का ही निचोड़ था उनकी कालजयी रचना मैला आँचल। बिहार के पुर्णिमा जनपद अंतर्गत औराही हिंगना गांव में पैदा हुए लाल ने हिन्दी साहित्य के लिए परती परिकथा, ठुमरी, अग्निखोर, मारे गए गुलफाम जैसी रचनाएं देकर उसे समृद्ध बनाने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी। शिक्षक योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, वीणा द्विवेदी, अनिल कुमार अमोला, पूजा कुमारी, उमाशंकर राय, मुकेश कुमार, समन्वयक अमरेन्द्र कुमार, शिक्षक राघवेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, शिवचंद्र राम, रामनाथ राम, महेश प्रसाद यादव, रामदास राम, अनुराग आनंद, ज्योति कुमार, सविता कुमारी ने रेणु के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में डॉ. संजय विजित्वर, डॉ. महेश राय, डॉ. मीना, प्रो. मीनाली प्रियदर्शी, रंजीत कुमार सिंह, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रमन कुमार, राजीव कुमार सिंह, रुपा कुमारी, रश्मि कुमारी, अस्मिता सिंह के अलावे बड़ी संख्या में प्राध्यापक और शिक्षक उपस्थित थे। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अरुण कुमार ने किया।

श्रीमद्भगवद्गीता का प्रभाव विषयक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा मारवाड़ी महाविद्यालय, दरभंगा के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में ह्लभारतीय ज्ञान-परंपरा पर श्रीमद्भगवद्गीता का प्रभावह्व विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड में किया गया, जिसमें दिल्ली, असम, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, बिहार, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश आदि के साथ ही मंगोलिया आदि देशों के 100 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता हुई। प्रधानाचार्य डा दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन सत्र में दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो ओम नाथ बिमली ने उद्घाटन वक्तव्य दिया, जबकि जेएनयू ,नई दिल्ली के संस्कृत एवं प्राच्य विद्या के प्राध्यापक प्रो सी उपेन्द्र राव ने बीज वक्तव्य दिया। वहीं मिथिला विश्वविद्यालय के संस्कृत- प्राध्यापक डा आर एन चौरसिया ने मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वक्तव्य दिया, जबकि इस्कॉन, शुभंकरपुर, दरभंगा के प्रबंधक लक्ष्मण कृपा दास ने विशिष्ट वक्तव्य दिया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव डा सुनीता कुमारी के संचालन में आयोजित इस सत्र में अतिथि स्वागत एवं विषय प्रवर्तन संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं संगोष्ठी- संयोजक डा विकास सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के बर्सर डा अवधेश प्रसाद यादव ने किया। सेमिनार में जीडी कॉलेज, बेगूसराय के डा शशिकांत पांडे, संस्कृत विश्वविद्यालय के डा नंदकिशोर ठाकुर, आरबीएस कॉलेज, अंदौर के डा राम नारायण राय, एम एस एस कॉलेज, सरिसवपाही के डा शकुंतला कुमारी, डॉ कविता, डा विनोद बैठा, पीजी से डा अंकित कुमार, डा अमित कुमार सिंह, डा अनिरुद्ध प्रसाद, डा गजेन्द्र भारद्वाज, गंगेश कुमार झा, डा रवि कुमार राम तथा डा हेमंत कुमार ठाकुर आदि सहित 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित थे। उद्घाटन वक्तव्य में प्रो ओमनाथ बिमली ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वोत्कृष्ट है जो मूलतः एक श्रुति परंपरा है, जिसका मूल वेद है। गीता भी वेदज्ञान को ही प्रतिपादित करती है, जिसमें भक्ति, कर्म और ज्ञान आदि का विशेष रूप से प्रतिपादन हुआ है। उन्होंने कहा कि गीताज्ञान समग्र है, जिसका भारतीय ज्ञान- परंपरा के सभी आयामों पर गहरा प्रभाव पड़ा है। बीज वक्तव्य में प्रो सी उपेन्द्र राव ने सेमिनार के विषय को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि गीता महोदधि है और गीताज्ञान आचरण का ज्ञान है। इसलिए हर अवस्था के व्यक्तियों को गीताज्ञान सतत प्राप्त करना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य डा दिलीप कुमार ने सेमिनार आयोजन को सफल बताते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवा पीढ़ी में नई ऊर्जा तथा ज्ञान का प्रवाह होता है। उन्होंने कहा कि विपरीत स्थिति में भी गीताज्ञान हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। गीता में बहुत- सी ऐसी बातें वर्णित हैं जो हमारे जीवन को सफल एवं उपयोगी बनती हैं।

महाविद्यालय में निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर।प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, जमुनी लाल महाविद्यालय, हाजीपुर (वैशाली) में डॉ रजनीश कुमार की अध्यक्षता में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र,छात्राओ को मार्ग दर्शन सह निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। केंद्र निदेशक डॉ रजनीश कुमार और श्री आलोक कुमार, नोडल पदाधिकारी, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना ने बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में सरकार द्वारा उपलब्ध संसाधनों , छात्रवृत्ति एवं योजनाओं के बारे में व्यापक रूप से छात्र/छात्राओ को बतलाया ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। श्री आलोक कुमार ने केंद्र में वाई फाई सुविधा, पुस्तकालय, स्मार्ट बोर्ड एवं कुशल शिक्षकों के नेतृत्व में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सभी को लक्ष्य निर्धारित कर सही दिशा में कठिन परिश्रम को ही सफलता का मूलमंत्र बतलाया। इस अवसर पर डॉ सुजीत मुखर्जी, कुमार देवेश, मिलिंद कुमार, राजीव कुमार सिंह, राजीव कुमार और शहजाद आदि उपस्थित रहे।

अलग-अलग जगह से चार नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता

कुमारखंड (मधेपुरा) कुमारखंड थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से कुमारखंड पुलिस ने छापेमारी कर चार आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में मंगलवार को न्याय किरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया थाना कांड संख्या 57/24 के नामजद आरोपी सुनील कुमार को कुमारखंड वार्ड 12 से गिरफ्तार किया। वही भवानीपुर में कुमारखंड पुलिस ने छापेमारी कर एससी एसटी के फरार वारंटी थाना कांड संख्या 158/18 के नामजद आरोपी उपेंद्र राय अमित राय अर्जुन राय को गिरफ्तार कर मंगलवार को पुलिस अभीरक्षा में न्यायाधीश में जेल भेज दिया।

दो दिवसीय किसान मेला -सह- कृषि प्रदर्शनी शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। किसान मेला -सह- कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मेला -सह- प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री विनोद कुमार सिंह, अपर समाहर्त्ता, वैशाली के कर कमलों द्वारा किया गया। डा० वेद नारायण सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, वैशाली द्वारा बुके एवं अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया गया। अपर समाहर्त्ता, वैशाली द्वारा कृषि प्रदर्शनी, यांत्रिक स्टॉल एवं आत्मा के समूहो द्वारा तैयार किये गये उत्पाद, मोटे अनाज की सामग्री इत्यादि का निरीक्षण करते हुये मेले में भाग लेने वाले कृषकों को लाभ उठाने का अनुरोध किया। कृषि प्रदर्शनी में कृषकों द्वारा लाये गये प्रदर्श आलू, फूलगोभी, बंधगोभी, मूली, गाजर, पपीता, गेन्दा, डहेलिया, सेम, लौकी, बैगन, मशरूम, शलगम, नीम्बू, केला, टमाटर इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा उद्घाटन सत्र में जानकारी दी गयी कि कृषि यंत्र ट्रैक्टर, रोटा वेटर, पावर टीलर, रीपर, गटोर, नेपसेक इत्यादि हेतु लॉटरी सिस्टम से चयनित कृषकों को अनुदानित दर पर मेला में ही यंत्र वितरित किया जायेगा। मेले में तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केन्द्र के विशेषज्ञ वैज्ञानिक द्वारा कृषकों को गरमा फसलों एवं गरमा सब्जियों की खेती एवं उनमें लगने वाले रोगो के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी। सहायक निदेशक, (रसायन) श्री शिवेश मिश्रा द्वारा मिट्टी जाँच के लाभकारी गुणों से कृषकों को अवगत कराया गया। मेले में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, हाजीपुर सुश्री रिंकी कुमारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, महुआ श्री रविरंजन कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, महनार - श्री इन्द्रजीत कुमार, पौधा संरक्षण निरीक्षक श्रीमती उषा किरण, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण - श्री अजीत कुमार शरण, उप परियोजना निदेशक श्री रमण कुमार एवं श्री सियाराम साहू, जिले के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के साथ आत्मा, वैशाली के सभी कर्मी उपस्थित थे।

पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का हुआ समापन

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के सभा कक्ष में पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन आत्मा मधेपुरा के द्वारा किसानों के बीच कराया गया ।जिसमें मुख्य रूप से किसानों को विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण पटना के बकरी पालन विशेषज्ञ संजय कुमार के द्वारा दी गई। बताते चलें कि आत्मा मधेपुरा के द्वारा किसानो के लिए पांच दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। जिसमें बकरी पालक कृषकों ने समय पर उपस्थित होकर बकरी पालन की आवश्यकता क्यों ,बकरी कैसे पालन किया जाए ,बकरी पालन करने से स्वरोजगार का उन्मुखीकरण कैसे होगा तथा बैंक के द्वारा बकरी पालन करने वाले कृषकों को अनुदान की राशि कैसे मिलेगी इन पांच दिनों में कृषकों ने विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया ।वही अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि किसानों के लिए बकरी पालन एक आमदनी का स्रोत है, प्रशिक्षण के माध्यम से जो भी तकनीकी जानकारी कृषक बंधु को प्राप्त हुई है ,उसका बकरी पालन में भरपूर सहयोग लेंगे ।वहीं बताया कि किसान के लिए बकरी पालन में भी अनुदान की राशि सरकार के द्वारा मुहैया कराई जाती है ।इसके लिए किसानों को प्रोजेक्ट डिटेल के साथ आवश्यक दस्तावेज बैंक को उपलब्ध कराई जाती है ।तत्पश्चात बैंक के द्वारा प्रोजेक्ट के आधार पर ऋण दिया जाता है ,वहीं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किए कि

सम्पादकीय

ये आंकड़े चुनावी हैं?

उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने आर्थिक वृद्धि संबंधी आंकड़ों में कई संशोधन किए और नतीजा हुआ कि भारत के 2023-24 के आंकड़ों में चमत्कारिक वृद्धि हो गई। पिछले महीने एनएसओ ने यह वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। अब इसे बढ़ाकर 7.6 प्रतिशत कर दिया गया है। बताया गया कि वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में यह दर 8.4 प्रतिशत तक पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में अनुमानित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) को बढ़ा कर 6.9 प्रतिशत पर रखा गया है। तो यह देखना दिलचस्प होगा कि आखिर बाकी संशोधन किस आधार पर किए गए। एनएसओ ने 2022-23 में दर्ज हुई जीडीपी वृद्धि दर को घटाकर अब 7.2 से 7 प्रतिशत कर दिया है। जाहिर है, जब आधार नीचे हुआ, तो इस वर्ष की वृद्धि दर ऊंची हो गई। वैसे संशोधन 2021-22 (कोरोना महामारी के ठीक बाद वाले साल) के आंकड़ों में भी किया गया, जिसे अब 9.1 से बढ़ाकर 9.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो चूंकि वह आधार ऊंचा हुआ, तो अगले वर्ष की वृद्धि दर गिर गई। उधर पिछले वित्त वर्ष के बारे में बताया गया था कि जीवीए वृद्धि 7 प्रतिशत रही। लेकिन अब इसे घटा कर 6.7 प्रतिशत कर दिया गया है। तो यहां भी आधार नीचे हुआ। उससे चालू वित्त वर्ष का अनुमान ऊंचा हो गया। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष बाद आंकड़ों में संशोधन किया गया है। तो प्रश्न है कि क्या अब बताए गए आंकड़े अंतिम हैं? या आम चुनाव के माहौल में सुर्खियां बटोर लेने के बाद इनमें भी परिवर्तन किया जाएगा?यह देखकर कहानी कुछ और रहस्यमय हो जाती है कि एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष में निजी उपभोग में अब सिर्फ तीन प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया है, जबकि जनवरी में जारी आंकड़ों में इसके 4.4 प्रतिशत रहने का अंदाजा लगाया गया था। उधर कृषि क्षेत्र के जीवीए में 0.8 फीसदी की गिरावट आने का अनुमान लगाया गया है, जबकि पूरे वर्ष में महज 0.7 प्रतिशत वृद्धि की बात कही गई है। फिर भी संभवतः कुछ चुने हुए आंकड़ों के आधार पर खुशहाली की कहानी बुनी गई है।

कांग्रेस में सीटिंग गेटिंग का फॉर्मूला

एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी थोक के भाव सांसदों की टिकट काटने जा रही है तो दूसरी ओर कांग्रेस यथास्थिति रखने वाली है। पार्टी के जानकार सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस इस बार शायद की किसी सांसद की टिकट काटेगी। राज्यों से भी सभी मौजूदा सांसदों के नाम की सिफारिश की जा रही है। कांग्रेस के साथ मुश्किल यह है कि उत्तर भारत के राज्यों में उसके गिनती के सांसद हैं। उनमें से भी झारखंड की सिंहभूम सीट से जीती कांग्रेस की सांसद गीता कोड़ा भाजपा में चली गई हैं तो उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से जीतीं सोनिया गांधी चुनाव नहीं लड़ेंगी। वे राज्यसभा में चली गई हैं। इसलिए इन दो सीटों पर नए उम्मीदवार देने होंगे। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के नकुलनाथ इकलौते सांसद हैं, जो छिंदवाड़ा से जीते थे। वे इस बार भी लड़ेंगे और छत्तीसगढ़ के दोनों सांसदों-कोरबा की ज्योत्सना चरणदास महंत और बस्तर के दीपक बैज को फिर से टिकट मिलेगी। कर्नाटक में कांग्रेस सिर्फ एक बेंगलुरू ग्रामीण सीट से जीती थी। उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के भाई डीके सुरेश उस सीट से सांसद हैं और फिर से उनको ही इस सीट पर लडा है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं, जिसमें 15 सीटें कांग्रेस की थी। इस बार केरल प्रदेश कमेटी ने सभी 15 मौजूदा सांसदों को फिर से टिकट देने का प्रस्ताव पार्टी आलाकमान को भेजा है। इसमें राहुल गांधी की वायनाड सीट भी है। तेलंगाना में कांग्रेस तीन सीटों पर जीती थी। रेवंत रेड्डी के मुख्यमंत्री बनने और एन उत्तम कुमार रेड्डी के मंत्री बनने से दो सीटें खाली हुई हैं। वहां नए उम्मीदवार होंगे लेकिन तमिलनाडु में सभी नौ सांसदों को रिपीट किए जाने की खबर है। बिहार में कांग्रेस एकमात्र किशनगंज सीट जीती थी, जहां से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को फिर से टिकट मिलेगी। पश्चिम बंगाल की दोनों सीटों- बहरामपुर और माल्दा दक्षिण पर मौजूदा सांसद- अधीर रंजन चौधरी और अबू हाशिम खां चौधरी ही चुनाव लड़ेंगे।

एमएसपी को कानूनी दर्जे से मजबूत होगी कृषि

-अरविंद सरदाना-

कृषि के मामले में स्पष्ट है कि सरकार 23 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) घोषित करती है, जबकि भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के माध्यम से कुछ ही इलाकों में मुख्यतः गेहूं और धान भर खरीदती है। यानी एमएसपी पर उपज खरीदने की सरकारी घोषणा महज कागजी होती है। सरकार की दलील रही है कि यदि वह सभी फसलें खरीदे तो उसका वित्तीय बोझ असहनीय हो जाएगा। ऐसे में इस दलील को परखना जरूरी है। मूल बात यह है कि सरकारी खरीदी एवं निजी बाजार-व्यापार साथ-साथ चलते हैं। ये व्यवस्थाएं कॉम्पिटिशन के साथ एक दूसरे की पूरक बन जाती हैं। इन 23 एमएसपी फसलों को तीन वर्गों में बांटा जा सकता है। अव्वल तो कुछ फसलें ऐसी हैं जिनका निजी बाजार मजबूत है, खासकर जिनकी कारखानों के लिए खरीदी होती है। इन फसलों के लिए एमएसपी एक न्यूनतम भाव, यानी मंडी में फ्लोर प्राइस बन सकती है। इसे हम एक उदाहरण से समझ सकते हैं- वर्ष 2023 में फसल आने पर सोयाबीन का भाव 4500 रुपए से 5000 रुपए क्विंटल था। व्यापारी मिलों के लिए सोयाबीन मण्डियों से खरीद रहे थे। एमएसपी का भाव 4600 रुपए क्विंटल था। एक वर्ष पहले यह भाव 6000 रुपए क्विंटल के ऊपर था। यदि विशेष परिस्थितियों में मण्डियों में बोली लगातार एमएसपी के नीचे लग रही हो तो सरकार को दखल देना चाहिए। यह दो तरीकों से हो सकता है। मण्डियों के कर्मचारी यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसान के माल की बोली एक निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार एमएसपी से कम दाम पर न हो। जहां मिल द्वारा उपज खरीदी जाती है, वह भी एमएसपी से कम पर न हो। यदि भाव को नियंत्रित करना जरूरी हो तो अंशकालिक सरकारी खरीदी खोल देनी चाहिए। कॉम्पिटिशन से निजी बाजार पर प्रभाव पड़ेगा और दाम ऊपर आएंगे। कई व्यापारिक फसलें जिनका आमतौर पर बाजार भाव एमएसपी के ऊपर रहता है, उनके लिए सरकार को उपार्जन की जरूरत नहीं है। कभी-कभी सरकारी खरीदी करना पड़ सकती है। दूसरी सूची उन फसलों की होगी जिनका कटाई के बाद का भाव एमएसपी से 10 से 30 प्रतिशत नीचे रह सकता है। उदाहरण के लिए जब मक्का का भाव कटाई के समय 1750 रुपए क्विंटल था तब एमएसपी का भाव 2090 रुपए क्विंटल था। इस दौरान किसी को भी एमएसपी नहीं मिल रही थी। इस फसल पर निजी बाजार एमएसपी के नीचे ही चलता रहा। ऐसी स्थिति में सरकार के लिए केवल एमएसपी के नियम को लागू करने से काम नहीं चलेगा। भाव को ऊपर खींचना होगा। इसके लिए सरकार को विकेंद्रीकृत तरीके से हर जिले में छोटे-छोटे उपार्जन-केंद्र खोलने होंगे और 10 से 40 प्रतिशत फसल खरीदने की व्यवस्था बनानी होगी। उदाहरण के लिए गेहूं को देखें। एक जिले में 50 से अधिक उपार्जन केंद्र हैं। किसान पंजीयन करते हैं और उन्हें पास का केंद्र मिल जाता है। उपार्जन के बाद पैसे उनके बैंक खाते में डाल दिए जाते हैं। इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था के कारण 30 से 50 प्रतिशत किसान इसका लाभ ले पाए। बड़ी बात यह रही कि निजी व्यापार पर कॉम्पिटिशन का असर पड़ा और मंडी के भाव एमएसपी के पास या अधिक रहे। उपार्जन ने निजी व्यापार भाव को भी ऊपर उठाया। 40 से 60 प्रतिशत व्यापार निजी बाजार से हुआ और किसानों को उचित भाव मिले। नया कानून इसको सुनिश्चित कर सकता है। हर वर्ष एमएसपी की घोषणा के साथ-साथ विकेंद्रीकृत उपार्जन व्यवस्था की घोषणा अनिवार्य होनी चाहिए। हर राज्य के लिए कुछ ऐसी फसलों को (गेहूं और चावल को छोडकर) चुना जाए जिनका निजी व्यापार या मंडी भाव ऊपर उठाया जा सकता है। यह सार्वजनिक हित में होगा और किसान के लिए प्रोत्साहन बनेगा तथा मिश्रित खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। हर राज्य की सूची अलग होगी, पर सभी को मिलाकर देखें तो 23 एमएसपी फसलों में अधिकांश को कवर कर पाएंगे। इसे अनिवार्य करने के लिए एमएसपी की घोषणा से उपार्जन को जोडा होगा और केंद्र द्वारा संचालित एफसीआई को जिम्मेदारी एवं वित्तीय खर्च उठाना होगा। हर राज्य के लिए गेहूं और धान के साथ चुनिन्दा क्षेत्रीय फसलों पर यह नियम लागू होगा। केन्द्र और राज्य इसे तय करेंगे। कई मायनों में एफसीआई का काम बढ़ेगा। उन्हें उन राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर या सार्वजनिक व्यवस्था में निवेश करना होगा जहां आज उपार्जन की व्यवस्था नहीं है।

नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है। ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है।

आशीष वशिष्ठ-
लेखक स्वतन्त्र पत्रकार हैं

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ह्यह्यआवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है। ह्लह्ल खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता।

अब गांधी का नहीं मोदी परिवार भी.....

हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेहरू-गांधी परिवार का खात्मा करने की अविराम कोशिश करते-करते संघ परिवार का ही खात्मा कर बैठे। उन्होंने संघ परिवार के स्थान पर मोदी परिवार का नारा दिया है। स्वर्ग में बैठे संघ के संस्थापक मान्यवर डॉ केशव बलिराम हेडगेवार आंसू बहा रहे हैं। वे अपनी आंखों के सामने संघ परिवार की साख पर मोदी परिवार की कोंपलें फूटते देख रहे हैं। मै हर तरह के। परिवारवाद के खिलाफ रहा हूं किन्तु परिवार के खिलाफ कभी नहीं रहा। परिवार का सुख गृहत्यागी क्या जाने? बाझ के जानि प्रसव की पीड़ा? बहरहाल हम मोदी जी के नये परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हम किसी के परिवार को कोसते नहीं हैं। परिवारवाद हर वाद से ज्यादा लोकप्रिय है। दुनिया भर में समाजवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद अस्तित्व में हैं किन्तु परिवार सबमें हैं। अंबानी अपने बेटे को अपना उत्तराधिकारी बनाते हैं। तो बाकी भी ऐसा ही चाहते हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है। मोदी जी के भी जब शितकेश हो गये तो उन्हें भी स्वाभाविक है कि परिवार की चिंता सताने लगी होगी। बिना परिवार के उनका नाम, वंश आखिर कैसे आगे बढ़ेगा? मोदी जी अब तक देश पर जादू की लकड़ी घुमा रहे थे।

राकेश अचल-
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

नसीब खराब हो तो त्रिदेव भी आपकी मदद नहीं कर सकते। कम से कम हम भारतीय गण तो ये मानकर चलते हैं। हानि, लाभ, जीवन, मरण, जस, अपजस भले ही विधि के हाथ हो लेकिन जो विधि लिखा लिलार, सो बदल नहीं सकता। पूरे 44 साल से नेहरू-गांधी के बहाने राजनीति में परिवारवाद को पानी पी-पीकर कोसने वाले भी आखिर में परिवारवाद के शिकार हो गए। प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी भरे-पूरे परिवार में जन्मे लेकिन अपना परिवार नहीं बना पाए। उनके घर वालों ने मोदी जी का पाणिग्रहण संस्कार भी कराया किंतु उनके लिलार में परिवार बढ़ाना, चलाना विधि ने लिखा ही नहीं। मोदी जी भी अपना गम गलत करने संघ परिवार में शामिल हो गए। कोई माने या न माने किंतु मैं मानता हूं कि भारत में नेहरू-गांधी परिवार से भी बड़ा संघ परिवार है। संघ परिवार में पाणिग्रहण का संस्कार नहीं होता लेकिन परिवार बढता रहता है। संघ परिवार के सदस्य भले ही रक्त संबंधी न हों लेकिन एक-दूसरे पर जान छिड़कते हैं। यानि एक-दूसरे के लिए मर भी सकते हैं और मार भी सकते हैं। ऐसा हमेशा से होता आ रहा है। लेकिन अब शायद नहीं हो पाएगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नेहरू-गांधी परिवार का खात्मा करने की अविराम कोशिश करते-करते संघ परिवार का ही खात्मा कर बैठे। उन्होंने संघ परिवार के स्थान पर मोदी परिवार का नारा दिया है। स्वर्ग में बैठे संघ के संस्थापक मान्यवर डॉ केशव बलिराम हेडगेवार आंसू बहा रहे हैं। वे अपनी आंखों के सामने संघ परिवार की साख पर मोदी परिवार की कोंपलें फूटते देख रहे हैं। मै हर तरह के। परिवारवाद के खिलाफ रहा हूं किन्तु परिवार के खिलाफ कभी नहीं रहा। परिवार का सुख गृहत्यागी क्या जाने? बाझ के जानि प्रसव की पीड़ा? बहरहाल हम मोदी जी के नये परिवार के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। हम किसी के परिवार को कोसते नहीं हैं। परिवारवाद हर वाद से ज्यादा लोकप्रिय है। दुनिया भर में समाजवाद, पूंजीवाद, अधिनायकवाद अस्तित्व में हैं किन्तु परिवार सबमें हैं। अंबानी अपने बेटे को अपना उत्तराधिकारी बनाते हैं। तो बाकी भी ऐसा ही चाहते हैं। इसमें कोई गलत बात भी नहीं है। मोदी जी के भी जब शितकेश हो गये तो उन्हें भी स्वाभाविक है कि परिवार की चिंता सताने लगी होगी। बिना परिवार के उनका नाम, वंश आखिर कैसे आगे बढ़ेगा? मोदी जी अब तक देश पर जादू की लकड़ी घुमा रहे थे। अब उन्होंने संघ परिवार पर ही जादू की लकड़ी घुमा दी है। मोदी परिवार का नारा देकर उन्होंने संघ परिवार की इतिश्री कर दी है। मोदी जी को इस साहसिक कदम के लिए हार्दिक बधाई बनती है। राजनीति में अजर-अमर होने के लिए परिवार एक जरूरी इकाई है। मोदी जी को भी आखिर परिवार चाहिए। वे अच्छी तरह जान गये हैं कि संघ परिवार उनका अपना परिवार नहीं है। संघ परिवार में तो शाखामृग होते हैं। मोदी जी तो शेर भी है और सवा सेर भी। उनके नाम का अलग परिवार होना ही चाहिए। मोदी जी का परिवार सबसे बड़ा और बलशाली हो इसके लिए मोदी जी का तीसरी बार सत्ता में आना आवश्यक है। मोदी जी संघ परिवार पर यकीन नहीं कर सकते। उनके लिए नीतीश कुमार भी काबिले यकीन नहीं हैं। बाबा यानि योगी आदित्यनाथ पर भी उन्हें शायद भरोसा नहीं है।अब शेष भारत को तो छोड़ दीजिए, देखना ये है कि संघ परिवार के कितने लोग अपनी सोशल मीडिया बल्दियत में मोदी जी का नाम लिखते हैं? देखना ये भी है कि संघी भाई अब अपने आपको मोदी भाई कहलाना पसंद करेंगे या नहीं? अब भविष्य की कल्पना कीजिए। जब संघ परिवार की जगह मोदी परिवार चलेगा तो संघ की शाखाओं का नाम भी स्वतः मोदी शाखा हो जाएगा। संघ की वर्दी भी मोदी जी की वर्दी बन जाएगी। इसके लिए किसी अध्यादेश की जरूरत थोड़े ही है। याद रहे कि संघ परिवार अगले साल 2025 में शतायु होने को था किन्तु मोदी जी ने उसे सचिन तेंदुलकर की तरह 99 साल में ही निबटा दिया। भारतीय राजनीति में परिवारवाद के नफा-नुकसान से पूरी दुनिया वाकिफ हैं, सिवाय भारतीयों को छोड़कर। भारत में कोई भी क्षेत्र हो परिवारवाद का शिकार है। राष्ट्रीय ही नहीं क्षेत्रीय राजनीतिक दल भी परिवारवाद के गुलाम हैं। कोई दूध का धुला नहीं है। 2024 का आम चुनाव ही आम आदमी को ये मौका दे रहा है कि वो देश की राजनीति को हर हाल में, हर तरह के परिवारवाद से मुक्त कराए। भले ही वो कैसा भी परिवारवाद हो। वैसे हम पूरी वसुधा को अपना कुटुम्ब मानते हैं। इसलिए परिवारवाद हमारे डीएनए में हजारों साल से मौजूद हैं।

क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?

अजय कुमार-

बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।

चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की ह्यफौजह्ल तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है। 2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया। उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए। 2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने। लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ। 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे, लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने कहा, पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी। मैं समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गया हूं और अब यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी को मजबूत करूँ और अखिलेश यादव का समर्थन करूँ। मुझे यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा। हम सेक्युलर लोगों के साथ रहना चाहते हैं। ह्यह्ल गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से साल 2012 और 2017 में बीएसपी के विधायक रह चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। उन्होंने 2014 और 2022 का लोकसभा उपचुनाव क्रमशः सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़ा था। इसके अलावा अन्य सांसद रितेश पांडेय ने गत दिनों पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की तो इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं। पार्टी के कई सांसदों के बारे में ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनकी निष्ठा बदल चुकी है। हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा न हो जाए तब तक ऐसी अटकलों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती। मगर बीएसपी चीफ मायावती ने खुद यह कहकर इन खबरों को कुछ हद तक प्रामाणिकता दे दी है कि अपना हित साधने में लगे ऐसे सांसदों को पार्टी टिकट दे भी तो क्यों?2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के सा

संक्षिप्त खबरें

ट्रक को जिला खनिज अधिकारी अंजनी कुमार ने किया जब्त

डोरीगंज। अवतार नगर थाना क्षेत्र के एन एच -19 पर हराजी मोड़ के पास अवैध रुप से बालू लाद कर जा रहे एक ट्रक को जिला खनिज पदाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जब्त कर लिया है। वहीं मौके से ट्रक के चालक व उपचालक को भी गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्षा लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार चालक व उपचालक मुजफ्फरपुर जिले के गउराज थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी अच्छेलाल कुमार एवं मोतीपुर थाना क्षेत्र के सिंघैला निवासी सुरज कुमार है। जिन पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने विभिन्न मदो में दिया अरबों का ऋण

मंगलवार के इस लाभार्थी सम्मेलन में वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन ने आवास ऋण के 170 लाभार्थियों के बीच 41.76 करोड़, वाहन ऋण के 209 लाभार्थियों के बीच 38.98, शिक्षा ऋण के 36 लाभार्थियों के बीच 2.51, अन्य खुदरा ऋण के 6,565 लाभार्थियों के बीच 202.77 करोड़, मुद्रा के 922 लाभार्थियों के बीच 32.36, स्टैंड-अप इंडिया के 34 लाभार्थियों के बीच 2.28 करोड़, पीएमस्वनिधि के 751 लाभार्थियों के बीच 1.65 करोड़, पीएमईजीपी के 128 लाभार्थियों के बीच 11.91, अन्य एमएसएमई ऋण के 829 लाभार्थियों को 98.56, केसीसी (कॉर्पोरेशन) के 1,746 लाभार्थियों को 17.38, केसीसी (एएचडी और मछली पालन) के 158 लाभार्थियों को 2.46, एसएचजी के 10,420 लाभार्थियों को 267.98, अन्य कृषि ऋण के 12,542 लाभार्थियों को 266.13 और अन्य ऋण के 3,994 लाभार्थियों को 95.85 करोड़ रुपया प्रदान की।

प्रशासन के तरफ से थी सुदृढ़ व्यवस्था

● सारण जिला अधिकारी अमन समीर एवं पुलिस कप्तान डॉक्टर गौरव मंगल ने खुद मॉनिटरिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आगमन को लेकर के प्रशासन की तरफ से भी चाकचौबंद व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध थे तथा यातायात के लिए आवागमन भी सुलभ रहे इसको भी ध्यान दिया गया था। सारण जिला अधिकारी अमन समीर एवं पुलिस कप्तान डॉक्टर गौरव मंगल ने खुद मॉनिटरिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा थे तथा यातायात के साधनों को सुचारू रूप से चलने देने का प्रयास किया जा रहा था जिसके बदौलत यह कार्यक्रम सफल रहा।जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के तरफ से सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था का मोनेट्रिंग खुल सारण जिला पदाधिकारी अमन समीर और सारण पुलिस कप्तान डॉ गौरव मंगला कर रहे थे। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस कर्मियों की तैनाती सड़को पर की गई थी ताकि आने जाने में काफी जाम का सामना न हो।

आईटीबीपी जवानों ने किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण, संवाददाता

पानापुर(सारण)आसन्न लोकसभा चुनाव को स्वच्छ ,भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को आईटीबीपी जवानों के साथ स्थानीय थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम के नेतृत्व में जवानों ने थाना क्षेत्र के कोंधभगवानपुर ,सतजोड़ा बकवा आदि गांवो में फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन दृढसंकल्पित है।

दरियापुर में केंद्रीय मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

● स्वागत करते भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर। स्थानीय प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शीतलपुर परसा पथ पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व में छपरा जाने के क्रम मे केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री गिरिराज सिंह का गाजे बाजे के साथ फुल माला और अंग वस्त्र से जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह मुखिया प्रतिनिधि छोटू ओझा मुखिया प्रतिनिधि अजय राम पप्पू ओझा सुबोध सिंह अंशु कुमार सरपंच विशाल श्रीवास्तव कुणाल बाबा मोनू सिंह पवन सिंह रामचंद्र पंडित महिला मोर्चा नीलू देवी निरपेन्दर सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. अनिल कुमार बेस्ट सोशल डॉक्टर अवार्ड से सम्मानित

● डॉ. अनिल कुमार चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ साथ समाज सेवा में भी अपना अहम योगदान प्रदान करते रहते है

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार को बेस्ट सोशल डॉक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। फिजिशियन संगठन ऑफ इंडिया एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सारण के संयुक्त तत्वावधान में छपरा शहर के प्रसिद्ध फिजिशियन एवं रि - कंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ अनिल कुमार को छपरा के भाजपा विधायक डॉ सीएन गुप्ता द्वारा बेस्ट सोशल डॉक्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया है. डॉ अनिल कुमार चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ साथ समाज सेवा में भी अपना अहम योगदान प्रदान करते रहते है। समय समय पर गरीब असहाय लोगों के लिए निःशुल्क चिकत्सा शिविर आयोजित कर इलाज करते रहते है और गरीब असहाय लोगों को आर्थिक सहयता के साथ ठंड में कंबल वितरण हो या साडी कपड़ा वितरण करते नजर आते है है। विधायक ने उनकी सराहना करते हुए कहा की डॉ अनिल जैसे लोगों समाज में अपने कार्य से एक अच्छा संदेश देने का काम करते है, और चिकत्सा की डोर को आम लोगों में बनाए रखने में अपना अहम योगदान में अपने आप को पीछे नहीं हटते है. इस मौके पर आईएमए सारण के अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष डॉक्टर जसीमुद्दीन एवं सेक्रेटरी डॉ भानु प्रताप सिंह सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

शपथ कार्यक्रम आयोजित

● मतदान हेतु स्वयं के साथ ही अपने अपने ग्राम और समुदायों में जाकर मतदान करने हेतु सभी को प्रेरित और जागरूक करें

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लोकतंत्र का महापर्व: देश के लिए मेरा मतदान पर एक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने लोकतंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को संदेश दिया की राष्ट्र निर्माण में मतदान कर अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। मतदान हेतु स्वयं के साथ ही अपने अपने ग्राम और समुदायों में जाकर मतदान करने हेतु सभी को प्रेरित और जागरूक करें। मतदान की गरिमा को समझे और अपने मताधिकार का उपयोग कर राष्ट्र को सशक्त बनाए।कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं, शिक्षको सहित सभी को मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भिक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।

ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम छपरा की धरती पर ना देखा ना देख सकेंगे: राजीव प्रताप

प्रात : किरण, संवाददाता

क्रेडिट आउट रीच कार्यक्रम के तहत छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि छपरा के लिए एक एतिहासिक कार्यक्रम है। छपरा की धरती पर ऐसा कार्यक्रम इसके पहले ना देखा था ना आगे देखने की संभावना है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में बताते हुए कहा कि 2022 के विश्व में 100 शक्तिशाली महिलाओं में हमारे वित्त मंत्री भी शामिल थी । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में जो विकास हुआ है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहले पटना से छपरा के गांव में पहुंचने में 24 घंटा का समय लगता था। वनडे सर्विस नाम की बस पटना सुबह से चलती थी तो शाम को अमनौर तरैया पहुंचती थी, पूरे 1 दिन लग जाता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के बदौलत ही पटना से छपरा आने में मात्र 55 मिनट का समय लगता है। छपरा के बारे में उन्होंने बोलते हुए कहा कि दुनिया में इतनी खूबसूरत धरती कहीं देखने को नहीं मिलती जो गंगा, सरयुग, गंडक आदि नदियों से घिरी हुई है। छपरा देश का एक ऐसा शहर बन गया है जहां सबसे पहले गैस पाइपलाइन के माध्यम से लोगों के घर के चूल्हे जलने शुरू हुए। उन्होंने यह भी बताया कि सारण की धरती जो काम प्रधानमंत्री ने चलाया है, देश में सारण पहला जिला है जहां पाइपलाइन से गैस दिया गया। उन्होंने कहा कि पटना से 10 गुना ज्यादा छपरा के लोग पाइप गैस लाइन से अपने घर पर चूल्हा जला रहे हैं ।उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण, राम मंदिर, धारा 370 तथा अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं के लिए तीन तलाक को खत्म कर करके उनको भी इस कुकृत्य से मुक्त कराया।

सोशल मिडिया में उलझ कर पढ़ाई हो रही है बाधित

प्रात : किरण, संवाददाता

तरैया। तरैया प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित हरखपुरा गांव में सावित्री बाल उद्यान के परिसर में मंगलवार को विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के मध्यम से अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया।आज के दौर के छात्र छात्राएं सोशल मिडिया में उलझ जा रहे है ।जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है ।इसे कार्यक्रम के माध्यम से प्रस्तुत कर बच्चों ने समाज को जागरूक किया।वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर के किया। छात्रा पूजा कुमारी, मुस्कान कुमारी, अंजली कुमारी,काजल कुमारी, श्वेता कुमारी,स्वीटी कुमारी, आराध्या कुमारी,रूपा कुमारी, मानवी कुमारी, शोभा कुमारी, संजना कुमारी, अकाश कुमार, आलोक कुमार, दीपक कुमार, निखिल कुमार,विशाल कुमार, रिंकी कुमारी, सिमरन खातून, चांदनी कुमारी,अनुपम कुमारी, खुशी कुमारी,पल्लवी कुमारी, नेहा कुमारी,पलक कुमारी, रजनीश कुमार,आयुष कुमार, आराध्या कुमारी,शनि कुमार, विराट कुमार,अमन कुमार,सुजीत कुमार सहित अन्य छात्र छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया।जिन्हे विद्यालय के संचालक विनोद कुमार यादव द्वारा सम्मानित किया गया।

कुलपति की पहल पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय को मिले दो इकार्ट वाहन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई की पहल पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से मंगलवार दो इकार्ट वाहन प्राप्त हुए। इन वाहनों के जाने से विभिन्न कार्यों को लेकर विश्वविद्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं को काफी सुविधा होगी। इन वाहनों द्वारा छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन और पीजी विभागों तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो रणजीत कुमार, समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो हरिश्चंद, विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

पुलिस पर हमला करने के मामले में युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

डोरीगंज। अवतार नगर पुलिस ने डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी अड्डा गांव में छापेमारी कर पुलिस पर हमला करने मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्षा लक्ष्मी कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक मुन्ना कुमार उर्फ शैलेन्द्र सिंह है। जो विगत 2017 से फरार चल रहा था। विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन और पीजी विभागों तक पहुंचाया जाएगा।

पीएम के आगमन को लेकर सीमा पर बढ़ाई गई सुरक्षा व्यवस्था, मेटल डिटेक्टर एवं डॉग स्क्वायड टीम कर रही जांच

शक होने पर पहचान पत्र की पुष्टि पर ही मिल रहा बॉर्डर से प्रवेश

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। स्थानीय लोकसभा क्षेत्र पश्चिमी चंपारण के बेतिया में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा होना है, जिसको लेकर पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन को लेकर इधर इंडो-नेपाल बॉर्डर के रक्सौल में सुरक्षा व्यवस्था काफी बढ़ा दी गई है। उधर खुफिया एजेंसी भी सक्रिय हो गई है। सीमा से होकर गुजरने वाले हर संदिग्धों की विशेष जांच की जा रही है। वही रक्सौल के रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। आरपीएफ, जीआरपी और एसएसबी की टीम संयुक्त रूप से सघन जांच अभियान चला रही है। वहीं एसएसबी की डॉग स्क्वाड टीम के द्वारा भी जांच की जा रही है। शहर के साथ सीमाई इलाकों होटल एवं गेस्ट हाउस में ठहरने वालो पर भी पुलिस और सुरक्षा एजेंसी की पैनी निगाह बनी हुई है। नेपाल का मुख्य द्वार कहे जाने वाले मैत्री पुल, सहदेवा, महदेवा, पंटोका, सिवान टोला जैसे प्रमुख आवागमन सीमा के अलावा खुली सीमा के पंगडंडी रास्तो पर एसएसबी पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही है। वही नेपाल से भारत आ रहे लोगों की सघनता से जांच की जा रही है। वहीं संदेह की स्थिति में पहचान पत्र की पुष्टि होने के बाद ही भारत मे प्रवेश करने दिया जा रहा है। रक्सौल बॉर्डर पर जांच के लिए मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की मदद ली जा रही है। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार, डीसीआई संजय शर्मा एवं एसएसबी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा आदि मौजूद थे।

क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम के तहत वित्त मंत्री पहुंची छपरा के जेपीयू कैंपस

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदर ।मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जयप्रकाश विश्वविद्यालय के छपरा के कैंपस में क्रेडिटआउटरीच प्रोग्राम के तहत मंगलवार को 2.45 बजे के पी यू के कैंपस छपरा पहुंची। बताते चले की वित्त मंत्री का यह दौड़ा बिहार के लिए पहली दौर है जिसके तहत वे छपरा पहुंची यानी छपरा की धरती पर भी पहली बार किसी केंद्रीय वित्त मंत्री का आगमन क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत हुआ है। विभिन्न बैंकों के माध्यम से लाभार्थियों को केंद्रीय वित्त मंत्री ने उपलब्ध कराया चेक छपरा सदर सारण जिले के जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कैंपस में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमन के द्वारा स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक उत्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एचडीएफसी बैंक यूनियन बैंक आदि।

ड्रोन दीदी नई टेक्नोलॉजी के सहारे आत्मनिर्भर बन रही है : निर्मला सीतारमण

● क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत 61786 लाभार्थियों को दी गई स्वीकृति पत्र

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी भूमिका है, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना,अच्छा घर, स्वच्छ पेयजल एवं गैस तथा बिजली मिले यह मोदी की गारंटी है। महिलाओं के कल्याण के लिए बड़े पैमाने पर योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। यह बातें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सारण की ऐतिहासिक धरती, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत एक महती जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया और 61787 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का सौगात दिया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सारण के ऐतिहासिक धरती से संबोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले बैंक को से लोन लेने के लिए बैंकों को घर,गिरवी सोना सहित उन्हें गारंटी देना पड़ता था। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने इसे आसान बनाते हुए बैंकों को निर्देश दिया कि मोदी की गारंटी पर छोटे-छोटे कारोबारी को ऋण उपलब्ध कराए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि आज मोदी की गारंटी है कि बैंक से छोटे-छोटे उद्योगों को कारोबार के लिए लोन मिल रहा है, और इसका लाभ उठाकर देश के युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अनेक योजनाएं शामिल है। पीएम ने महिला सशक्तिकरण को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया है और महिलाओं को लखपति बनाने का संकल्प लिया है। अब गांव की महिलाएं लखपति दीदी बनेगी। ड्रोन दीदी योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित हो रहा है, और केंद्र सरकार ने इसे बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण भी महिलाओं को दे रही है। नई टेक्नोलॉजी के इस युग में अब महिलाएं ड्रोन चलाकर फसलों पर छिड़काव करेगी। निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए बहुत कुछ कर किया है, और आगे भी महिलाओं के लिए नई-नई योजना लाई जा रही है। पीएम मोदी का संकल्प है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर बने। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मोदी की गारंटी के बाद बैंकों ने युवा उद्यमियों को मोदी की गारंटी पर बड़ी संख्या में लोन दे रहे हैं, जिससे युवाओं में पीएम मोदी के प्रति आत्मविश्वास बढ़ा है, और आत्मनिर्भर के दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2014 के बाद सभी सेक्टरों में बड़े पैमाने पर विकास हुआ है, गरीबों का घर का सपनॉ साकार हो रहा है, गांव-गांव बिजली पहुंच रही है नल से जल मिल रहा है, रोजगार की तरक्की के रास्ते खुल रहे हैं, यह है मोदी की गारंटी। सारण की ऐतिहासिक धरती से संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के लिए गांव,- गांव जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे लोग प्रेरित होकर सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपना रोजी -रोजगार कर आत्मनिर्भर के दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कांचकर में बैंक अधिकारियों की उपस्थिति में 61786 विभिन्न बैंकों द्वारा रोजगार के लिए स्वीकृत युवाओं एवं महिला लाभार्थियों को सुकृति पत्र की सौगात दिया। इस अवसर पर एक दर्जन से अधिक लाभार्थियों को अपने हाथों केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वीकृति पत्र लाभार्थियों को दिया। जिसमें अशरफ अंसारी, अर्जुन पांडेय, अरविंद कुमार तिवारी, मृत्युंजय कुमार, मनीष कुमार यादव, राजेश कुमार राघव, शिवकुमार राज, अभिषेक कुमार दुबे, श्रीमती विजयलक्ष्मी, रेखा कुमारी, सुमंत कुमार, ऋतुराज, सुष्मिता देवी, मोहम्मद अली अख्तर एवं जानकी देवी शामिल है

मॉप अप राउंड के तहत छूटे हुए लोगों को खिलाई जा रही दवा

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) राउंड समाप्त हो चुका है। वहीं अब सारण जिले में छूटे हुए लाभुकों को अब स्वास्थ्य विभाग द्वारा मॉप अप राउंड चलाकर सर्वजन दवा सेवन कराकर हाथीपांव जैसे रोग से सुरक्षित किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा के बंदियों को दवाओं का सेवन कराने के लिए शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल कारा के अधीक्षक, जेलर और अन्य कर्मियों ने दवाओं का सेवन कर किया। जिसके बाद एक एक कर मेडिकल टीम की मौजूदगी में बंदियों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया। इस अवसर पर जेलर के अलावा दवा खिलाने वाली टीम में पीसीआई के डीएमसी सौरिष बनर्जी, पीरामल स्वास्थ्य के बीसी पंकज कुमार शर्मा, राहुल कुमार, ऋषि कुमार, अंशु कुमार और चंद्र कांत कुमार शामिल थे मंडल कारा के अधिकारी और बंदियों को खिलाई जा रही है फाइलेरिया रोधी दवाः डॉ दिलीप कुमार जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि पहले दिन लगभग 200 से अधिक बंदियों को दवाओं का सेवन कराया गया। जबकि लगातार चार दिनों तक मंडल कारा में शिविर लगाकर सभी बंदियों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। ताकि सभी को फाइलेरिया के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। मॉप अप राउंड के दौरान सारण जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके बदौलत छूटे हुए लाभुकों को दवाओं का सेवन कराने के साथ रिफ्यूजल के मामलों को ब्रेक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में 49 लाख 98 हजार 566 लोगों को दवाओं का सेवन कराने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें 40 लाख 93 हजार 586 लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा चुका है।

लोकतंत्र की साक्षात लक्ष्मी आई हैं: गिरिराज

प्रात : किरण, संवाददाता

क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने निर्मला सीतारमण को लोकतंत्र की साक्षात लक्ष्मी बताते हुए कहा कि लोकतंत्र की साक्षात लक्ष्मी छपरा में आई हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि कैश के डिपार्टमेंट की चाबी इन्हीं के पास में है । प्रधानमंत्री जो भी कार्यक्रम विकास के लिए चलते हैं या महिलाओं के सशक्त बनाने के लिए ऋण की व्यवस्था करते हैं उसकी चाभी इन्हीं लक्ष्मी के पास उपलब्ध है। सांसद राजीव प्रताप रूडी के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह बात कहते हैं कि देश में जितने भी सांसद हैं सबसे बढ़िया राजीव प्रताप रूढ़ी है। उन्होंने कहा कि बैंकों के माध्यम से 15 दिन में लोन फाइनल होता है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जीविका दीदी से ईमानदार कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में सबसे ज्यादा यदि कोई ईमानदार है तो जीविका दीदी ही है उन्होंने यह भी कहा कि 2014 के पहले जीविका दीदियों की संख्या नगण्य थी जितनी भी जीविका दीदी बनी है उसका 95% 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के काल में ही बनी है। यह बात बताता है कि मोदी जब नहीं आए थे तो दो करोड़ 37 लाख जीविका दीदी थी जो आज देश में 10 करोड़ 52 लाख से अधिक जीविका दीदी है। देश में 22000 करोड़ का ऋण मिला था जो आज 85000 करोड़ का है। आज देश के अंदर जीविका दीदी से ज्यादा ईमानदारी से पैसा पहुंचने वाला कोई नहीं है उन्होंने अब बताया कि पहले पूरे बिहार में 17 लख दी थी आज 400000 सारण में ही दीदी है और पैसा मोदी जी के कहने पर जो लोकतंत्र की साक्षात लक्ष्मी हमारी केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण बैठी है इन्होंने नरेंद्र मोदी जितना रुपया देने को कहते हैं लक्ष्मी जी उतना देती हैं जितना रुपया दीदी मांगेगा उतना मिलेगा डॉन को लखपति बनना है उन्होंने कहा कि सभी वीडियो को 10 से 15 000 रुपए की आई होगी अभी हमने 3 करोड़ लिया है और भी लेंगे सभी दीदी को लखपति बनने का सपना पूरा किया जाएगा ।सभी दीदी 2014 के पहले तक गैस पर खाना नहीं बनती थी 2014 के बाद सभी गैस पर खाना बना रही है। नरेंद्र मोदी ने बहनों को आंखों में धुएं लगने से रोका ।गिरिराज सिंह ने बताया कि जिनका घर नहीं मिला है उनका घर मिलेगा, शौचालय मिलेगा। नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है तो छपरा से राजीव प्रताप रूडी को भी जीत कर भेजना होगा।

नवादा में शिव परिवार प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के लिए निकली शोभायात्रा

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के नवादा गांव में 29 फरवरी से चल रहे शिव परिवार प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के छठ वें दिन मंगलवारको शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें दुपहिया व चार पहिया वाहनों पर सवार सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। हाथी, घोड़े तथा बैंड बाजा के साथ शोभा यात्रा निपनिया, सहवां, इसुआपुर, गंगाई, अगौथर के नागेश्वरनाथ आदि शिवालयों का भ्रमण करते हुए श्रद्धालु यज्ञस्थल पहुंचे । शोभायात्रा का नेतृत्व उपेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, चंद्रभूषण दुबे,दिनकेश्वर दुबे, संजीत सिंह, मुखिया संजय सिंह, प्रभात सिंह, देवेंद्र सिंह, अशोक सिंह व अन्य ने किया। वहीं आचार्य मधुरेंद्र शास्त्री, सीतांशु शस्त्री, मंजेश चतुर्वेदी, पुरुषोत्तम पांडेय, मधुसूदन शास्त्री, समेत दर्जनों विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

लाखो की संख्या में पहुंचे स्त्री और पुरुष

प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के नवादा गांव में 29 फरवरी से चल रहे शिव परिवार प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के छठ वें दिन मंगलवारको शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें दुपहिया व चार पहिया वाहनों पर सवार सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। हाथी, घोड़े तथा बैंड बाजा के साथ शोभा यात्रा निपनिया, सहवां, इसुआपुर, गंगाई, अगौथर के नागेश्वरनाथ आदि शिवालयों का भ्रमण करते हुए श्रद्धालु यज्ञस्थल पहुंचे । शोभायात्रा का नेतृत्व उपेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, अशोक सिंह व अन्य ने किया।

878 एम्पुल नशीली इंजेक्शन के साथ 2 महिला धराई

प्रात : किरण संवाददाता। रक्सौल। पड़ोसी देश नेपाल के जिला प्रहरी कार्यालय पर्सा ने प्रतिबंधित दवाई सहित 2 महिलाओं को हिरासत में लिया है। उक्त कार्रवाई बीरगंज महानगरपालिका के वार्ड नम्बर-16 रजत जयंती चौक स्थित सड़क खंड से की गई है। जानकारी के मुताबिक भारत के रक्सौल से बीरगंज की तरफ आने वाली सवारी साधन तथा पैदल यात्रियों की जांच करने के क्रम में प्रहरी चौकी इनर्वा एवं लागू औषध नियंत्रण ब्यूरो शाखा पर्सा की टोली ने उक्त प्रतिबंधित दवाओं को बरामद किया है। शक होने पर ली गई तलाशी में रामगढ़वा की एक 43 वर्षीया एवं एक 20 वर्षीया महिला को हिरासत में लिया गया। उक्त जानकारी प्रहरी नायब उपरीक्षक कुमार विक्रम थापा ने जानकारी दी है। वहीं बरामद समान में एक महिला के पास से बुप्रेनॉर्फिन 144 एम्पुल, डाईजेपाम 149 एम्पुल एवं फेनार्गन 131 एम्पुल तथा दूसरी महिला के पास से बुप्रेनॉर्फिन 148 एम्पुल, डाईजेपाम 147 एम्पुल एवं फेनार्गन 147 एम्पुल शामिल है। इस प्रकार कुल 878 एम्पुल नशीली दवाओं को बरामद किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा कार्यकर्ताओ ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

डुमरांव (बक्सर) नगर इकाई क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता ने नगर के जीवित लाभार्थियों के घर-घर दस्तक दे उन्हें मोदी की गारंटी तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता कई वार्डों में जाकर जीवित लाभार्थियों से मुलकात किए। इस दौरान उन्हें भाजपा द्वारा जारी किए गए पत्रक, कार्ड आदि का वितरण किया गया तथा लाभुकों को बताया गया कि केन्द्र सरकार उनके लिए कौन कौन से लाभकारी योजनाएं चला रही है।

रसोई गैस कालाबाजारी के आरोप में दो को हुई सजा

बक्सर (शाहाबाद) अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कमलेश सिंह की कोर्ट ने कमर्शियल गैस सिलिंडर की कालाबाजारी के आरोप में दो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए दो-दो वर्ष की सजा तथा पांच-पांच हजार रूपए का अर्थदंड लगाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विशेष लोक अभियोजक अरविंद चौबे ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ डुमरांव थाने में गैस कालाबाजारी का मामला दर्ज हुआ था। अभियुक्त जमुना शाह पिता रामकिशन शाह नेनुआ, एवं पप्पू भारती पिता जय किशन भारती हथेलीपुर दोनों अभियुक्त 5 जनवरी 2019 को मां डुमरेजनी इंटरप्राइजेज के नाम पर कॉन्फिडेंस पेट्रोलियम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वर्धमान पश्चिम बंगाल से गैस लेकर डुमरांव एवं आसपास के गांव में कालाबाजारी कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम डुमरांव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी बक्सर, एमओ डुमरांव ने संयुक्त छापेमारी की थी।

महाशिवरात्रि पर शांति समिति की हुई बैठक

ब्रह्मपुर (बक्सर) 8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाना है। इस अवसर पर ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसे देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। ताकी विधि व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के तथा श्रद्धालुओं को हर तरह की सुविधाए देने के लिए डुमरांव एसडीओ ने मंगलवार को शांति समिति की बैठक बुलाई है। बैठक में ब्रह्मपुर के बीडीओ, नगर पंचायत ईओ, मुख्य पार्षद, सीओ, थानाध्यक्ष, अंचल निरीक्षक, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग आदि सभी को शामिल होने का निर्देश दिया गया है। वही एसडीओ ने थानाध्यक्ष व बीडीओ से शांति समिति के सदस्यों को बुलाने की बात भी कही है। यह बैठक मंदिर परिसर में अपराह्न दो बजे आयोजित होगा। जिसमें महाशिवरात्रि को ले विशेष चर्चा की जाएगी।

डुमरांव के नए अनुमंडल पदाधिकारी बनें राकेश कुमार

डुमरांव (रोहतास) डुमरांव के एसडीएम कुमार पंकज का तबादला हो गया है। उनकी जगह कृषि विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी रहे राकेश कुमार को डुमरांव एसडीओ नियुक्त किया गया है। जबकि कुमार पंकज को गया जिले में आपदा विभाग में अपर समाहर्ता बनाया गया है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि गृह विभाग ने सोमवार को बड़े पैमाने में पदाधिकारियों का तबादला किया है। इसी कड़ी में डुमरांव के एसडीएम का तबादला हुआ है। हालांकि, राज्य सरकार ने उन्हें पहले ही एडीएम रैंक पर प्रमोशन दे दिया था। लेकिन पदस्थापना नहीं की गई थी। नयें पदस्थापना के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही नये एसडीओ अपना पदभार ग्रहण कर लेंगे।

डिहरी आरएमएस कार्यालय नहीं हटाने के लिए रेलमंत्री को लिखा पत्र

डिहरी ऑनसोन (रोहतास) काराकाट के जदयू सांसद महाबली सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर डिहरी स्टेशन स्थित आरएमएस कार्यालय को स्थानांतरित नहीं करने का अनुरोध किया है। लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि यहां पर स्थापित रेल डाक सेवा कार्यालय रोहतास व कैमूर जिले के 50 उप डाकघर एवं लगभग 150 शाखा डाकघर के डाक कार्यों को संभालता है। सासाराम रेल डाक सेवा को 2007 में हटाने के बाद रोहतास व कैमूर जिलों के लिए यही एकमात्र रेल डाक सेवा कार्यालय अवस्थित है। डिहरी ऑन सोन, डीडीयू तथा गया के बीच सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला स्टेशन है। भौगोलिक दृष्टिकोण से रोहतास जिले की दक्षिण सीमा लगभग 120 किलोमीटर तथा उत्तर 70 किलोमीटर है। इस संबंध में सांसद प्रतिनिधि अरुण शर्मा ने बताया कि सांसद ने जनहित में सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए डिहरी स्थित रेल डाक सेवा कार्यालय वर्तमान की तरह चालू रखने का रेल मंत्री से अनुरोध किया है।

धूम्रपान और प्रतिबंधित गुटखा का भंडारण बिक्री करने पर होगी कार्रवाई : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गुप्तेश्वर धाम में महाशिवरात्रि की तैयारी के संबंध में मंदिर परिसर में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम, प्रखंड विकास पदाधिकारी चेनारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी चेनारी, अंचल अधिकारी चेनारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सासाराम, प्रखंड विकास पदाधिकारी तिलौथू, अंचल अधिकारी सासाराम सहित विभिन्न पदाधिकारी गण तथा न्यास समिति की सदस्य गण सम्मिलित रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा धार्मिक स्थल गुप्तेश्वर धाम के रास्ते का भी निरीक्षण किया

गया। वहां रास्ते में श्रद्धालुओं के सुगम एवं समुचित आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए तथा मूलभूत सुविधाओं के उपलब्धता के संबंध में भी गहनता से निरीक्षण किया गया। रास्ते में पड़ने वाले दुकानों की भी जांच की गई। जांच के क्रम में कोटपा अधिनियम के अंतर्गत प्रतिबंधित गुटका जैसी अवैध सामग्रियों की बड़ी मात्रा जब्त की गई जो लगभग चार बोरे से अधिक थे। इस क्रम में दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई कि धुम्रपान एवं प्रतिबंधित गुटके का भंडारण एवं बिक्री करना अवैध है। इसी प्रकार से विभिन्न पदाधिकारी द्वारा भी अलग-अलग टीम बनाकर के भी जांच की गई तथा अवैध सामग्रियों को जब्त किया गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई। जांच के क्रम में तीन दुकानों में अवैध शराब भी जब्त की गई तथा गांजा भी एक दुकान से जब्त किया गया। इन सभी जब सामग्रियों को चेनारी थाने को सुपुर्द किया गया तथा चार लोग संदेह के आधार पर भी पकड़े गए। जिनसे चेनारी थाना में पूछताछ की जा रही है तथा आगे की विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। मंदिर परिसर में व्यापक अव्यवस्था पाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी तथा न्याय समिति को निर्देशित किया गया कि अभियान चलाकर साफ सफाई दो पालियों में एक सुबह के 5:00 से 6:00 के बीच में तथा इसी प्रकार से अपराह्न में दूसरी पाली में 5 से 6 बजे के बीच में किया जाएगा। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर डीएम ने गुप्तेश्वर धाम परिसर में पदाधिकारियों के साथ बैठक भी किया।

सेमी राइफल के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया

प्रात : किरण संवाददाता

बक्सर (शाहाबाद)। जिले में हथियारों का प्रदर्शन प्रतिनिधियों एवं हथियारबंद समाजसेवियों के लिए आम हो चुका है। कार्यक्रमों में हर्ष फायरिंग की घटनाएं होने से निदोर्षो की जाने जा रही है। सोमवार के बीती रात जहां सिमरी थाना क्षेत्र के नियाजीपुर गांव में आई बारात के दौरान एक 12 वर्षीय मासूम बालक हर्ष फायरिंग का शिकार बना गया।

वही दूसरी तरफ सोमवार की देर रात नैनीजोर थाना क्षेत्र के जवही दियर गांव में पुलिस ने सेमी राइफल के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। सूत्रों की माने तो पुलिस को ग्रामीणों द्वारा यह सूचना मिली कि जवही गांव में शादी समारोह में दबंग मुखिया प्रतिनिधि के शह पर कुछ लोग हथियारो का प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे है। सूचना के सत्यापन के बाद नैनीजोर थानाध्यक्ष फिरोज आलम पुलिस बल के साथ मौके पर घटना स्थल पहुच कार्रवाई शुरू किया। जिसके बाद पुलिस को देख हथियारबंद लोगों के बीच हड़कंप मच गई। वही पुलिस ने मौके से सेमी राइफल के साथ बिहारी यादव नाम के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। जबकि, इसके दो सहयोगी हथियार सहित मौके से भागने में सफल रहे. वही इस मामले को लेकर डुमराँव डीएसपी अफाक अख़्तर अंसारी ने सख्त रुख अख्तियार किया है. डीएसपी के निर्देश पर दबंग मुखिया प्रतिनिधि की भूमिका की जांच में पुलिस जुट गई है। इस संबंध में डीएसपी का कहना है कि कोई भी व्यक्ति यदि हर्ष फायरिंग अथवा हथियारो का प्रदर्शन करता है तो उसे बख्शा नहीं जायेगा।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने भोजपुर के विभिन्न मंदिरों में किया दर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा के जैन मंदिर श्री 1008 अतिशयकारी चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर आरा में संध्याकाल में एकबार पुनः देवाधिदेव श्री चंद्र प्रभु भगवान और भगवती राज राजेश्वरी माता ज्वालामालिनी के पावन चरणों में संजय करौल न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली, अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ पधारे जहा सकल दिगंबर जैन समाज आरा की ओर से मंदिर प्रबंधन आदित्य विजय जैन ने सभी का स्वागत किया गया। प्रखंड के बखोरापुर स्थित मां काली मंदिर प्रांगण में देश के सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश संजय करौल सोमवार को अपने पूरे परिवार जनों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने बड़े ही विधि विधान पूर्वक मां काली सहित प्रांगण में स्थित सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना की। न्यायाधीश श्री करौल पहले पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। तब भी वे बखोरापुर मंदिर में पूरे परिवार जनों के साथ दर्शन-पूजन करने आए थे।

बताया जाता है कि न्यायाधीश महोदय बक्सर के किसी मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत ब्रह्मपुर स्थित ब्रह्मेश्वर नाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना किये। फिर बखोरापुर मंदिर पहुंचे थे। बखोरापुर मंदिर में उनके आगमन पर प्रोटोकोल के तहत पुलिस प्रशासन का बड़ा अमला तत्पर दिखा। इसके अलावा उन्होंने माता अरण्य देवी मंदिर भी गए। यहां माता अरण्य देवी मंदिर ट्रस्ट के सचिव अरविंद पांडेय और पूर्व वार्ड पार्षद अशोक कुमार सिंह ने सभी सदस्यों ने उन्हें चादर पुष्प और मां अरण्य देवी का फोटो देकर सम्मानित किया। मौके पर आरक्षी अधीक्षक, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायिक दंडाधिकारी, आरक्षी उपाधीक्षक समेत अन्य लोग मौजूद थे।

पूर्वी गुमटी रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास नहीं बनने से लोग परेशान : राजकिशोर शर्मा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर की आधी आबादी रेलवे लाइन के दक्षिण मे बसा हुआ है। जिसे दैनिक कार्य स्वास्थ, ऑफिस, मार्केटिंग दवा आदि के लिए बार बार बजार आना होता है। रेल ऊपरी पुल बनने के बाद भारी वाहन का यातायात सुविधा अनुकूल हो चुका है। लेकिन स्कूली बच्चे बीमार बुढ़े, रेक्शा ठेला हेतु फुटओवर ब्रिज छः माह में बना कर देने की बात रेल विभाग और जिला प्रशासन द्वारा कह कर पूर्वी रेल रोड क्रॉसिंग को बंद कर दिया गया। जिसे इस क्षेत्र के लोगों को दिक्कतों का सामान करना पड रहा है। रेलवे आधिकारी और जिला प्रशासन तथा स्थानीय लोगों द्वारा काफी विवाद और विरोध हुआ था तब जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन ने वादा किया था कि 6 माह में फुट ओवर ब्रिज बनाकर जनता को दे देंगे। जिसे आने जाने वाले को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी फुट ओभर ब्रिज निर्माण शुरू हुआ मगर वह बार-बार विवादों में रहा और आज कई वर्ष बीतने के बावजूद भी ब्रिज का निर्माण नहीं हो सका।नतीजा है कि हजारों लोग अनलिगल तरीके से लाइन के आर पार बार बार आते जाते हैं। जबकि कई घटना घट चुकी है तथा कभी भी बड़ी हानि हो सकती है। विदित हो की पटना सहित कई शहरों में रेलपार ओवर ब्रिज बना हुआ है मगर कई जगहों पर अभी भी पूर्व की तरह रोड संचालित है अर्थात पुरानी व्यवस्था है। जिसपर रेक्शा ठेला पैदल यात्रा आराम से होता है आरा सासाराम रेल खंड पर खुद ही सैकड़ो अंडर पास रोड बने है जो एक उदाहरण है इसलिए पूर्वी गुमटी पर भी अंडर पास बन सकता है।

तेज रफ्तार वाहन की भेंट चढ़ी महिला, मौत

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) थाना क्षेत्र के करुप गांव के समीप सोमवार की देर रात मांगलिक कार्यक्रम से घर लौटने के क्रम में एक महिला को अज्ञात वाहन रौंद फरार हो गया। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंच स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद तत्काल पहुंच पुलिस ने शव को कब्जा में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करुप निवासी लक्ष्मण चौधरी की 58 वर्षीय पत्नी कालिका देवी अपने पोता बिट्टू कुमार के साथ मांगलिक कार्यक्रम से रात्रि में अपने घर लौटने के लिए सड़क पार कर रही थी । उक्त क्रम ही बिक्रमगंज-डेहरी मुख्य सड़क पार करते समय बिक्रमगंज तरफ से आ रहें अज्ञात वाहन ने महिला को रौंदते हुए निकल गया। घटना के बाद मृतक के घर सहित पास पड़ोस में मातमी सन्नाटा पसर गया। पड़ोसी के घर चल रहा मांगलिक कार्यक्रम में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर पहुंचे वार्ड पार्षद सुरेश माली सहित अन्य जनप्रतिनिधि उक्त वाहन की जब्ती , चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग करने लगे। आक्रोषित लोगों ने मुख्य सड़क घंटो जाम कर दिया । अधिकारियों के आश्वासन के बाद घटनास्थल से शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को उठाने दिया। काराकाट थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि मामले की जांच किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि पंचनामा करने के बाद अंत्यपरीक्षण हेतु सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आगामी 09 मार्च, 2024 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में आमजन के बीच व्यापक प्रचार प्रसार हेतु व्यवहार न्यायालय परिसर के गेट संख्या एक से जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोजपुर, आरा ब्रजेश कुमार मालवीय द्वारा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया की बैंकों के सहयोग से जिसमें पंजाब नेशनल बैंक, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं अन्य से कुल पांच वाहनों द्वारा जागरूकता रथ निकाला गया जो पूरे शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी माइक के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार करेंगे एवं अधिक से अधिक जनसमुदाय इसका लाभ उठा सकें इसके लिए भी प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ अन्य बैंकों के पदाधिकारीगण एवं कर्मी उपस्थित थे।

आइसा के लड़ाई की होई जीत : रौशन कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। छात्र संगठन आइसा महाराजा महाविद्यालय इकाई द्वारा महाराजा कॉलेज मे हुई वित्तीय अनियमितता के खिलाफ चरण बद्ध आंदोलन और धरना पूर्व में लगातार दिया गया था। तत्कालीन महाविद्यालय प्रशासन आइसा के इस दबाव के कारण जांच गठित कर वित्तीय अनियमितता की जांच कराई गई। जांच में करोड़ों रुपए की वित्तीय अनियमितता पाई गई हैं। पूर्व प्राचार्य नरेंद्र कुमार के पांच वर्षो के कार्यकाल में मात्र दो वर्षो में इतने बड़े लूट की बात सामने आई हैं। जहां महाविद्यालय में छात्रों को बैठ कर पढ़ने के लिए वर्ग कक्ष नही हैं वहीं महाविद्यालय में 20 लाख का ईट 70 लाख में लगाया गया है। 18 लाख में दो बाथरूम बनाया गया हैं जिसकी वास्तविक कीमत 5 लाख से भी कम हैं। 10 लाख में 50 बेंच खरीदे गए हैं जिनकी वास्तविक कीमत 2 लाख से भी कम हैं। मेरिट जारी कर इंटर और स्नातक में दाखिला लेने के दर पे जो 2015 में लागू था उस दर पर आज के डेट में पेमेंट गेटवे के नाम पर फर्जी कायर्देश जारी कर 25 लाख का अवैध भुगतान किया गया है। शिक्षक आवास के मरम्मती के नाम पर 30 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की गई हैं जबकि वास्तविक अनुमानित खर्च 10 लाख से भी कम है।

महिला छात्रावास में फर्नीचर खरीद में 32 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की गई हैं जबकि वास्तविक बाजार कीमत तीन गुनी कम हैं। कॉलेज में चहारदीवारी के नाम पर 25 लाख रुपए खर्च कर दिए गए हैं जबकि चहारदीवारी मरम्मती में 4 से 5 लाख वास्तविक खर्च हुवे हैं, हालात ये हैं की जो चहारदीवारी कभी मरम्मत ही नही हुवे उसकी भी मरम्मती दिखा दी गई हैं। ऐसे ही कंप्यूटर खरीद घोटाला सहित ऐसे अनेक घोटाले सामने आए हैं। इस व्यापक वित्तीय अनियमितता के खिलाफ आइसा के पूर्व बिहार राज्य सचिव व भाकपा माले वर्तमान डूमाराव (बक्सर) विधायक डॉ. अजीत कुशवाहा और भाकपा माले तरारी (भोजपुर) विधायक सुदामा प्रसाद द्वारा भी बिहार विधानसभा में महाराजा महाविधाल पूर्व प्राचार्य व वर्तमान जैन कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेंद्र सिंह के खिलाफ उनके कार्यकाल में हुए घोटाले की जांच के लिए बिहार सरकार से स्वतंत्र जांच कमिटी बना कर जांच करने की मांग किए।

छात्र संगठन आइसा ये भी मांग करती है की उनके सभी कार्यकालो की जहां पर प्राचार्य पद पर कार्यरत रहे हैं उन सभी जगहों पर जांच करने की मांग करती हैं और इसके लिए लड़ाई आने वाले दिनों में किया जाएगा।

जिला-जान बचाओ अभियान चला लोगों ने किया धरना प्रदर्शन

देश के चौथे स्तंभ पत्रकारों के सुरक्षा हेतु उठाया आवाज

प्रात : किरण संवाददाता

नसरीगंज (रोहतास अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी पुल पर बने कृषि योग्य टिलो को नष्ट करने, रोहतास के साथ बिहार सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार करने एवं पत्रकार अशोक कुमार पर जानलेवा हमला के विरुद्ध नासरीगंज प्रखंड कार्यालय पर लोगों ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पारस नाथ चौधरी, महेंद्र सिंह, जाप जिला अध्यक्ष विशाल कुशवाहा एवं कलक्टर चौधरी ने बताया कि सोन नद के बीच में बने टिलो पर तटिय गांव के भूमिहिन किसान वर्षो से खेती करते आ रहे हैं। उनके लिए सोन टिले जिवकोपार्जन के प्रमुख साधन रहे हैं। वर्तमान में बालू माफियाओं द्वारा सरकार की मिलीभगत से टिलो को नष्ट किया जा रहा हैं। रोहतास जिले के बालू खनन से सर्वाधिक राजस्व प्राप्त होने के बाद भी यहां सरकारी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज एवं ग्रामीण क्षेत्रों का विकास सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है। विगत दिनों जब्त अवैध बालू लदे ट्रको से अधिकारी द्वारा छोड़ने के लिए मोलभाव करते वीडियो बनाए जाने पर माफियाओं द्वारा काराकाट प्रखंड के प्रभात खबर के पत्रकार अशोक कुमार का अपहरण कर हत्या करने का प्रयास किया गया। मामले की जांच कर दोषियों को सजा देने, सोन टिला बचाने एवं रोहतास जिले में संसाधन बढ़ाने की मांग एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से की गई। मौके पर वार्ड 14 के पार्षद सुभाष चौधरी, रोहित चौधरी, राम अवधेश चौधरी, राहुल यादव, सोनू गुप्ता, राम अयोध्या चौधरी, राधिका देवी, रामकली देवी, सैयद शेरजहां, शम्भू चौधरी, तेतरी देवी, सुषमा देवी, दौलतिया देवी, विश्वनाथ चौधरी, जितेश गुप्ता, धनजी यादव एवं भोला चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

बालू खनन से किसान परेशान, फसल बर्बाद होने का लगाया आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। ज़िले के नासरीगंज प्रखंड परिसर में मंगलवार को सोन डिला बचाओ मोर्चा द्वारा सोन डिला की खेती बचाने, रोड पर पसरे बालू से सड़क दुर्घटना में हो रही मौत से जान बचाने, कराकाट के प्रभात खबर के पत्रकार अशोक कुमार के अपहरण एवं हत्या की कोशिश के विरुद्ध धरना प्रदर्शन की गई। धरना प्रदर्शन के नेतृत्व कर रहे पारसनाथ चौधरी, महेंद्र सिंह जाप जिलाध्यक्ष विशाल कुशवाहा, कलक्टर चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा की सरकारी व्यवस्था में जंग लग चूका है, गरीब भूमिहीनों को सोन डीले की खेती ही उनकी आमदनी की एक मात्र स्त्रोत है ऐसे में बालू खनन के नाम पर उपजाऊ सोन डीले की खेती को उजाड़ना न्यायसंगत नही है । इसे तत्काल प्रभाव से रोका जाए तथा. रोड पर पसरा बालू तथा बालू की अवैध हजारों गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया जाए। वही सरकार की उदासीनता, पदाधिकारियों एवं खनन माफियाओ के गठजोड़ से नदियों को लुटा जा रहा है, जिससे पेयजल संकट उतपन्न हो रहा है। जिस तरीके से सोन नदी में बाँध बांधकर नदियों की धारा का रुख मोड़ जा रहा है जिसके कारण सैंडल पर खेती कर रहे किसानों के फसल बर्बाद हो रहे हैं। वही पोकलेन मशीन के द्वारा सोन नदी के भीतर से बालू की निकासी की जा रही है जिससे सोन नदी काजल स्तर लगातार नीचे गिरता जा रहा है जिससे जिले वासियों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है। वही बालू ले दे गाड़ियों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं। जिसमें कई मासूम की सड़क दुर्घटना में मौतें हो रही है।

एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में नसरीगंज वार्ड 14 के पार्षद सुभाष चौधरी, रोहित चौधरी, राम अवधेश चौधरी, राहुल यादव, सोनू गुप्ता, राम अयोध्या चौधरी, राधिका देवी, रामकली देवी, साइयदशेर जहाँ, शम्भू चौधरी तेतरी देवी, सुषमा देवी, दौलतिया देवी, विश्वनाथ चौधरी, जितेश गुप्ता, धनजी यादव, भोला चौधरी, शामिल थे।

समाजसेवी उद्योगपति गरीबों का मसीहा बन कर रहें मदद

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) जिला क्षेत्र के स्थानीय प्रखंड नवानगर मुख्यालय के 200 करोड़ की लागत से बनने वाली भारत प्लस एथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के स्थापित होने की खबर सुन लोगों में खुशी व्याप्त है। बताया जाता है कि इस कंपनी से प्रतिदिन 1 लाख 20 हजार लीटर एथेनॉल का उत्पादन करेगी। कंपनी के सीएमडी समाजसेवी उद्योगपति अजय कुमार सिंह ने कहा की बिहार वासियों की जीवन दशा बदलना ही मेरे जीवन का मुख्य लक्ष्य है। जिस बिहार को स्वावलंबी बिहार बनाने का एक अधूरा सपना जल्द पूरा होगा। नावानगर प्रखंड क्षेत्र में लगी यह कंपनी अनुमानत मार्च माह में ही एथेनॉल का उत्पादन करना शुरू कर देगी। जिस कंपनी का निर्माण कार्य बियाड़ा से 20 एकड़ की भूमि 90 साल की लीज पर स्वीकृत भी हो गई है।

जिसमे एथेनॉल का निर्माण कार्य जोरों पर चल रही है और कंपनी का कार्य अंतिम दौर में है। ज्ञात हो कि सीएमडी अजय सिंह की प्रारंभिक शिक्षा भोजपुर जिले के पैतृक गांव बखोरापुर स्थित उच्च विद्यालय से हुई थी ये एक किसान के बेटे थे। जो 1989 में मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा उत्तीर्ण करके आगे की पढ़ाई में अग्रसर रहे और झारखंड पुलिस में पिताजी के हवलदार के पद पर रहने के कारण रांची रहने लगे जहां वर्ष 2000 में बिहार से अलग होने के बाद झारखंड राज्य के स्थापना के बाद 50 रुपया प्रतिदिन पर मजदूरी करके शिक्षा को अग्रसारित करते रहें। साथ ही रांची विश्वविद्यालय से पत्रकारिता की भी शिक्षा ग्रहण किया। उन्होंने जीवन के पहले कॉन्ट्रैक्ट के रूप में रांची के गवर्नर हाउस में 45 हजार राशि से शौचालय बनाने को ठीका मिला। उसके बाद देश के नेटवर्क बीएसएनएल का कार्य 28 हजार की लागत से बनने वाली भवन को डीटीओ के निर्देश पर ठीका कार्य ईमानदारी व सराहनीय कार्य कर अग्रसर होते चले। कॉन्ट्रैक्ट में सफल व सक्षम होने के बाद उनके पास पांच कम्पनी है। जिसमें 1000 व्यक्तियों को रोजगार दिया है। पहली इंडस्ट्रीज के रूप में सिंह इंफ्राटेल प्राइवेट लिमिटेड में 700 लोगों को रोजगार देने का काम किया है। जो आगे दूसरी कंपनी के रूप में लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट में 150 लोग कार्य करते है। ये कम्पनी बॉलीवुड की फिल्म को प्रोड्यूस करती है।जिसमे पहली फिल्म फैमली ऑफ ठाकुरगंज है इस फिल्म के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने अच्छी फिल्म निर्माण के लिए 2 करोड़ रूपया से सम्मानित किया गया उसके बाद सिनेमा में प्रदर्शित सात फिल्मों को लवली वर्ल्ड एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया था। बॉलीवुड में टॉप स्टूडियों रियल टच प्राइवेट लिमिटेड पोस्ट प्रोडक्शन वर्क के रूप में कार्य करने वाली तीसरी कम्पनी है।

मेजर राणा प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहार राज पूर्व सैनिक संघ का महावारी बैठक मेजर राणा प्रताप सिंह रिटायर के अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण ऑफिस के ऊपर आरामगाह में किया गया। सबसे पहले 2 मिनट की मौन धारण कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग शुरू होने से पहले सभी ने और मेजर राणा प्रताप सिंह अध्यक्ष बिहार राज्य पूर्व सैनिक संघ ने माननीय ऊर्जा मंत्री श्री आर के सिंह को वॉर मेमोरियल के उद्घाटन जो विगत 25 फरवरी को हुआ है उसके लिए सविनय धन्यवाद दिया जो एक भोजपुर जिला के लिए बहुत ही अच्छे काम किया उनके सभी ने सराहा उसके बाद पूर्व सैनिकों ने अपना-अपना पॉइंट दिया जिसमें ज्यादा कर पॉइंट ई सी एच एस के बारे में ही था जहां पर कुर्सी और पीने की पानी के बारे में लोगों ने शिकायत की इस पर अध्यक्ष महोदय ने बताया की कुर्सी और पीने का पानी का प्रबंध अगले मांह हो जाएगा और वहां पर अच्छी तरह से व्यवस्था किया जा रहा है। अभी जिला सैनिक कल्याण में नए अफसर श्री नीतीश कुमार जी प्रभारी बने हैं और दो लोग भी नई पोस्टिंग हुए हैं।

दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में 6 घायल 5 रेफर

कैमूर। चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगलवार को अवखरा मोड़ के पास दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक बाइक पर चार लोग सवार होकर मुंडेश्वरी से शादी समारोह से होकर छोटका अमांव गांव जा रहा था। तभी दूसरा हसरेव गांव से चैनपुर की तरफ आ रहा था तभी अवखरा मोड़ के पास दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। जहां दोनों बाइक पर सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में एक बाइक पर सवार चांद थाना क्षेत्र के छोटका अमांव गांव का निवासी भूपेंद्र सिंह के 25 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार व 19 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी एवं रिश्तेदारी में आई औरंगाबाद के बस्तीपुर निवासी 17 वर्षीय बुची कुमारी व धीरेंद्र सिंह के 18 वर्षीय पुत्री मुस्कान कुमारी है। जबकि दुसरे बाइक पर सवार दो लोग चांद थाना क्षेत्र के हसरेव गांव निवासी 35 वर्षीय इसराइल व उनका 17 वर्षीय पुत्र इम्तियाज घायल बताया जाता है। छोटका अमांव गांव निवासी घायल के परिजन धीरेंद्र सिंह ने बताया कि अमांव गांव के अपने ही पटीदार का मुंडेश्वरी में शादी समारोह था। जहां सभी लोग मंगलवार को शादी समारोह से होकर घर जा रहा था। तभी हसरेव गांव से एक बाइक पर पिता पुत्र सवार होकर चैनपुर काम करने के लिए आ रहा था। वही अवखरा मोड़ के पास दोनों बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जहां दोनों बाइक पर सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं आसपास के लोगों द्वारा इलाज के लिए चैनपुर पीएचसी ले जाया गया जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ रेफर किया। वहीं सदर अस्पताल में चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद आलोक कुमार छोटी कुमारी बुची कुमारी मुस्कान कुमारी इम्तियाज को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

शराब मामले में 4 साल से फरार चल रहा आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

कैमूर। दुर्गावती सन 2019 में उत्पाद विभाग द्वारा एक

संक्षिप्त खबरें

11 मार्च को मनाई जाएगी पृथ्वीराज चौहान की पुण्यतिथि समारोह

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के पिछले बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में आगामी 11 मार्च को पृथ्वीराज चौहान पुण्यतिथि समारोह मनाने वास्ते गठित उपसमिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के संयोजक जगदीश सिंह ने किया जबकि संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं 11 मार्च को वीर शिरोमणि पृथ्वीराज चौहान जी की पुण्यतिथि समारोह भव्य तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। पुण्यतिथि समारोह में 11 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा,चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले वरिष्ठनागरिकों को स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया जाएगा।पृथ्वीराज के आदमकद प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात,उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित विचार गोष्ठी भी आयोजन किया गया है।

151 सामुहिक विवाह को लेकर मां गढ़ देवी मंदिर में किया पूजा अर्चना

गया ।आगामी दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव ने मां गढ़ देवी मंदिर में पूजा अर्चना कया। इस दौरान संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर मां गढ़ देवी का आशीर्वाद लेने गढ़देवी मंदिर में आया था।उन्होंने कहा कि होने वाले दिसंबर माह में 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंड में कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है।जिसे लेकर विभिन्न प्रखंड में कार्यालय का भी शुभारंभ किया जा रहा है।उन्होंने कहा की 6 मार्च को गढ़वा जिला के डंडई प्रखंड में कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे संस्था बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसी कुर्तियां को दूर करने के लिए इस तरह का कार्य करती है। उन्होंने कहा की सामूहिक विवाह करने से फिजूल का खर्च भी बचता है।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में भी हमारे संस्था सामुहिक कर प्रोत्साहित करने का कार्य करती है।

आगामी लोभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठकः सत्येन्द्र रंजन

अरवल।जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर दिनांक 06 मार्च 2024 को करपी प्रखंड के ग्राम करपी में समय दोपहर 12 .00 बजे में , सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड के ग्राम किशुनपुर में समय 2.00 बजे अपराहन में एवं कुर्था प्रखंड के ग्राम -- कोदमड़ई में 3 .00 बजे लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रखंड पदाधिकारियों , सभी पंचायत अध्यक्षों एवं सम्मानित कार्यकताओं के साथ बैठक की जायेगी । इस महत्वपूर्ण बैठक में जहानाबाद लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह प्रदेश महासचिव रामाश्रय शर्मा , जिला संगठन प्रभारी सह प्रदेश उपाध्यक्ष रानी कुमारी एवं कुर्था विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह प्रदेश उपाध्यक्ष भुनेश्वर पाठक मुख्य रूप से शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में आप सभी सादर आमंत्रित हैं । आप सभी की बैठक में उपस्थिति अनिवार्य है । आप सभी बैठक में शामिल होकर बैठक को सफल बनायें और आपका सुझाव बहुत हीं महत्वपूर्ण होगा ।

चुनाव को लेकर थानाध्यक्ष ने हथियारों का किया भौतिक सत्यापन

नोखा (रोहतास) लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय थाने में 10 हथियारों का हुआ भौतिक सत्यापन।थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मंगलवार को 10 लाइसेंसी हथियारों का भौतिक सत्यापन करते हुए चार हथियार को जमा में भी किया गया।

चौपाल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नावानगर (बक्सर) प्रखण्ड क्षेत्र के परमानपुर,बेलाव और नावानगर गांव में भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ ने चौपाल लगाया चौपाल को राष्ट्रीय कार्यक्रम नमो युवा चौपाल मिशन 400 के नाम से संबोधित किया। चौपाल में केंद्र सरकार के योजनाओं के बारे में लोगो को विस्तार से बताया गया इसकी पुष्टि करते हुए युवा मोर्चा के जिला महामंत्री बिमलेश सिंह ने बताया कि तीनो जगहों पर चौपाल लगाया गया। जहां उपस्थित युवाओं को सरकार के दस सालो के दौरान केंद्र सरकार द्वारा किये गये कार्यो के बारे में बताया गया। मौके पर अभिनंदन मिश्रा,विमलेश सिंह,प्रशांत मिश्रा,पिकू चौबे,नीतीश तिवारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

गांधी मैदान गया के विकास के लिए जिला पदाधिकारी द्वारा प्रस्ताव प्रधान सचिव खेल विभाग को भेजा गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।गांधी मैदान, गया के विकास एवं अनुरक्षण के लिए जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा गांधी मैदान विकास समिति का प्रस्ताव प्रधान सचिव खेल विभाग को भेजा गया है। पटना गांधी मैदान के तर्ज पर गया गांधी मैदान को रख रखाव मेंटेनेंस हेतु कमिटी गठन के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव भेजा गया है। तत्काल समय मे किसी प्रकार का भी मेंटेनेंस नही होने के कारण स्थानीय लोगों के द्वारा गांधी मैदान में सुबह एवं शाम में भ्रमण मॉर्निंग एव इवनिंग वाक किया जाता है। उन्हें काफी दिक्कत होता है। इसके साथ ही विभिन्न प्रकार के कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए, खेल एवं संस्कृति के विकास आदि कार्यो के लिए भी गांधी मैदान का उपयोग किया जाता है। ऐसी स्थिति में आम जन मानस को सुविधा मुहैया कराने एवं इसके समुचित रख रखाव की व्यवस्था तथा अवसंरचनात्मक विकास की आवश्यकता महसूस की गई है। संरचनाओं को बेहतर बनाने एव डेली मेंटेनेंस की आवश्यकता है। इसी क्रम में समिति के इस प्रस्ताव के अंतर्गत शासी निकाय एवं कार्यपालक समिति के गठन का प्रस्ताव आदर्श उपविधि के माध्यम से विभाग को उपलब्ध कराया गया है। शासकीय निकाय के अध्यक्ष प्रमंडलीय आयुक्त, मगध प्रमंडल होंगे जबकि कार्यपालक समिति के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी गया होंगे ।गांधी मैदान के सतत अनुरक्षण के लिए कार्यपालक समिति को पाच लाख तक की राशि एक बार में खर्च करने के लिए प्राधिकृत करने का प्रस्ताव है। पाच लाख से ऊपर के खर्च की स्थिति में भवन निर्माण विभाग से कार्य करवाने का प्रस्ताव दिया गया है। आदर्श उपविधि एवं समिति के गठन का प्रस्ताव खेल विभाग को उपलब्ध कराया गया है । जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा इसके त्वरित क्रियान्वयन के लिए व्यक्तिगत रूप से अनुश्रवण किया जा रहा है । जिससे जल्द से जल्द उक्त प्रस्ताव अनुमोदन हो जाये।

नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा सासाराम कलेक्ट्रेट से कुशवाहा भवन तक नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत पैदल मार्च जिलाध्यक्ष आरती गुप्ता जी के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी ने नारी को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सम्मान दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना, उज्ज्वला योजना, सुकन्या योजना, जनधन योजना, मातृत्व वंदन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला उद्योग योजना, अन्य योजना के माध्यम से सम्मान मिला है। नारी शक्ति वंदन यात्रा के दौरान विभिन्न नारों के साथ पैदल मार्च की, बहु नहीं बहुमत हूं मैं देश की जरूरत हूं मैं, देश को सशक्त बनाना है तो नारी को सशक्त बनाना होगा, मोदी सरकार फिर एक बार, अबकी बार 400 पर, हर हर मोदी घर घर मोदी। इस कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री सरिता सिंह साथ में जिला महामंत्री इंदु देवी, उपाध्यक्ष बीना देवी, मंत्री लालसा देवी, जिला कार्यालय प्रभारी आरती देवी, जिलाकार्य समिति सदस्य अनीता ओझा, भगवानों देवी, बिंदु देवी, धर्मशिला देवी, अंजू देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, माधुरी देवी, रीता देवी, सुनैना देवी, पुष्पा देवी, रूबी कुमारी, चांदनी कुमारी अन्य कार्यकर्ता शामिल हुई।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में तीसरा वार्षिक खेल दिवस मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। दिल्ली पब्लिक स्कूल में तीसरा वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरवल अधीक्षक विद्यासागर एवं उप विकास आयुक्त रविंद्र कुमार शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने महत्व बेहतर खेलो के बारे में बच्चों को जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह देखी गई। रंगारंग कार्यक्रम पेश कर बच्चों ने वार्षिकोत्सव में समा बांध दिया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक और विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आयोजित कार्यक्रम को दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से बच्चों की प्रतिभा उभरती है मानसिक रूप से बच्चे मजबूत होते हैं और शारीरिक रूप से भी मजबूती मिलती है शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जीवन में जरूरी है। बच्चों के द्वारा वाद्य यंत्रों की सुरीली मोहक प्रस्तुति ने ऐसा समा बांधा कि पूरा विद्यालय परिसर उमंग और हर्षोल्लास से भर गया। कार्यक्रम के दौरान खेल प्रतियोगिता में उतीर्ण होने वाले विद्यालय के छात्र अमन कुमार सोनू कुमार अमृत कुमार आदित्य कुमार प्रिंस कुमार पियूष आनंद सुमित और छात्र प्राची कुमारी साधु निशा ट्विंकल लक्ष्मी प्रिया मुस्कान मोनिका समेत स्कूल के बच्चों को विद्यालय के प्रधानाचार्य और उप विकास आयुक्त के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम से पहले विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया।

इंटर्नशिप शिक्षक के व्यक्तित्व विकास में मिल का पत्थर साबित होता है : डॉ धीरज

प्रात : किरण संवाददाता

गया। शिक्षा शास्त्र विभाग गया कॉलेज गया द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में चलाए जा रहे हैं इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन समारोह प्राचार्य डा सत्र सिंह चंद्र के दिशानिर्देश पर आज कतार मध्य विद्यालय मे आयोजित किया गया है ।बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों का संबोधित करते हुए विभाग अध्यक्ष डा धनंजय धीरज ने कहा कि इंटरनशीप प्रशिक्षु जीवन का महापर्व है इंटर्नशिप में विद्यार्थी. शैक्षिक जीवन के विभिन्न पहलुओं से अवगत होते हैं और बेहतर शिक्षण प्रदान करने की कला व कौशल सीखते हैं इंटर्नशिप शिक्षक के व्यक्तित्व विकास में मिल का पत्थर साबित होता है. डॉ धीरज ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि विद्यालय में चले इस प्रशिक्षण के उपरांत विद्यार्थी स्वयं को एक सफल शिक्षक में तब्दील करने में सफल होंगे.माह भर चले इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षाशास्त्र वइब्जग की और से बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया प्रमुख रूप से जिसमें खेल कूद वाद विवाद प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

आर्मी का एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग के दौरान खेत में गिरा

गया। बोधगया के बगदाहा के कंचनपुर गांव में आर्मी का एयरक्राफ्ट ट्रेनिंग के दौरान गिर गया है। हालांकि इस पर सवार रहे दो ट्रेनी पायलट को मामूली रूप से चोटे आई है ।इस संबंध में बताया जा रहा हे की इसमें आर्मी का एक लेडीज और एक जेंट्स पायलट थे। ट्रेनिंग के दौरान इस एयरक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आने के कारण बोधगया के बागदाहा के समीप कंचनपुर के खेत में गिर गया है। एयरक्राफ्ट के पंखे में तकनिकी खराबी आई थी। जिसे अचानक पंखा चलना बंद हो गया है जिस कारण एयरक्राफ्ट खेत में जा गिरा है। फिलहाल दोनों ट्रेनिंग पायलट सुरक्षित है। जिसे आर्मी के जवान पहुँच कर एयरक्राफ्ट को अपने साथ ले गई है। एयरक्राफ्ट को गिरने के बाद स्थानीय लोग खेत की और दौड़ पड़े है। वही, स्थानीय लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया है। जहां बच्चे-बूढ़े, महिलाएं एयरक्राफ्ट को देखने के लिए भारी संख्या में जुट गए हैं। बच्चे एयरक्राफ्ट में बैठकर भी फोटो खिंचवाते भी नजर आये। मानो वह जहाज पर बैठे हो, छोटा जहाज को देखकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे।

पार्टी के लिए मजबूत स्तम्भ थे अशोक सिंह : दीपंकर भट्टाचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। .भाकपा माले के पूर्व जिला कमेटी सदस्य व कार्यालय सचिव काड्डअशोक सिंह का 3 मार्च के रात्रि बारह बजे देहांत हो गया !कुछ दिन पहले उनके गले का आपरेशन हुआ था !सन् 74 आंदोलन के नेताओं के सम्पर्क में रहते हुए वे नब्बे के दशक से भाकपा-माले के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी (जिला कार्यालय प्रभारी) पर थे !कामरेड अशोक बिना विचलित हुए वे अपने काम को अंजाम दिया करते थे चाहे जो भी परिस्थिति हो !कितना भी जटिल परिस्थिति हो काफी संयम से काम करते थे !साथी अडिग होकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहे !काड्डअशोक सिंह जेपी आंदोलन में प्रभावित ही भाकपा-माले बहुत हीं मजबूत और कर्मठ कार्यकर्ता के तौर पर उन्हें याद किया जाएगा !काड्डअशोक सिंह के शव को दोपहर से पार्टी जिला कार्यालय रखा गया,जहां लोग उनके अंतिम दर्शन कर सके !उन्हें पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित दी गई !जिसमें उनके पार्थिव शरीर माल्यार्पण पार्टी महासचिव काड्डदीपंकर भट्टाचार्य,पोलित ब्यूरो सदस्य काड्डस्वदेश भट्टाचार्य,राज्य सचिव कुणाल,पोलित ब्यूरो सदस्य अमर जी,पोलित ब्यूरो सदस्य रामजी राय,जिला सचिव जवाहरलाल सिंह,केंद्रीय कमिटी सदस्य व लोकयुद्ध सम्पादक संतोष सहर,केंद्रीय कमेटी सदस्य राजू यादव,राज्य स्थाई समिति सदस्य व तरारी विधायक सुदामा प्रसाद,राज्य कमेटी सदस्य अजीत कुशवाहा,राज्य कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक चंद्रदीप सिंह,वरिष्ठ पार्टी नेत्री मीरा जी,राज्य कमेटी सदस्य इंदू सिंह,डा०सुनीति प्रसाद,डा० आशुतोष कुमार,राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,सुधीर कुमार सिंह,उपेन्द्र भारती,शिवप्रकाश रंजन,शब्बीर कुमार,जितेंद्र सिंह,महेश राम,कमलेश यादव,जिला कमेटी सदस्य राजनाथ राम,अमित कुमार बंटी,संगीता सिंह,शोभा मंडल विकास कुमार,दीना जी,विष्णु ठाकुर,नंदजी राम,रामानुज जी शहनवाज खान,पत्रकार सुधीर मिश्रा,मृत्युजंय कुमार,वृन्दा यादव सहित कई राज्य जिला के नेता सहित सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण अर्पित किया !उसके दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी !श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि काड्डअशोक सिंह पार्टी के लिए मजबूत स्तम्भ थे।

चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए 22 कोषांगों का गठन

लोकसभा के चुनाव में सभी अधिकारी जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करें: डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी-सह- निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के मद्देनजर गठित कोषांगों के नोडल एवं वरीय नोडल पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें गठित सभी कोषांगों के अबतक की कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण निदेश दिया गया । जिले में चुनाव को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए 22 कोषांगों का गठन किया गया है। विदित हो कि जिले में कुल 558 बुथों पर निर्वाचन कार्य किया जाना है। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगों के नोडल एवं वरीय नोडल पदाधिकारियों को कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों से आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को संपादित करने का निदेश दिया। उन्होंने निदेशित किया कि चुनाव संबंधित कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक लेकर गंभीरता से संपन्न करेंगे ताकि कार्य त्रुटिरहित किया जा सके।

स्कूली बच्चों के बीच एफएल एन किट का हुआ वितरण

काराकाट (रोहतास) प्रखंड के उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय जोरावरपुर में वर्ग एक से तीन तक के बच्चों के बीच एफएल एन कीट का वितरण किया गया। बीईओ मो. कलीमुद्दीन के अनुसार यह किट बिहार शिक्षा परियोजना की ओर से वितरण किया जा रहा है । कार्यक्रम के मौके पर प्रधानध्यापक मो० रेयाजुद्दीन अंसारी ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बहुत से गरीब परिवार के बच्चे पढ़ते हैं । इन बच्चों के अभिभावक पैसे की कमी के कारण अपने बच्चों का समुचित व्यवस्था नहीं कर पाते हैं । ऐसी स्थिति में बिहार सरकार के द्वारा बच्चों को किट उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है । इससे बच्चों का पढ़ाई और विद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। शिक्षक मो. कामरान ने बच्चों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि एफएल एन किट में एक स्कूल बैग, एक स्लेट, कलर पेंसिल पानी की बोतल सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध है ।

भाजपा द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी भोजपुर द्वारा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे दो मार्च से पाँच मार्च तक विशेष लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया गया। मंगलवार को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व मे कोईलवर उतरी मंडल अंतर्गत चंदा पंचायत के महुई बलहा मे लाभार्थी संपर्क अभियान चला कर लोगो के बीच प्रधानमंत्री जी के प्रणाम पत्रक का वितरण किया गया ।इसके साथ-साथ सभी लाभार्थियों के दरवाजे पर मोदी गारंटी वाला स्टिकर चिपकाया गया। उक्त अवसर पर लाभार्थियों विशेषकर महिला लाभार्थियों के जन समूह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की सारी योजनाएँ गरीब कल्याण का है ।ऐसा कोई घर नही ,जहाँ मोदी जी की कोई योजना पुहुची न हो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबो के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना से घर बनाया, उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर और चुल्हा दिया,उजाला योजना से बिजली दिया,शौचालय दिया,सभी को प्रत्येक महिने मुफ्त मे अनाज और आयुष्मान भारत योजना से मुफ्त मे पाँच लाख तक का इलाज का आयुष्मान कार्ड दिया। आज प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व मे देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। दस वर्षो मे प्रधानमंत्री जी ने 25 करोड़ लोगो को गरीबी रेख से बाहर निकाला,किसानो की आमदनी को दुगुने करने पर जोर दिया,युवायो को मुद्रा लोन,स्टार्टअप इंडिया सहित विभिन्न क्षेत्रो मे विभिन्न माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के साथ रोजगार दिया। केन्द्र सरकार सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से देश का विकास कर रही है ।आज हम पाँचवी अर्थव्यवस्था वाली देश बन गए है। अगले सरकार शुरूआती वर्षो मे ही तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएँगे। विश्व के सभी देशो मे सबसे तेजी से विकास करने वाला देश भारत बन गया है ।बहुत सारी क्षेत्रों मे हमारा देश आत्मनिर्भर बन गया है। आप सभी लाभार्थियों के विकास से ही देश विकसित बनेगा।

कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्ष संजय कुशवाहा, जीविका सीएम रिमा देवी,मनोरमा देवी, चन्द्रावती कुंवर,कौशल्या देवी, उमा देवी, पुष्पा देवी, रामझारो कुंवर,मुन्नी देवी,हिमांशु कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, मनोज प्रसाद, बसंत कुमार पांडेय सहित कार्यकर्ता और सैकड़ो लाभार्थी शामिल थे। लाभार्थी संपर्क अभियान के जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दो मार्च से पाँच मार्च तक भोजपुर जिला के सातो विधानसभा के लगभग 1800 बूथो पर लाभार्थी संपर्क अभियान चला कर लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जी का पत्रक दिया गया, साथ मे वंचित लाभार्थियों को योजनाओ से अवगत कराया गया। राशन कार्ड धारियो को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ अन्य समस्याओं को भी दूर किया गया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,राघवेन्द्र प्रताप सिंह,पूर्व विधायक मुनी देवी,संजय सिंह टाईगर,भाजपा नेत्री सुषुमलता, शालीनी सिंह,कौशल विद्यार्थी, सूर्यभान सिंह सहित सभी जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षो,मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग अध्यक्षो,सभी बूथ अध्यक्षो सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकताओ के नेतृत्व मे कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक दयानंद पांडेय भाजपा में हुए शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

गया। में मंगलवार को फतेहपुर निवासी सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय भाजपा में शामिल हो गए हैं। शहर के सर्किट हाउस में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू ने पार्टी की सदस्यता दिलायी है। उस दौरान इनके शामिल होने के बाद कार्यकताओं ने शुभकामना के साथ बधाई भी दी है ।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने कहा कि फतेहपुर निवासी कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय भाजपा में शामिल हुए हैं। खुशी है भारती जनता पार्टी में बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल हो रहे है। इनके आने से पार्टी की और मजबूती मिलेगी। पार्टी की ओर से स्वागत और अभिनन्दन किया गया है ।75 वर्षीय सेवानिवृत कृषि वैज्ञानिक दयानन्द पांडेय ने बताया कि मोदी सरकार के योजनाओं से कृषि क्षेत्र में काफी प्रगति हुई। इसके अलावा विकास कार्यो व जनहित से जुड़े कई योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है ।उन्होंने बताया कि कृषि योजनाओं सहित अन्य विकास से जुड़े वो इन योजनाओं को बोधगया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर में लोगो को अवगत करायेंगे। मालूम हो कि उनके पिता स्वर्गीय रामनुग्रह पांडेय ने भी अनुसूचित कल्याण के लिए गया ज़िले में काम किया था।

राजद के जनविश्वस रैली में जनता की आपार भीड़ पर भाजपा की उड़ी नींद : उदय नारायण चौधरी

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।जन विश्वास रैली रैली को सफल बनाने में जिस प्रकार से बिहार के कोने-कोने से पटना पहुंचकर कार्यकताओं ने उत्साह दिखाया है। इससे भाजपा की नींद उड़ी हुई है। तेजस्वी के विश्वास को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देता हूं। उक्त बातें बुधवार को शेरघाटी के राम मंदिर के निकट राजद नेता प्रमोद वर्मा के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान उदय नारायण चौधरी ने कही। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के विधायकों को डरा धमका कर भाजपा तोड़ रही है। एक और जहां भाजपा एवं प्रधानमंत्री परिवार बाद की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर वह देशवासियों को परिवार मानते हैं तो मणिपुर की घटना पर आज तक ना कुछ बोल पाए और ना वहां गए। इसी प्रकार पहलवान बेटियां जिस प्रकार महीनों दिल्ली में धरना देती रही लेकिन उनसे मिलने भाजपा का कोई नेता नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं कि अपनी मांगों को लेकर धरना पर है। उनकी भी कोई सुनने वाला नहीं है।

यह कैसा भाजपा का परिवार है जहां न्याय के लिए धरने पर बैठे लोगों की बात नहीं सुनती। चौधरी ने कहा कि भाजपा रेपिस्टों को अहमियत देता है और टिकट भी देती है। पूरा देश परिवार है यह कहकर लोगों को गुमराह करती है। आगामी चुनाव में देशवासी वोट की चोट से इसका जवाब भाजपा को देंगे। इस मौके पर राजद नेता प्रमोद वर्मा, रामचंद्र प्रसाद यादव, प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र यादव, शंभू सिंह, मुखिया राजेश यादव, रविंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

गम्हरिया पंचायत के उपमुखिया का चुनाव संपन्न

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया पंचायत के लिए प्रखंड मुख्यालय के गोड़ारी सामुदायिक भवन में उपमुखिया का चुनाव प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह की देख-रेख में संपन्न हुई । बतादें कि गम्हरिया पंचायत के उप मुखिया के खिलाफ 25 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था । जिसकी चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग और रोहतास जिला अधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर काराकाट प्रखंड बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने कराया । जिसमें मतदान के उपरांत पंचायत के उपमुखिया रविरंजन सिंह बने । बीडीओ काराकाट ने बताया कि गम्हरिया पंचायत के उपमुखिया चुनाव में प्रस्तावक आशुतोष कुमार चौबे और समर्थक वीरेंद्र कुमार रहे । वही इस चुनाव में रविरंजन सिंह को निर्विरोध चुना गया है । इससे पहले पंचायत के उपमुखिया बलजीत सिंह थे , जो अब नही रहे । उपमुखिया विजेता रविरंजन सिंह को अनुमंडल डीसीएलआर संतोष कुमार ने प्रमाण पत्र दिया । मौके पर रवि रंजन सिंह के साथ मनोज शर्मा, भिखारी रजवार, रीमा देवी, शाइस्ता खातून, अमरावती देवी व लीलावती देवी उपस्थित रहे।

मोतिहारी में पांचवे दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार पटना द्वारा मोतिहारी में 9 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम के साथ आज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के पांचवे दिन दर्शकों द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भाग लेने के साथ शुरू हुआ इसके बाद विभाग के पंजीकृत सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ विभिन्न योजनाओं के काउंटर भी लगे जहां पर निःशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया और प्रदर्शनी स्थल पर लगे काउंटर पर ऑन स्पॉट निःशुल्क सुविधा भी उठाया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री जावेद अंसारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

मालगाड़ी के बोगी में लगी आग मौके पर पहुंची दमकल की टीम

दुर्गावती। स्थानीय प्रखंड के पं दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड पर दुर्गावती रेलवे स्टेशन के पास खड़ी कोयला लोड मालगाड़ी की बोगी में मंगलवार को अचानक आग लग गई। जिसके बाद स्टेशन प्रबंधक के द्वारा इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई जिसके बाद आग पर काबू पा लिया गया। मीली जानकारी के अनुसार दुर्गावती प्रखंड के पं दीन दयाल उपाध्याय गया रेल खण्ड पर मंगलवार को एक मालगाड़ी के बोगी से धुआं निकलने लगा जिसकी सूचना वहां पर काम कर रहे कुछ मजदूरों ने स्टेशन प्रबंधक को दी। जिसके बाद स्टेशन प्रबंधक ने बिना देर किए आनन फानन में दमकल विभाग को फोन कर सूचना दिया। वहीं मोहनिया व दुर्गावती के दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद रेल लाइन को बंद कर घंटो मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

विवादित जमीन को मजिस्ट्रेट ने कराया अतिक्रमण मुक्त

कोचस (रो

संक्षिप्त खबरें

15 कार्टुन विदेशी शराब के साथ मोटरसाइकिल जब्त

बारियारपुर (मुंगेर)। लोक सभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रभारी थाना अध्यक्ष आर के बर्मा को सुचना मिला ऋषि कुण्ड हाल्ट पर बृहद मात्रा मे विदेशी शराब मंगाया जा रहा है। सुचना पर थाना प्रभारी आर के बर्मा ने पुलिस वल के साथ तलाशी अभियान चलाया गया। जहां अपाची मोटरसाइकिल के पिछले सीट पर चार कार्टुन अंग्रेजी शराब लेकर आ रही मोटर साइकिल संख्या बीआर 51ढ/1882 से 96 बोतल बरामद किया गया। वहीं उजली रंग के स्कारपियो संख्याख ल्05अ1/ 7014 के पीछले सीट से 11 कार्टुन अंग्रेजी शराब के साथ ग्राम परतापुर थाना शंभु गंज जिला बांका के निवासी बताया गया है। बिक्रम कुमार व डब्लु कुमार दोनों ग्राम पैरुमंडल टोला थाना बरियारपुर जिला मुंगेर के निवासी बताया गया है। जिसे गिरफ्तार कर मुंगेर जेल भेज दिया गया है।

आगामी निर्वाचन को ले व्यय निगरानी व अनुश्रवण कोषांग की हुई बैठक: डीएम

बैठक के क्रम में 38 एसएसटी और 23 एफएसटी का हुआ गठन

- भागलपुर जिले के सातों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5-5 की दर से 35 तथा भागलपुर रेलवे स्टेशन, रेल थाना बिहपुर एवं रेल थाना नवगछिया के लिए एक-एक एस.एस.टी. बनाया गया है

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, शांति पूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में कराने हेतु जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में राज्यकर संयुक्त आयुक्त- सह-नोडल पदाधिकारी व्यय निगरानी एवं अनुश्रवण कोषांग भागलपुर संजीत कुमार की अध्यक्षता में फ्लाईंग स्क्वाड टीम, स्टैटिक्स सर्विलांस टीम व ए.एई.ओ. के साथ बैठक की गई। बैठक के क्रम में चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय पर निगरानी रखने एवं उनका अनुसरण करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मार्ग निर्देशन हेतु उपलब्ध कराए गए कम कम्पैडियम को पावर प्वाईंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से दिखाया गया है, जिसमें सर्च के दौरान किन-किन चीजों को जब्त किया जाना है, और फ्लाईंग स्क्वाड एवं एस.एस.टी की कौन-कौन सी जिम्मेदारियां दी गई है, उक्त जानकारी से अवगत कराया गया है, साथ ही साथ निर्धारित समय में विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग करने से संबंधित जानकारी दी गई है। इस दौरान बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ई-एस.एम.एस. पोर्टल और सी विजिल एप एस में एस.एफ.टी. और एस.एस.टी. के लोग भी शामिल रहेंगे। उल्लेखनीय है कि भागलपुर जिले के सातों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 5-5 की दर से 35 तथा भागलपुर रेलवे स्टेशन, रेल थाना बिहपुर एवं रेल थाना नवगछिया के लिए एक-एक एस.एस.टी. बनया गया है। इस प्रकार कुल 38 एस.एस.टी. बनाया गया है। इसके साथ ही 23 उड़नदस्ता दल(फ्लाइंग स्क्वाड टीम) का गठन किया गया है। गौरतलब है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए प्रेस नोट जारी होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगा और तदोपरांत निर्वाचन संपन्न होने तक 50 हजार से उपर की रकम लेकर चलने पर रकम का साक्ष्य साथ लेकर चलना होगा, साथ ही 10 लाख से उपर की रकम की जब्त होने पर इसकी सूचना आयकर विभाग को भी दे दी जायेगी। इस मौके पर राज्यकर उपायुक्त आनन्द कुमार और अजय कुमार पंडित, सहायक कर आयुक्त आशीष सौरभ आशुतोष एवं संबंधित पदाधिकारी गण मौजूद थे।

हमारा संकल्प विकसित भारत विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रात: किरण ब्यूरो

बांका। बांका के सर्वोदय नगर स्थित सार्वजनिक इंटर कॉलेज में आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर इकाई द्वारा फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता का शुभारंभ किया गया। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ बांका के वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में हमारा संकल्प विकसित भारतह्न की थीम पर लगभग 60 चित्रों को प्रदर्शित किया गया है। इस विशेष चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा किए गए कार्य को चित्रों, सूचना तथा ग्राफिक्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसमें आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, उजाला योजना, मिशन लाइफ, नमामि गंगे पीएम विश्वकर्मा योजना, स्किल इंडिया मिशन, एक भारत श्रेष्ठ भारत, पीएम किसान, आदित्य एल 1 मिशन, गगनयान मिशन, जी 20 शिखर सम्मेलन की सफलता, रोजगार मेला, हर घर जल, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा डिजिटल इंडिया से संबंधित चित्र शामिल हैं। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर महेश्वरी यादव , उपस्थित कॉलेज के अन्य शिक्षकों तथा बुद्धस्थली विद्यापीठ के निदेशक बिमल कुमार मंडल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं तथा आम जनता को संबोधित करते हुए बांका के वरिष्ठ समाजसेवी महेश्वरी यादव ने कहा कि विकसित भारत के बनाने के लिए प्रधानमंत्री का संकल्प सराहनीय है और इसी संकल्प से 2047 तक भारत एक विकसित और महान देश बनेगा। उन्होंने युवाओं के लिए किए गए कार्यों विशेषकर नई शिक्षा नीति की प्रशंसा करते हुए इसे विकसित भारत का मजबूत स्तंभ बताया। उपस्थित जनता को सम्बोधित करते हुए बुद्धस्थली विद्यापीठ के निदेशक बिमल कुमार मंडल ने कहा कि आज देश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को बताने के लिए सूचना एवं प्रसारण

शैक्षणिक संस्थानों में विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

- नगर मंत्री गौतम साहू ने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ छल कपट पूर्वक यौन शौषण एवं उनकी अस्मिता का हनन जिहादी समूह द्वारा किया जा रहा है

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई द्वारा, टीएनबी महाविद्यालय के प्रांगण में कॉलेज मंत्री आनंद राज के नेतृत्व में बंगाल के संदेशखाली में इन दिनों महिलाओं, लड़कियों के साथ हो रहे अत्याचार व दुर्व्यवहार के विरोध में टीएनबी कॉलेज परिसर में आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद ने बताया कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार की जघन्य घटना हो रही है, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी भ्रष्टाचारियों व अपराधियों का संरक्षण कर रही हैं। पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की नीति से आम जनमानस त्रस्त है, संदेशखाली में जिन महिला के साथ ज्यादती हुई, उनमें से अधिकांशतः पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं शामिल हैं। पश्चिम बंगाल में हो रही ज्यादतियों का विरोध देश के प्रत्येक कोने में विद्यार्थी परिषद करेगी। वही उन्होंने कहा कि संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं की घृणित मानसिकता का शिकार हुई महिलाओं के आक्रोश को विद्यार्थी परिषद के माध्यम से आवाज देते हुए 5 मार्च 2024 को अपने प्रान्त में शैक्षणिक संस्थानों में विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम से ज्ञापन सौपना है। नगर मंत्री गौतम साहू ने बताया कि पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ छल कपट पूर्वक यौन शौषण एवं उनकी अस्मिता का हनन जिहादी समूह द्वारा किया जा रहा है। अधिकांश पीड़ित महिलाएं अत्यंत पिछड़े एवं अनुसूचित वर्ग की हैं। संदेशखाली की महिला विरोधी वीभत्सता के विरोध में खड़ा होना यह हमारा दायित्व है। इस मौके पर देव सूरज, आशीष, पृथ्वी राज, राज शेखर, ध्रुव, प्रियांशु, विशाल, विवेक, आदि कार्यकर्ता मौजूद।

ट्रायल के दौरान नवगछिया स्टेशन पर हुआ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का हुआ ठहराव

प्रात: किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। न्यू-जलपाईगुड़ी से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल मंगलवार को किया गया। ट्रायल के लिए न्यू-जलपाईगुड़ी से वंदे भारत ट्रेन सुबह 05:15 बजे खुली और किशनगंज के रास्ते नवगछिया स्टेशन 8:56 में पहुँची। वही ट्रायल सफल होने के बाद अब वंदे भारत ट्रेन न्यू जलपाईगुड़ी के रास्ते किशनगंज, कटिहार, नवगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, मोकामा और बख्तियारपुर में ठहराव के बाद पटना पहुँचेंगी। उसके बाद पुनः इसी रूट होकर न्यु-जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। इस ट्रेन का न्यु-जलपाईगुड़ी से पटना पहुंचने का समय सात घंटे का है। नवगछिया से पटना इस ट्रेन के माध्यम से साढ़े तीन घँटे में पहूँचेगी। वही नवगछिया से न्यु-जलपाईगुड़ी का सफर लगभग तीन घँटे पैंतालीस मिनट में दूरी तय करेगी। इस ट्रेन को इसी सप्ताह मे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया जाएगा। मामले को लेकर नवगछिया रेलवे सलाहकार सदस्य मुकेश राणा ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विन वैष्णव सहित रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवगछिया को आदर्श स्टेशन सहित राजधानी एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेन के ठहराव कराकर तत्कालीन सांसद सैयद शाहनवाज हुसैन ने नवगछिया स्टेशन को डी कैटगरी से निकाला है। जिसका परिणाम है कि नवगछिया स्टेशन अमृत भारत स्टेशन में चयन हुआ और अब वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव नवगछिया में होना प्रस्तावित है।

यूको आर सिटी द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। यूको आर सेटी मुंगेर द्वारा 10 दिवसीय आचार, पापड़ व मसाला मेकर के प्रशिक्षण का शुभारंभ खड़गपुर के धान फाउंडेशन के कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में यूको बैंक के शाखा प्रबंधक अमरेश कुमार राम,निदेशक आर सेटी मुंगेर गौतम कुमार के द्वारा ट्रेनिंग का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण में खड़गपुर के खैरा एवं प्रसन्डो के 35 दीदी भाग ले रही हैं इस दौरान प्रतिभागियों को जैम, जूस, अचार एवं पापड़ बनाना सिखाया गया जायेगा साथ स्वरोजगार प्रारम्भ करने के तरीके भी बताये जायेंगे। प्रशिक्षण शुभारंभ के दौरान आर सेटी निदेशक गौतम कुमार ने बताया कि यूको आर सेटी ग्रामीण युवक युवतियों के लिए 20 प्रकार के निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करवाता है। जिसमें बीपीएल, मनरेगा व एसएचजी आदि से जुड़े परिवार के सदस्य भाग ले सकते है। शुभारंभ के दौरान यूको बैंक के शाखा प्रबंधक अमरेश कुमार राम ने घर बैठी महिलाओं को दस दिवसीय प्रशिक्षण में भाग लेकर स्वरोजगार से जुड़ने की जानकारी दी। यूको आर सेटी निदेशक गौतम कुमार ने बताया कि यह यूको आर सेटी मुंगेर के तत्वावधान में कौशल एवं उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें किसी प्रकार का कोई शुल्क जमा नहीं करवाना पड़ता है। प्रशिक्षण में आचार पापड़ का प्रशिक्षण डीएसटी प्रशिक्षक सुमन कुमारी द्वारा दिया जाएगा। शुभारंभ समारोह में यूको आर सेटी के संकाय सन्नी कार्यालय सहायक आदित्य एवं धान फाउंडेशन के संतोष कुमार उपस्थित रहे।

जागरूकता रथ सुगमता एक्सप्रेस को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात: किरण ब्यूरो

मुंगेर। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपने मतों का प्रयोग करने को लेकर प्रेरित करने तथा दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से विशेष जागरूकता रथ सुगमता एक्सप्रेस को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारीअवनीश कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, उप निदेशक सामाजिक सुरक्षा भुवन कुमार, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग चिंतन चंद्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी निपेंद्र कुमार निराला, जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र अलंकार कुमार, स्वीप आइकॉन श्रीजा सेन गुप्ता, दिव्यांगजन आइकन मिक्कू कुमार झा एवं सुश्री मीरा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष जागरूकता रथ सुगमता एक्सप्रेस के परिचालन का मुख्य उद्देश दिव्यांगजन मतदाताओं को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दौरान अपने मताधिकारों के प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ सुगम मतदान सुनिश्चित करने हेतु मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने कहा सुगमता एक्सप्रेस जिला अंतर्गत पूर्व निर्धारित रूट प्लान के अनुसार भ्रमण कर दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं यथा रैंप की व्यवस्था, व्हीलचेयर की व्यवस्था, हेल्पलाइन सुविधा के साथ ही सक्षम ऐप तथा ईसीआई ऐप के संबंध में जागरूकता का प्रसार करेगी।

अज्ञात युवक की लाश पुलिस ने की बरामद, ग्रामीणों के बीच चर्चा का बना विषय

प्रात: किरण संवाददाता

बारियारपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के ओम सांई राम होटल कल्याण टोला के समीप गत सोमवार के देर शाम एक अज्ञात 40 वर्षीय युवक की लाश देखे जाने पर आसपास के ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा बरियारपुर थाने को दी गई घटना की सूचना पर बरियारपुर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच करने में जुटे हैं बताया जाता है कि वह अज्ञात युवक ब्लू जींस पैंट एवं ब्लू और लाल रंग चेक शर्ट पहने हुए हैं पिछले दो-तीन दिनों से ओम सांई राम होटल के समीप ही घूम रहा था स्थानीय ग्रामीणों के उसे कभी-कभी भोजन मिल जाया करता था पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मृतक युवक का पहचान करवाने का प्रयास किया गया परंतु किसी के द्वारा पहचान नहीं की गई है ग्रामीणों ने बताया कि लगता है वह युवक कहीं बाहर से भटकते हुए इस क्षेत्र में आया है और वह कुछ विक्षिप्त लग रहा था

लमार्ट्स हाई स्कूल ने अपने 25वीं वार्षिकोत्सव धूमधाम से किया आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता।

मुंगेर। विगत 3 मार्च के संध्या मुंगेर क्लब परिसर में लमार्टस हाई स्कूल, बेलन बाजार, मुंगेर का 25वीं वार्षिकोत्सव को बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। देर रात तक स्कूल के छात्र -छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अतिथि अजीत कुमार सिंह , उप विकास आयुक्त मुंगेर एवं शैलेंद्र सिंह सदर अनुमंडल पदाधिकारी मुंगेर, नोट्रे डेम अकादमी की प्राचार्या सिस्टर सोनिया ,लमार्टस स्कूल के निदेशक सह प्राचार्य डेविड बेन्जामिन सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भारत के विभिन्न राज्यों का संगीत एवं नृत्य कला को प्रदर्शित कर दर्शकों का दिल जीत लिया ।सभी धर्म और भाषाओं में संगीत का प्रदर्शन करते हुए भारत में अनेकता में अनेकता को दिखलाया गया। इस कार्यक्रम में हजारों अभिभावकों एवं प्रशासनिक पदाधिकारी के अलावे सैकडों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे ।कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह एवं सदर मुंगेर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह को स्कूल प्रबंधन द्वारा अंग वस्त्र एवं बुके और प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम लगभग 4 घंटे तक चला कर छात्र-छात्राओं में मनमोहक प्रदर्शन कर सभी मौजूद अभिभावकों और अतिथि गण के बीच अपने शानदार प्रतिभा को प्रदर्शित कर स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाकर इस 25वीं वार्षिक को अत्यंत ही शानदार बनाने का काम किया। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी मुंगेर शैलेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए कलाकार छात्र-छात्राओं की काफी प्रशंसा की और प्रबंधन को 25वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास पूर्वक मनाने पर अपनी शुभकामनाएं दी है।

रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा ने बैठक कर एक दिवसीय धरना करने का लिया निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा जमालपुर के कोर कमेटी के सदस्यों की एक अति आवश्यक बैठक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल कार्यालय जमालपुर में हुई। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक कामरेड अशोक कुमार मंडल ने की। बैठक में सर्व समिति से 11 मार्च 2024 को जुबली वेल जमालपुर के सामने जमालपुर रेल कारखाना सहित रेल से संबंधित अन्य मुद्दों को लेकर रेल बचाओ जमालपुर बचाओ संघर्ष मोर्चा द्वारा एकदिवसीय धरना का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि 11 मार्च 2024 को आयोजित होने वाले एकदिवसीय धरना के पूर्व 9 मार्च को दौलतपुर, जुबली बेल, 6 नंबर गेट, एवं 10 मार्च 2024 को आशिकपुर , नयागांव, अल्बर्ट रोड चौक एवं एक नंबर गेट के सामने नुक्कड़ सभा का आयोजन कर लोह नगरी जमालपुर के नागरिकों, श्रमिकों एवं नौजवानों से यह अपील किया जाएगा कि वह 11 मार्च 2024 को 11:00 बजे दिन से आयोजित होने वाले एकदिवसीय धरना में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर धरना को सफल बनावे। हमारे मुख्य मांगे रेल इंजन कारखाना को रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत विद्युत इंजन एवं हाई पावर डीजल मरम्मती निर्माण कार्य जल्द से जल्द चालू किया जाए। जमालपुर रेल इंजन कारखाना में 175 टन क्रेन का निर्माण कार्य जल्द चालू किया जाए। जमालपुर रेल कारखाना में वंदे भारत ट्रेन का कोच रिपेयर का कार्य दिया जाए। जमालपुर रेल कारखाना में आउटसोर्स बंद कर यहां का कार्य स्थाई कर्मचारियों से कराया जाए। जमालपुर रेल कारखाना का अस्तित्व बचाने के लिए 10000 कर्मियों का आरआरबी एवं आर आर सी द्वारा नियुक्त किया जाए। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत जमालपुर रेल इंजन कारखाना में रेल विश्वविद्यालय की स्थापना शीघ्र किया जाए। सभी एक्ट अप्रेंटिस को रेल में समायोजित किया जाए। जमालपुर में डीआरएम ऑफिस खोला जाए। जमालपुर रेल को पूर्व रेलवे मुख्यालय से हटाकर मध्य पूर्व जॉन हाजीपुर के अंतर्गत लाया जाए नई पेंशन स्कीम रद्द कर पुरानी पेंशन स्कीम लागू किया जाए। बैठक में प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन, संरक्षक नरेश सिंह यादव, राजकुमार मंडल, चंद्रशेखर चौधरी, इंद्रदेव दास, ब्रह्मदेव चौरसिया, डॉ शशि अलबेला, मोहम्मद कौसर फैयाज, विकास कुमार एवं अर्जुन बिहार ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

भूमि विक्रेता के नाम जमाबंदी रहना अनिवार्य: डीएम

प्रात: किरण, संवाददाता

भागलपुर। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा विगत 9 फरवरी 2024 को पारित आदेश के आलोक में मध्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग बिहार सरकार द्वारा बिहार के जमीन रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2008 के तहत नियम 19 में उपनियम 16, 17 एवं 18 को जोड़ते हुए कानूनी प्रावधान के तहत प्रस्तावित किया गया है कि भूमि विक्रेता व दानकर्ता के नाम से जमाबंदी कायम होने की स्थिति में ही संबंधित भूमि व संपत्ति का निबंधन किया जाएगा। ऐसी स्थिति में पूर्व से सृजित जमाबंदी में छूटे हुए खाता, खेसरा, रकबा व लगान रसीद की अद्यतन जांच करने के लिए अब पारिवारिक बंटवारा हेतू वंशावली का निर्माण को लेकर सभी अंचल के संबंधित सभी हलका मुख्यालय में सप्ताह के तीन दिन शिविर आयोजित किए जाने का आदेश दिया गया है। मामले को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा है कि सप्ताह के मंगलवार, बुधवार एवं गुरुवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मेला आयोजन को ले किया आवेदन

प्रात: किरण, संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के मड़वा स्थित बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम में महाशिवरात्रि के मौके पर आगामी 8 मार्च से 11 मार्च तक भव्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय मेले के आयोजन की तैयारी को लेकर मड़वा पश्चिम की सरपंच रानी देवी ने सामूहिक हस्ताक्षर के साथ आवेदन स्थानीय प्रशासन के साथ साथ भागलपुर के जिलाधिकारी समेत अनुमंडल व प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी को दिया है। मेला आयोजन को लेकर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष मनोहर चौधरी, सचिव श्याम सुंदर राय, कोषाध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि अधिकारियों को दिए आवेदन में कमेटी से जुड़े व ग्रामीणों आदि।

अग्नि सुरक्षा जागरूकता को ले चलाया गया अभियान

- गर्मी के मौसम आने के पूर्व जिला अग्निशमन विभाग नवगछिया के कर्मियों द्वारा विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है

प्रात: किरण संवाददाता।

भागलपुर। जिला अग्निशमन विभाग भागलपुर के द्वारा विशेष अग्नि सुरक्षा जन -जागरूकता अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा अन्य विभिन्न प्रतिष्ठान व संस्थान में एक विशेष तौर पर अग्नि सुरक्षा को लेकर कैसे सुरक्षित रहे इस पर जोड़ दिया गया है। वही कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा गोपालपुर स्थित रौनक इलेक्ट्रिक स्टोर, दिगम्बर जैन मंदिर चम्पापुर, सन्हौली हॉट, बड़ी धनकर, ग्राम पंचायत मोहनपुर गौराडीह, द बिग डैडी रेस्टोरेन्ट, ग्राम शैदपुरा कुलकुलिया, राजकीय मध्य विद्यालय शहजादपुर, मध्य विद्यालय माणिकपुर शाहकुण्ड, ग्राम घोरी स्थित बिगशॉप कपड़ा दूकान, श्री जैन श्वेताम्बर सोसायटी नाथनगर, आर.एस. इन्टरप्राईजेज टी.वी.एस. शोरूम, मध्य विद्यालय रामपुर सुलतानगंज, शिवम पेट्रोलियम सुलतानगंज, सुपर साईन्स कोचिंग सेन्टर कहलगाँव, पकड़तल्ला इण्डियन ऑयल लि,, अम्बापुर, मखरी सनोखर, ग्राम हीरानन्द, पीरपैंती में आम जनता के समक्ष अग्नि सुरक्षा से संबधित बैठक बरतने के ममज बनब मॉकड्रिल कराया गया तथा पम्पलेट, लिफलेट बाँटकर लोगों को आग से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। गर्मी के मौसम आने के पूर्व जिला अग्निशमन विभाग नवगछिया के कर्मियों द्वारा विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत गोपालपुर, वार्ड नं.11 गोपालपुर, गोपालपुर डिमहा, वार्ड नं.10, गोपालपुर, ढोलबज्जा बस स्टैंड नवगछिया, गरिया पंचायत ढोलबज्जा, वार्ड नं. 8, नारायणपुर बस स्टैन्ड नवगछिया, आस्था पैथोलैब, नारायणपुर मधुरापुर बाजार, बालाजी फर्नीचर, तेतरी दुर्गा मंदिर बाजार, नवगछिया जीरो माईल में उपस्थित दुकानदारों एवं यात्रियों के बीच, तथा नारायणपुर के सिंहपुर गांव के पूरब टोला स्थित दुकानदारों, यात्रियों एवं ग्रामीणों के बीच, विश्वकर्मा हेल्थकेयर क्लिनिक खरीक बाजार, नवगछिया में आम जनता के समझ अग्नि सुरक्षा से संबंधित मॉक ड्रिल कराया गया। साथ ही पम्पलेट व लिफलेट बांट कर लोगों को आग के प्रति जागरूक किया गया।

अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौके पर हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। बरौनी-कटिहार रेलखंड के बीच बिहपुर रेलवे स्टेशन से पश्चिम निबंधन कार्यालय के समीप रेल ट्रैक पार करने के क्रम में एक वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक रेलवे ट्रैक पार कर रही थी तभी अज्ञात ट्रेन उक्त लाइन से तेजी से गुजर पड़ी थी, जिसके चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। वही प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मृतका वृद्धा महिला की पहचान झंडापुर ओपी क्षेत्र के मड़वा पश्चिम पंचायत के वार्ड संख्या 12 मरवा गांव की देवरानी देवी पति स्व कैलाश चौधरी के रूप में बताई गई है।

फर्जी विपत्र बनाकर भुगतान किए जाने के जांच की मांग किया

प्रात: किरण, संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। हवेली खड़गपुर प्रखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप मंडल ने एक प्रेस बयान जारी कर मुंगेर के राज्यकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में गलत घंघा और अनैतिकता के जांच की मांग की है। बिहार के मुख्यमंत्री और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री बिहार से पॉलिटेक्निक कॉलेज में हो रहे अनैतिक कार्यों एवं गैर कानूनी कामों की जांच के लिए इस प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जांच की मांग किया है श्री मंडल ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि कॉलेज में तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों को एक चपरासी चोरी छुपे शराब जैसी प्रतिबंधित नशा को के तरफ धकेल रहा है वहीं सरकारी राशि का फर्जी विपत्र डीजल के नाम पर भुगतान किया जा रहा है। श्री मंडल ने विज्ञप्ति में आरोप लगाया है कि सरकार को सच्चाई जानना है तो पुराने सीसीटीवी कैमरा जो कॉलेज से हटाए गए हैं उसके फुटेज को अगर खांखला जाएगा तो कॉलेज के पिछले दिनों हुए गोरख धंधे का पदार्फाश हो जाएगा मंडल ने आरोप लगाया है कि पुराने सीसी टीवी कैमरा की को खराब बताकर बताकर विभागीय अनुमति प्राप्त कर पहुंचे और पर भी पर नया सीसीटीवी कैमरा लगाकर सरकार को लाखों रुपए का चुना लगाया है श्री मंडल ने आरोप लगाया है कि तकनीकी शिक्षा मंदिर में जहां हो रहे हैं अनैतिक कार्य उसे देखने सुनने या जांच करने वाला कोई नहीं है जबकि इसकी शिकायत का आवेदन मुख्य सचिव बिहार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिव निर्देश सहित जिला अधिकारी तक को दिया गया है श्री मंडल ने राज्य के मुख्य मंत्री से और विभागीय मंत्री से दावे के साथ कहा है कि मुंगेर राज की पॉलिटेक्निक कॉलेज के पुराने हटाए गए सीसीटीवी कैमरा का फुटेज की जांच कराई जाएगी तो कई अनीति कार्यों का पदार्फाश हो सकता है।

कश्मीर की वुशु बहनों अनस और आयरा ने मॉस्को में जीते स्वर्ण पदक

नई दिल्ली (एजेंसी)। कश्मीर की वुशु बहनें अनसा चिश्ती और आयरा चिश्ती ने रशियन मॉस्को स्टार्स वुशु इंटरनेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। चैंपियनशिप 28 फरवरी को मॉस्को में शुरू हुई और 5 मार्च 2024 को समाप्त होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग 52 और 56 में असाधारण प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में रूसी प्रतिद्वंद्वियों को हराया और अपने प्रशंसकों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर की पूरी खेल बिरादरी को गौरवान्वित किया।

जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की प्रमुख नुजहत गुल ने एक्स (ट्विटर) पर घाटी की दो प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा, दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वजन वर्ग 52 और 56 में असाधारण प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल में रूसी प्रतिद्वंद्वियों को हराया और अपने प्रशंसकों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर की पूरी खेल बिरादरी को गौरवान्वित किया। आयरा के लिए यह तीसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। इससे पहले उन्होंने जॉर्जिया में स्वर्ण और इंडोनेशिया में विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अब यह अंतरराष्ट्रीय वुशु चैम्पियनशिप में लगातार तीसरा पदक है और पिछले साल उन्हें राज्य पुरस्कार के लिए भी चुना गया था। आयरा पहली वुशु महिला एथलीट हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया था।

एलिस पेरी ने सिक्स लगाकर कार का कांच तोड़ा

● मंधाना को मिले 3 जीवनदान, ऋचा घोष ने फ्लाइंग कैच लपका, यूपी वॉरियर्ज हारा

चेन्नई (एजेंसी)। विमेंस प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने वापसी कर ली है। टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में लगातार 2 हार के बाद अपने पांचवें मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज को हरा दिया। टीम को 23 रन से जीत मिली। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने डब्ल्यूपीएल में अपना दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 80 रन की पारी खेली। मंधाना के 2 कैच छूटे, वह एक बार स्टंपिंग आउट होने से भी बच गईं। आरसीबी से अर्धशतक लगाने वाली दूसरी बैटर एलिस पेरी ने सिक्स लगाकर कार का कांच तोड़ दिया।

1. **अटापट्टू ने दिया मंधाना को जीवनदान** –8वें ओवर की आखिरी बॉल पर सोफी एकलेस्टन के सामने स्मृति मंधाना ने लॉन्ग ऑफ की ओर बड़ा शॉट खेला। फील्डिंग कर रहीं चमारी अटापट्टू ने लॉन्ग-ऑफ से दौड़कर बॉल का गलत अनुमान लगाया, फिर वह पीछे हटीं और एक हाथ से कैच लेने की कोशिश की। बॉल उनके हाथों पर चिपकी नहीं और कैच छूट गया। मंधाना को 28 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला।
2. **एलिसा हीली ने मिस की स्टंपिंग** – एलिसा हीली विकेटकीपिंग के दौरान मंधाना को स्टंपिंग आउट करने से चूक गईं। 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर चमारी अटापट्टू ने तेज फेंकी, जिसे मंधाना मिस कर गईं। मंधाना शॉट खेलने के लिए क्रीज से बाहर आईं और शॉट गलत जज किया, जिस कारण बॉल उनके पैड और बल्ले के बीच के गैप से होकर पीछे गई। स्टंप्स के पीछे खड़ी हीली गेंद को अपने पास रखने में नाकाम रहीं और गेंद चार रन के लिए चली गई। मंधाना को दूसरा जीवनदान 29 रन के स्कोर पर मिला।
3. **एकलेस्टन ने मंधाना का कैच टपकाया** –सोफी एक्लेस्टन ने स्मृति मंधाना का कैच छोड़ दिया। 16वें ओवर में मंधाना ने लॉन्ग ऑफ पर शॉट लगाया, वहां फील्डिंग कर रही एक्लेस्टन ने गेंद की लैंडिंग का गलत अनुमान लगाया। बाद में जब गेंद गिरी तो उन्होंने इसे एक हाथ से लेने की कोशिश की। बॉल शुरू में उनके दाहिने हाथ में फंसी, लेकिन बाद में निकलकर बाउंड्री के पार चली गई। मंधाना 71 रन के निजी स्कोर पर तीसरी बार आउट होने से बच गई।
4. **एलिस पेरी ने कार का कांच तोड़ा** – एलिस पेरी ने मैच के 19वें ओवर में दीप्ति शर्मा की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। चौथी डॉट बॉल के बाद पेरी ने शानदार शॉट लगाया। उन्होंने गेंद को आगे बढ़कर डीप मिड विकेट के ऊपर से खेला। गेंद सीधे स्पॉन्सर कार की पिछली सीट की खिड़की में जा लगी, जिससे कार का शीशा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया।
5. **ऋचा ने लिया डाइविंग कैच** – यूपीडब्ल्यू की पारी के 8वें ओवर के दौरान आरसीबी की विकेटकीपर ऋचा घोष ने फ्लाइंग कैच लिया। सोफी डिवाइन की पांचवीं गेंद पर ग्रेस हैरिस स्कूप शॉट के लिए गईं। गेंद में गति ज्यादा नहीं होने के कारण वह ज्यादा दूर तक नहीं गई। इस दौरान ऋचा घोष अपनी बाईं ओर गईं और डाइविंग कैच लेने के लिए छलांग लगाकर कैच पूरा किया।

रोहित और द्रविड़ धर्मशाला पहुंचे

प्रैक्टिस सेशन में शामिल होना मुश्किल, बाकी प्लेयर्स 3 मार्च को पहुंच गए थे स्टेडियम

धर्मशाला (एजेंसी)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ धर्मशाला पहुंच गए हैं। टीम के बाकी खिलाड़ी 3 मार्च को ही एचपीसीए स्टेडियम पहुंच गए थे। जहां 2 दिन बाद 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ 5वां टेस्ट खेला जाना है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ एक स्टेट इवेंट में चीफ गेस्ट बन कर गए थे। वे दोपहर तक धर्मशाला पहुंचे। इसलिए उनका आज के प्रैक्टिस सेशन में भी शामिल होना मुश्किल है।

टीम 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गई –इंग्लैंड और टीम इंडिया के खिलाड़ी 3 मार्च को ही धर्मशाला पहुंच गए। इनके साथ कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ स्टेडियम नहीं पहुंच सके। दोनों के मंगलवार सुबह तक ग्राउंड पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों दोपहर करीब 1ः30 बजे तक ग्राउंड पहुंचे। दोनों टीमें 3 मार्च को प्रैक्टिस शुरू करने वाली थी, लेकिन तेज बारिश के कारण प्रैक्टिस नहीं हो सकी। फिर 4 मार्च को मौसम साफ हुआ और दोनों टीमों ने तैयारी की। अब 5 मार्च को भी दोनों टीमों का प्रैक्टिस सेशन है, लेकिन इसमें रोहित और द्रविड़ के शामिल होने की संभावनाएं कम हैं।

खेल महाकुंभ में शामिल होने गए थे रोहित-द्रविड़ – रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित और द्रविड़ धर्मशाला से करीब 150 किमी दूर बिलासपुर गए थे। यहां उन्होंने कैबिनेट मिनिस्टर अनुराग ठाकुर के साथ खेल महाकुंभ के तीसरे संस्करण का उद्घाटन किया। रोहित इससे पहले बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए थे।

सीरीज में 3-1 से आगे है भारत –भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज खेली जा रही है। 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हुआ पहला टेस्ट इंग्लैंड ने 28 रन से जीता था। इसके बाद भारत ने लगातार 3 मुकाबले जीते और सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली।

धर्मशाला में 7 साल बाद टेस्ट मैच हो रहा – धर्मशाल में इतिहास का दूसरा ही टेस्ट मैच होगा। इससे पहले 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां पहला टेस्ट मैच खेला गया। भारत ने इसे 8 विकेट से जीतकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया था। अब भारत और इंग्लैंड के बीच यहां 7 मार्च से सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जाएगा।

इंग्लैंड के खिलाफ 2012 श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी, 100वें टेस्ट से पूर्व बोले अश्विन

धर्मशाला (एजेंसी)। भारत के सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी जिससे उन्हें अपनी गलतियों को

सुधारने में मदद मिली। इंग्लैंड ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। इंग्लैंड के खिलाफ यहां सात मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने करियर के 100 टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने इस बारे में कहा, 'यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा, 'बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पैल रहा। हाल ही में 500 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज बने अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था।

आईपीएल से पहले धोनी ने दिए नए रोल के संकेत

● सोशल मीडिया पर लिखा- सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता

चेन्नई (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और आईपीएल फ्रैंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा कैप्टन एमएस धोनी ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक दिलचस्प अपडेट किया। एम एस धोनी ने इस पोस्ट में लिखा, नए सीजन और नई भूमिका के लिए इंतजार नहीं कर सकता। बने रहें! हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह पोस्ट आईपीएल से जुड़ी हुई है या नहीं।

सीएसके ने आईपीएल की तैयारियां जारी की –डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के मौजूदा सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। चेपॉक स्टेडियम में शनिवार को फ्रेंचाइजी का ट्रेनिंग कैंप शुरू हो गया है। तेज गेंदबाज दीपक चाहर सहित आधा दर्जन प्लेयर्स इस कैंप का हिस्सा हैं, जबकि ऋतुराज गायकवाड चेन्नई पहुंच चुके हैं। हालांकि, धोनी के पहुंचने की पुष्टि नहीं हो सकी है। धोनी कुछ दिन पहले जामनगर में साक्षी के साथ मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में देखा गया था। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान एम.एस धोनी ने प्री-वेडिंग सेरेमनी में सीएसके के अपने एक्स टीम मेट डीजे ब्रावो के साथ डांडिया खेला।

22 मार्च से शुरू होगा मौजूदा सीजन, पहला मैच सीएसके का – आईपीएल का मौजूदा सीजन 22 मार्च से शुरू होगा। बीसीसीआई ने लीग के पहले फेज का शेड्यूल जारी कर दिया है। इस सीजन का ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।

पाकिस्तान में जूडो प्लेयर की मैच के दौरान मौत

खेलते हुए मैट पर गिरी 20 साल की प्लेयर, सिर पर चोट लगने से जान गई

पख्तूनख्वा (एजेंसी)। पाकिस्तान में जूडो टूर्नामेंट के दौरान एक जुडोका की सिर में चोट लगने से मौत हो गई। यह घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई प्रतियोगिता के दौरान की है। 20 साल की फिजा शेर अली को 44 किलो वेट कैटगिरी में मैच के दौरान सिर में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

ट्रायल में भाग लेने के लिए आई थी – पाकिस्तान जूडो फेडरेशन के एक अधिकारी के अनुसार फिजा शेर पेशावर में बीएस फर्स्ट ईयर की छात्रा थीं। वह मर्दन में जूडो के लिए ट्रायल देने आई थीं। वह इस खेल में नई थीं। मैच के दौरान उनके सिर में चोट लग गई, जिसके बाद वह नीचे गिर गईं। उन्हें तुरंत मेडिलक स्टाफ ने प्राथमिक उपचार दिया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कुछ महीने पहले इस्लामाबाद में भी टेबल टेनिस खिलाड़ी की हो गई थी मौत – कुछ दिन पहले, इस्लामाबाद में टेबल टेनिस की प्रतियोगिता के दौरान 16 साल की एक लड़की की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। वह ढ्ढञ्जस्न जूनियर टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आई हुई थी।

सिर में चोट लगने से पाकिस्तानी जूडो खिलाड़ी की मौत

कराची । पाकिस्तान के खैबर पख्तूंख्वा की एक युवा महिला मुक्केबाज की प्रतिस्पर्धा के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हो गई। बीस वर्ष की फिजा शेर अली को मरदान में यूथ टैलेंट हंट के दौरान 44 किलोवर्ग के मुकाबले में सिर में चोट लगी थी। पाकिस्तान जूडो महासंघ के एक अधिकारी ने कहा, ह्यह्यवह पेशावर में बीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी और ट्रायल के लिये मरदान आई थी। वह इस खेल में नई थी। उन्होंने बताया कि वह मैच के दौरान तुरंत

गिर गई और फिर उठ नहीं सकी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। इससे कुछ दिन पहले ही 16 वर्ष की एक टेनिस खिलाड़ी की भी आईटीएफ जूनियर मैच के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

पाकिस्तानी मुक्केबाज ने साथी के बैग से पैसे चुराये, फरार

कराची। पाकिस्तान का एक मुक्केबाज अपने साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद इटली में गायब हो गया है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह खुलासा किया। जोहेब रशीद ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनार्मेंट में भाग लेने इटली गया था।

महासंघ के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि उन्होंने इटली में पाकिस्तान दूतावास को इसकी जानकारी दी और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की है।

राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा, जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिये बहुत शर्मनाक है। वह वहां ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनार्मेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम

का हिस्सा था।; जोहेब ने पिछले साल एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नासिर ने बताया कि महिला मुक्केबाज लौरा इकराम अभ्यास के लिये गई थी और जोहेब ने उसके कमरे

की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली। इसके बाद वह होटल से गायब ही हो

गया। उन्होंने बताया, पुलिस को सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है लेकिन वह किसी के संपर्क में नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब पाकिस्तान का कोई खिलाड़ी विदेश जाकर यूं गायब हुआ

पाकिस्तानी मुक्केबाज रशीद साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद लापता

रोम (एजेंसी)। ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने इटली गए पाकिस्तानी मुक्केबाज जोहेब रशीद अपने ही साथी खिलाड़ी के बैग से पैसे चुराने के बाद से लापता है। पाकिस्तान अमैच्योर मुक्केबाजी महासंघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आज यहां बताया कि इटली में पाकिस्तान दूतावास को इस घटना की जानकारी दे दी गई और मामले की पुलिस रिपोर्ट भी की गई है। राष्ट्रीय महासंघ के सचिव कर्नल नसीर अहमद ने कहा, 'जोहेब रशीद की यह हरकत महासंघ और देश के लिए बहुत शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि जोहेब इटली में ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग ले रही पांच सदस्यीय टीम का हिस्सा था। उसने पिछले वर्ष एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नासिर ने कहा कि महिला मुक्केबाज लौरा इकराम अभ्यास के लिए गई थी और जोहेब ने उसके कमरे की चाबी फ्रंट डेस्क से लेकर उसके पर्स से विदेशी मुद्रा निकाल ली और इसके बाद वह होटल से गायब हो गया। उन्होंने बताया, 'पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और उसकी तलाश की जा रही है, लेकिन उसने इस बीच किसी से भी संपर्क नहीं किया है।

कार्यालय विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, सं0–3, पटना,
भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–64/2023–24 सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पी0 आ0 सं0–017262 (BCD) 2023–24 जो विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था, को अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधित किया जाता है:–

कार्य का नामः–SITC V3F Microprocessor Simplex Control System along with ARD, Collective Selective, Fully Automatic Door, 1500 Kg 2 No. Goods lift (G+3) with five year operation & maintenance at VVPAT (Capacity 21000 VVPAT) Phulwarisharif, Patna (Make:- KONE, OTIS, Thyssenkrupp, Johnson, Omega, Schindler).

विवरण	पूर्व में निर्धारित	संशोधित
1.	वर्णित कार्य हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बीड, (SBD) सिस्टम में ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–	वर्णित कार्य हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बीड, (Double Bid) सिस्टम में ऑन लाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–
2.	The Bidder must Submitted annual turn over/ Balance sheet (Certified by C.A.) of last three Years/Engineering setup/Plant & Equipment's/ Financial availabity /Not abandon/Not Litigation/ No Relation/ Bidding Capacity.	The Bidder must Submitted annual turn over/ Balance sheet UDIN सहित (W.e.f. 1 july 2019) (Certified by C.A.) of last three Years/ Engineering setup/ Plant & Equipment's / Financial availabity/ Not abandon / Not Litigation / No Relation/ Bidding Capacity. समरूप कार्य अनुभव प्राप्त निविदाकार को प्राथमिकता दी जाएगी। समरूप कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र कार्यपालक अभियंता के स्तर अथवा समकक्ष से निर्गत होना अनिर्वाय होगा।

कम संख्या–15. भवन निर्माण विभाग के नियमों एवं SBD प्रावधान के तहत ई–निविदा निष्पादन किया जाएगा। जिसके स्थान पर भवन निर्माण विभाग के नियमों एवं Double Bid प्रावधान के तहत ई–निविदा निष्पादन किया जाएगा। पढ़ा जाय। शेष अन्य सभी शर्त्ते यथावत् रहेगी।

(ई0 बलवीर चन्द्र भारती)
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल, सं0–3, पटना

PR- 018913 (BCD) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

वानखेड़े में हो सकता है रणजी ट्रॉफी फाइनल

मुंबई ने 48वीं बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाई

मुंबई (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के 89वें सीजन का फाइनल मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हो सकता है। होम टीम मुंबई ने सेमीफाइनल में तमिलनाडु को हराकर 48वीं बार रणजी के फाइनल में जगह बना ली। वहीं मध्य प्रदेश और विदर्भ टीम के बीच रोमांचक सेमीफाइनल हुआ। वानखेड़े स्टेडियम 2011 का वनडे वर्ल्ड कप फाइनल होस्ट करने के लिए फेमस है। जहां भारत ने श्रीलंका को हराकर ट्रॉफी जीती थी। यहीं क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर अपना आखिरी इंटरनेशनल भी मैच खेला था।

एमसीए अधिकारी फाइनल कराने को तैयार – मुंबइ क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया, वानखेड़े स्टेडियम में ही फाइनल कराने के पूरे चांस हैं। आखिरी डिसिजन सेमीफाइनल के चौथे दिन तक आ जाएगा। एमसीए के सेक्रेटरी अजिंक्य नायक ने कहा, वानखेड़े स्टेडियम मुंबई क्रिकेट का घर रहा है। यहां 50 से ज्यादा सालों से मुंबई के होम मैच हो रहे। टूर्नामेंट की अहमियत और मुंबई क्रिकेट कम्यूनिटी को देखते हुए यहां फाइनल कराना बेस्ट डिसिजन होगा।

तमिलनाडु के कोच बोले, टॉस के कारण हारे – मुंबई ने पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मुंबई तीसरे दिन ही मुकाबला जीतकर फाइनल में

पहुंच गई। शतक बनाने वाले शार्दूल ठाकुर प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

मुंबई के खिलाफ सेमफाइनल में हार के बाद तमिलनाडु के कोच सुलक्षण कुलकर्णी ने कहा कि उनकी टीम टॉस के कारण हारी। अगर कप्तान साई किशोर टॉस जीतने पर पहले बैटिंग नहीं लेते तो सिचुएशन बदल भी सकती थी। मुंबई की पिच पर घास थी, इससे गेंदबाजों को मदद मिली और तमिलनाडु पहली पारी में 146 रन ही बना सका।

मुंबई ने 41 बार जीता है खिताब – मुंबई 48वीं बार रणजी के फाइनल में पहुंचा है, टीम ने 41 बार खिताब जीता है। हालांकि टीम को आखिरी जीत 2015-16 के सीजन में मिली। 2021-22 के सीजन में टीम को मध्य प्रदेश के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।

मध्य प्रदेश से फिर हो सकता है सामना – मुंबई को रणजी ट्रॉफी फाइनल में एक बार फिर मध्य प्रदेश के सामने खेलना पड़ सकता है। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि एमपी टीम विदर्भ को नागपुर में खेले जा रहे दूसरे सेमीफाइनल में हरा दे। सोमवार को मुकाबले के तीसरे दिन तक विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट पर 343 रन बना लिए। टीम की कुल बढ़त 261 रन की हो चुकी है। पहली पारी में मध्य प्रदेश ने 252 और विदर्भ ने 170 रन बनाए थे।

संक्षिप्त समाचार

म्यांमार, बांग्लादेशी शरणार्थियों और मणिपुर से आए लोगों की सहायता जारी रखेगा मिजोरम

आइजोल। मिजोरम सरकार राज्य में शरण लेने वाले म्यांमार, बांग्लादेश और मणिपुर के 42000 लोगों को सहायता उपलब्ध कराती रहेगी। गृह मंत्री के सप्तांगा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि म्यांमार और बांग्लादेश से शरण मांगने वालों और मणिपुर से आने वालों की संख्या में बदलाव जारी है। ऐसे में रोजाना उनका रिकार्ड बनाए रखना कठिन है। गृह विभाग के रिकार्ड के अनुसार, राज्य में मणिपुर से 9,248, म्यांमार से 32,161 और बांग्लादेश से 1,167 लोग आए हुए हैं। एमएनएफ विधायक के लालदवंगलिंगा के प्रश्न का उत्तर देते हुए सप्तांगा ने कहा कि इन लोगों की जितना संभव है उतनी सहायता जारी रखी जाएगी। सप्तांगा ने कहा कि केंद्र ने पूर्ववर्ती मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) सरकार को सहायता के लिए तीन करोड़ रुपये उपलब्ध कराए थे।

लोकसभा चुनाव के लिए बीआरएस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

हैदराबाद। बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर राव ने आगामी संसदीय चुनावों के लिए पार्टी की पहली सूची में चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। घोषित नामों में से बी विनोद कुमार (करीमनगर लोकसभा सीट), नामा नागेश्वर राव (खम्मम लोकसभा सीट), मलोथ कविता (महबूबाबाद लोकसभा सीट) और कोप्पुला ईश्वर (पेद्दापल्ली लोकसभा सीट) को टिकट दिया गया है।

बिस्तर पर खून से सनी पड़ी बीवी-बच्चों की लाशें, किराये के घर पर लटकी मिली पति की लाश

कोट्टायम (केरल)। केरल के पाला से बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां मंगलवार को एक ही परिवार के पांच सदस्य किराए के घर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान 44 वर्षीय जैसन थॉमस, उनकी पत्नी और 10 साल से कम उम्र के तीन बच्चों के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, जैसन को लटका हुआ पाया गया। वहीं, उसकी पत्नी और बच्चों के शव खून के निशान के साथ बिस्तर पर पड़े पाए गए। जैसन नजंडुपारा, अकलाकुन्नम के मूल निवासी थे। वे पूवारानी कोचुकोट्टारम इलाके में एक किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस को संदेह है कि जैसन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद आत्महत्या की होगी।

बीजीपी नेता को आम आदमी पार्टी नेता ने मारी गोली

रायगढ़, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के एक नेता को आम आदमी के नेता गोली मार दी है। यह घटना छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया की बताई जा रही है। घायल भाजपा नेता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं गोलीकांड का आरोपी आप नेता मौके से फरार हो गया है।

बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना आपसी विवाद के कारण हुई है। बतादे कि छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल और भाजपा नेता गोपाल गिरी का किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि आम आदमी पार्टी के नेता अमर अग्रवाल ने भाजपा के नेता गोपाल के ऊपर गोली चला दी है। जैसे ही गोली की आवाज आसपास के लोगों को सुनाई दी।

दुहाई से मोदीनगर नॉर्थ तक नमो भारत रैपिड रेल को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

नई दिल्ली, एजेंसी।
एनसीआर में रहने वालों के लिए गुड न्यूज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेन के दूसरे खंड का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद दुहाई से मोदीनगर उत्तर तक यात्रियों के लिए ट्रेन चलने लगेगी।

प्रधानमंत्री मोदी 6 मार्च को नमो भारत ट्रेन के दूसरे खंड का वर्चुअली उद्घाटन करने जा रहे हैं। आरआरटीएस के मुरादनगर स्टेशन पर कार्यक्रम होगा। ट्रेन 7 मार्च से आम यात्रियों के लिए चल सकती है। इस तरह नमो भारत साहिबाबाद से मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक 34 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर पर चलेगी।

नमो भारत ट्रेन का परिचालन मौजूदा समय में साहिबाबाद से दुहाई डिपो स्टेशन तक चल रहा है। यह 17 किलोमीटर लंबा खंड है। इस खंड में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन हैं। ट्रेन में रोजाना ढाई से तीन हजार यात्री सफर कर रहे हैं। आरआरटीएस का खंड-2 दुहाई से आगे मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक भी तैयार हो गया। इस खंड में मुरादनगर, मोदीनगर दक्षिण और मोदीनगर उत्तर स्टेशन हैं।

एनसीआरटीसी अधिकारियों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके अगले दिन या आठ मार्च को ट्रेन यात्रियों के लिए चलने लगेगी। मुरादनगर स्टेशन पर उद्घाटन कार्यक्रम कराया जाएगा। इसके लिए स्टेशन तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में एनसीआरटीसी के

एमडी विनय कुमार सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

ट्रेन में यात्रा के लिए यात्रियों को टिकट खरीदने के कई विकल्प हैं। स्टेशन पर लगी टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम) में नगद, कार्ड के साथ यूपीआई से भुगतान किया जा सकेगा। इस व्यवस्था से नगदी या खुले पैसे रखने का झंझट खत्म हो जाएगा। उद्घाटन से पहले चीफ मेट्रो रेल सेफ्टी ने कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इसके बाद कॉरिडोर पर ट्रेन परिचालन की मंजूरी दी है। कई मानकों पर रेल सेफ्टी का निरीक्षण किया। इसमें ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और सिग्नल आदि की जांच की गई। मोदीनगर में यात्रियों की सुविधा के लिए मोदीनगर साउथ और मोदीनगर नॉर्थ दो स्टेशन बनाए गए हैं। यहां ग्राउंड लेवल पर स्टेशन में प्रवेश और निकास लिए दोनों ओर एक-एक गेट है। सीढ़ियों के साथ दो-दो एस्केलेटर और एक-एक लिफ्ट लगाई गई है। स्टेशन पर कार्य पूरे हो गए। एस्केलेटर और लिफ्ट लगा दी गई है, लेकिन दोनों स्टेशन के बाहर अभी कार्य चल रहा है। इसे भी जल्द पूरा करने का दावा किया गया है। अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

एनसीआर में आएगी नौकरियों और रोजगार की बहार, यमुना प्राधिकरण बनाएगा 5 औद्योगिक पार्क

नई दिल्ली, एजेंसी। आने वाले सालों में एनसीआर में नौकरियों और रोजगार की बहार आने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की सेक्टर-10 में पांच नए औद्योगिक पार्क विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए प्राधिकरण को शासन से 243.9 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की स्वीकृति मिल गई है। इन प्रस्तावित औद्योगिक पार्कों में लेदर फुटवियर पार्क, सामान और सहायक उपकरण पार्क, प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क, हथकरघा और इलेक्ट्रिक वाहन पार्क विकसित किए जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण के मुताबिक, यह पार्क सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण केंद्रों के अतिरिक्त होंगे। जिन्हें पहले लगभग 500 एकड़ भूमि पर विकसित करने की घोषणा की गई थी। अब इन्हें सेक्टर-10 में 243 हेक्टेयर भूमि में विकसित किए जाने पर मंजूरी मिल गई है। प्राधिकरण बोर्ड की मंजूरी के बाद अब शासन ने भी भूमि की स्वीकृति दे दी है। जिला प्रशासन जल्द जमीन के अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू करेगा।

औद्योगिक पार्कों के लिए वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के तहत संचालित लेदर निर्यात परिषद ने क्षेत्र में लेदर पार्क का प्रस्ताव रखा था, जिसमें चमड़े से संबंधित सामान, जूते और परिधान के निर्माण पर ध्यान केंद्रित था। वहीं, ऑल इंडिया प्लास्टिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने प्लास्टिक प्रसंस्करण पार्क का प्रस्ताव रखा, जिससे क्षेत्र में खुद के उद्योग स्थापित हो सकेंगे। पारंपरिक शिल्प कौशल को समर्थन देने के लिए हस्तशिल्प कल्याण संघ के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। नए क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण पार्क भी होगा, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़े सामान को बनाया जाएगा। इस परियोजना में 15,000 करोड़ रुपये का निवेश आने की उम्मीद है। सेक्टर-10 में दूसरा सेमीकंडक्टर पार्क भी बनेगा - सेक्टर-28 के बाद प्राधिकरण की सेक्टर-10 में एक और सेमीकंडक्टर पार्क विकसित करने की योजना है। इसके लिए एक अमेरिकन कपंनी को भी उत्पादन के लिए एनओसी देने पर विचार किया जा रहा है।

बेटे का बर्थडे मनाया, रात में सबसे की बात; ड्रीमलैंड के मालिक पवन भड़ाना ने किया सुसाइड

नई दिल्ली, एजेंसी। ड्रीमलैंड प्रमोटर एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक और प्रमोटर पवन भड़ाना ने सेक्टर-93 की पार्श्वनाथ सोसाइटी स्थित फ्लैट में पंखे से फंदा लगाकर रविवार रात आत्महत्या कर ली। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। बिल्डर के कर्ज से परेशान होने और मानसिक तनाव में होने की बात सामने आ रही। एसीपी दीक्षा सिंह ने बताया कि ड्रीमलैंड के मालिक पवन भड़ाना सोसाइटी में तीन बच्चों और पत्नी के साथ रह रहे थे। सोमवार सुबह परिवार वालों ने उनके आत्महत्या करने की सूचना दी। सुबह छोटे बेटे ने खिड़की से बिल्डर का शव फंदे से लटका हुआ देखा। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। कंपनी का कारोबार 500 करोड़ रुपये के आसपास बताया जा रहा है। पवन भड़ाना के खिलाफ अलग-अलग थाने में कई केस दर्ज हैं। कुछ समय पहले ही वह जेल से छूटकर जमानत पर बाहर आए थे। पुलिस कई पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। शव को फंदे से परिजनों ने ही उतारा था। ऐसे में पुलिस मृतक के घर वालों से भी जल्द पूछताछ करेगी। परिजन अभी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे कि खुदकुशी का कारण क्या है। करीबियों के मुताबिक पवन हंसमुख स्वभाव के थे। बीते शनिवार को उनके छोटे बेटे शौर्य का जन्मदिन था। उस दिन घर में उत्सव का माहौल था और पवन काफी खुश थे। रविवार रात पवन ने पत्नी और छोटे बेटे से रात 11 बजे बात की और फिर दूसरे कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। पवन ने बेटे को जल्द ही टूर पर ले जाने का वादा भी जन्मदिन पर किया था।

पहली नजर का प्यार, दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर काला जठेड़ी 12 मार्च को शादी करेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर काला जठेड़ी 12 मार्च को शादी करने वाला है। उसकी शादी मैडम मिंज उर्फ अनुराधा से होगी। इसके लिए उसे छह घंटे की पैरोल दी जाएगी। संदीप उर्फ काला जठेड़ी और अनुराधा उर्फ मैडम मिंज के लिए यह पहली नजर का प्यार था। दोनों की मुलाकात 2020 के वसंत के मौसम में हुई थी जब देश में कोरोना महामारी फैली हुई थी। हालांकि यह उनकी परेशानी का इकलौता कारण नहीं था क्योंकि दोनों दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा पुलिस की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल हैं। पुलिस फाइलों में अनुराधा मैडम मिंज और संदीप गैंगस्टर काला जठेड़ी है, जिसके सिर पर उस समय 7 लाख रुपये का इनाम था। दोनों को 2021 में पकड़ा गया था। जठेड़ी तब से सलाखों के पीछे है। हालांकि, अनुराधा को जमानत मिल गई और दोनों ने कानूनी चैनलों के जरिए नियमित मुलाकातों के माध्यम से अपने रोमांस

को बनाए रखा। सोमवार को, द्वारका की एक कोर्ट ने अनुराधा से शादी करने के लिए जठेड़ी को छह घंटे की कस्टडी पैरोल दे दी। जिससे उसकी पांच साल पुरानी मुराद पूरी होने वाली है। फूलों की घाटी की यात्रा के दौरान दोनों के बीच प्यार पनपा, जब दोनों भाग रहे थे। अगले नौ महीनों तक, दोनों मसूरी से देहरादून, रानीखेत और अन्य स्थानों पर घूमते हुए पुलिस के साथ चूहे-बिल्ली का खेल खेलते रहे। उन्हें आखिरकार जुलाई 2021 में सहारनपुर के पास पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हालांकि, अलग-अलग जेलों में बंद होने के बावजूद दोनों का प्यार जिंदा रहा। लॉरेंस विश्नोई ने उनके बीच ग्रेपवाइन (कम्युनिकेशन का अनौपचारिक तरीका) की भूमिका निभाई। कई महीनों बाद अनुराधा को जमानत मिल गई और फिर उनकी लगातार मुलाकात होने लगीं।जठेड़ी और मैडम मिंज की प्रेम कहानी से परिचित लोगों का कहना है कि अनुराधा जिस सहजता से धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलती थी और कलाश्निकोव से गोलियां दागती थी, उससे जठेड़ी उसपर लट्टू हो गया। एक वरिष्ठ पुलिसकर्मी जिसकी टीम ने 2021 में जठेड़ी और अनुराधा का पता लगाया था, उन्होंने कहा, अनुराधा के लिए, जीवन उसके पूर्व मित्र - खूंखार गैंगस्टर आनंदपाल की मौत के साथ खत्म हो गया था। वह 2017 में एक पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। अनुराधा तब आनंदपाल के प्रतिद्वंद्वी, राजू बसोदी के रडार पर आ गई थी। यह तब था जब गैंगस्टर बलबीर बानूदा ने उसे सपोर्ट दिया था। 2019 तक, वह बिश्नोई के संपर्क में आ गई और अंततः जठेड़ी से उसकी दोस्ती हुई। अनुराधा राजस्थान के सीकर के अल्फासर गांव के एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती है। पुलिस अधिकारी ने कहा, जब वह बहुत छोटी थी तभी उसकी मां की मौत हो गई।

इजराइल ने हमास से अपहरण किए गए लोगों के बारे में जानकारी मांगी

तेल अवीव , एजेंसी।
द होस्टेस एंड मिसिंग फैमिली फोरम ऑफ इजराइल ने मांग की है कि संघर्ष विराम के लिए बातचीत को तेज किया जाए और अपहरण किए गए लोगों के बारे में जल्द से जल्द जानकारी जुटाकर सार्वजनिक किया जाए। 7 अक्टूबर 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला करने के बाद कई लोगों को बंधक बना लिया था। हमास के एक वरिष्ठ अधिकारी बसेम नईम ने एक इंटरव्यू में कहा कि बंधकों को अलग-अलग समूहों में कैद कर रखा गया है। अब हमास के पास इसकी जानकारी नहीं है कि कितने लोग मारे जा चुके हैं और कितने जिंदा हैं। नईम ने मीडिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि अपहरण किए गए लोगों के बारे में जानकारी बहुत मूल्यवान है और इसे मुफ्त में किसी के भी साथ साझा नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि कैदियों की स्थिति के बारे में जानकारी तब जुटाई जा सकेगी, जब सीजफायर होगा। कैदी के सबसे करीबी ऑलिव मोस्ले ने आईएएनएस से बातचीत के दौरान कहा, हमास के

अधिकारी का यह बयान बेहद ही खौफनाक है। हम अपने सभी प्रियजनों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमें नहीं पता है कि वह जिंदा लौटेंगे या नहीं। उन्होंने इजराइल सरकार से आह्वान किया कि वह गाजा और कैदियों की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाकर सार्वजनिक करे। इजराइली इंटेलिजेंस एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम 134 लोग हमास की कस्टडी में हैं और उनमें से 32 मारे जा चुके हैं। हमास द्वारा मृत और जिंदा कैदियों के बारे में जानकारी नहीं दिए जाने के बाद इजराइल ने संघर्ष विराम से पहले शांति स्थापित करने के लिए चल रही वार्ता से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं।

फ्रांस में महिलाओं को दिया गया गर्भपात का संवैधानिक अधिकार, ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश

पेरिस, एजेंसी।
फ्रांस दुनिया का ऐसा पहला देश बन गया है जिसने गर्भपात के अधिकार को अपने संविधान में जगह दे दी है। बता दें कि दुनियाभर एंटी अबॉर्शन ग्रुप इस फैसले का विरोध कर रहे थे। बावजूद इसके मैक्रों की सरकार ने सख्ती दिखाई और बड़ा फैसला ले लिया। फ्रांस की संसद में इस विधेयक के पक्ष में 780 वोट पड़े। वहीं

विरोध में केवल 72 वोट ही पड़े। बहुत सारे अबॉर्शन राइट्स ऐक्टिविस्ट पैरिस में इकट्ठा हुए थे और इस फैसले का स्वागत कर रहे थे। अगर सर्वे की बात करें तो अमेरिका और अन्य किसी भी देश से ज्यादा गर्भपात के अधिकार को फ्रांस में समर्थन मिला। यहां करीब 80 फीसदी लोगों ने इस अधिकार को सही माना। फ्रांस के प्रधानमंत्री गैब्रिएल अटाल ने कहा, हम सभी महिलाओं को एक संदेश दे रहे हैं। आपका शरीर सिर्फ आपका है। इस बारे में फैसला लेने के अधिकार भी आपके अलावा और किसी को नहीं है।

बता दें कि फ्रांस में महिलाओं को गर्भपात का कानूनी अधिकार 1974 से ही मिला हुआ है। अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में रो वी वेड के फैसले को पलटते हुए गर्भपात के कानूनी अधिकार को खत्म कर दिया था। सीएनएन के मुताबिक फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उन्होंने पहले ही महिलाओं से वादा किया था कि वे गर्भपात के लिए संवैधानिक अधिकार देंगे। इस संशोधन विधेयक में कहा गया है कि फ्रांस में गर्बपात की गारंटी के साथ स्वतंत्रता है। बताया जा रहा है कि फ्रांस की सरकार महिला दिवस के मौके पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगी और इस फैसले का जश्न मनाएगी। फ्रांसीसी वामपंथी इसे अपनी बड़ी जीत मान रहे हैं। कैथोलिक चर्च ने भी इस विधेयक का विरोध किया था।

हमास ने किए रेप, गाजा में भी बंधकों की इज्जत लूटी

यूएन की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

गाजा, एजेंसी।
हमास को लेकर यूएन यानी संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 7 अक्टूबर को हुए हमलों के दौरान कई बलात्कारों भी हुए थे। इतना ही नहीं साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा ले जाए गए बंधकों के साथ भी रेप किया गया था। 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हमला कर दिया था। तब से ही दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, संघर्ष में यौन हिंसा पर यूएन की विशेष प्रतिनिधि प्रमिला पैटन ने इजरायल और वेस्ट बैंक का दौरा किया था। वह फरवरी में करीब ढाई सप्ताह के लिए इन क्षेत्रों में अन्य एक्सपर्ट्स के साथ पहुंची थीं। उन्होंने पाया कि इस बात के स्पष्ट जानकारी थी कि कुछ बंधकों के साथ बलात्कार किया गया है।

उन्होंने पाया कि यह भी माना जा रहा है कि ऐसी हिंसा उन लोगों के साथ अब तक जारी है, जो बंधक बने हुए हैं। खास बात है कि इजरायल ने हमास पर 7 अक्टूबर को बलात्कार और यौन हिंसा के भी आरोप लगाए थे। वहीं, इन मामलों पर धीमी प्रतिक्रिया देने के लिए यूएन को भी खासी आलोचना का सामना करना पड़ा था। रिपोर्ट में कहा गया है, गाजा क्षेत्र में हमास और अन्य सशस्त्र बलों की तरफ

से आम जनता और सैन्य के खिलाफ हुए हमलों के संदर्भ में मिशन की टीम को पता चला है कि यहां यह मानने का आधार है कि 7 अक्टूबर को कई स्थानों पर रेप और गैंगरेप समेत संघर्ष संबंधित यौन हिंसा हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये घटनाएं तीन जगहों पर हुई हैं। इनमें नोवा म्यूजिक फेस्टिवल, रोड 232 और किब्बूत्ज रीम शामिल है। रिपोर्ट में जानकारी दी गई है, इनमें से अधिकांश घटनाओं में पीड़ितों के साथ पहले बलात्कार किया गया और बाद में उन्हें मार दिया गया। ऐसे दो मामले भी हैं, जहां महिलाओं के शवों के साथ बलात्कार किया गया है।

ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत, रिपब्लिकन पार्टी में प्राथमिक चुनाव जीतकर बनाया इतिहास

वॉशिंगटन, एजेंसी। निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है। वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं।

निक्की हेली की पहली जीत

अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129